ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● माघ कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 11 जनवरी 2023 ● वर्ष-23 ● अंक-336 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



सिद्धार्थ-रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव को सीएम समेत अन्य ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 11वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, बादल सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जस्टिस शाहदेव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखंड आंदोलन को उन्होंने बिना किसी दल के बंधन में बंधे हुए अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आनेवाली पीढ़ियों को उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जस्टिस शाहदेव ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### टांगी से वार कर वृद्धा की हत्या

**चैनपुर/गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग पंचायत के टोंगो सरना टोली में वृद्ध महिला की टांगी से वार कर हत्या कर दी गयी। मृतका की पहचान उर्सला एक्का पति मिलक्यूस एक्का उम्र 69 के रुप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया।

### झारखंड ने केंद्रीय टीम से सवा नौ हजार करोड़ की मांगी सहायता

**रांची।** राज्य में सूखे से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की संयुक्त सचिव एस रुकमणी के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय के नेपाल हाउस स्थित योजना एवं विकास विभाग के सभागार में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इधर, राज्य के विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के लगभग 21 लाख किसान परिवार सूखे से प्रभावित हैं जिसके लिए उन्होंने सवा नौ हजार करोड़ रुपये की सहायता की मांग की है।

### जेल से रिहा हुए चंदा कोचर और उनके पति

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक-वीडियोकॉन लोन फ्रॉड केस में जमानत मिलने के बाद आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर चंदा कोचर को मुंबई में जेल से रिहा कर दिया गया है। गत 9 जनवरी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक को जमानत दे दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए टिप्पणी की थी कि इनकी गिरफ्तारी कानून के मुताबिक नहीं हुई है। अदालत ने गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत का आदेश दे दिया।

### इंतजार करते रहे 54 पैसेंजर, दिल्ली रवाना हो गई फ्लाइट

**बेंगलुरू।** यहां केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ जिसके बारे में शायद कभी किसी ने नहीं सोचा होगा। ग्राउंड स्टाफ और क्रू मेंबर्स के बीच गलतफहमी हो गई और इस वजह से 54 यात्रियों को छोड़कर ही फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हो गई। जिस समय फ्लाइट ने उड़ान भरी, उस वक्त 54 यात्री बस में फंसे हुए थे। हालांकि, एयरलाइन ने अपनी गलती को माना और सभी यात्रियों को दूसरे विमान से दिल्ली भेजा। बेंगलुरु के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ये घटना सोमवार की सुबह 5.45 मिनट पर हुई।

## कैबिनेट : 31 प्रस्ताव पास

### मदरसा और संस्कृत स्कूलों की अनुदान राशि दोगुनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

***मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें विकास और कल्याण से संबंधित कुल 31 प्रस्तावों पर सहमति जताई गयी। बैठक के बाद पत्रकारों को कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने विस्तार से कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुदान श्रेणी के मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को अब दोगुना अनुदान मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट के पास भेजा था जिसे मंजूरी मिल गयी है।***

फैसले के बाद राज्य के 33 संस्कृत विद्यालय और 46 मदरसों को दोगुना अनुदान का लाभ मिलेगा। अनुदान मिलने से इन संस्थानों के तकरीबन दो हजार शिक्षकों-कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इन संस्कृत स्कूलों और मदरसा को अब तक 1.80 लाख रुपये हर वर्ष मिलते थे। मंगलवार को कैबिनेट की स्वीकृति मिलने पर अब उन्हें 3.60 लाख रुपये अनुदान मिलने लगेंगे। यह राशि प्राइमरी व मिडिल स्तर के संस्थानों के लिए निर्धारित की गई है। वहीं, प्राइमरी सह हाई स्कूल स्तर के जो संस्कृत विद्यालय और मदरसा हैं, उन्हें अब तक 3.62 लाख रुपए मिलते थे, लेकिन अब 7.20 लाख रुपए मिलने लगेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना की स्थिति में मृत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व से संचालित अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना को झारखंड के प्रवासी श्रमिकों के सामान्य मृत्यु की स्थिति में इस योजना का लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखंड रांची में निदेशक के पद पर संविदा के आधार पर डॉ. एके बापुली को नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।

### मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

- झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दूरभाष प्राधिकार द्वारा अनुमान्य निःशुल्क कॉल संख्या के अलावे 1500 रुपये तक निःशुल्क कॉल की सुविधा प्रदान की गयी है।
- झारखंड कस्टम मिल्ड राईस (दायित्व एवं नियंत्रण) संशोधित आदेश 2020 से संबंधित निर्गत अधिसूचना में आंशिक संशोधन करने की स्वीकृति।
- लघु खनिजों की नीलामी के लिए एमएसटीसी लि. को ई-नीलामी प्लेटफॉर्म सेवाएं के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड भूतात्विक सेवा नियमावली, 2011 में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी।
- राजस्व पर्षद, रांची के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त विशेष सरकारी वकील के शुल्क निर्धारण/पुनरीक्षण की स्वीकृति।
- शैक्षणिक सत्र 2013-14 में कक्षा 1 से 8 के लिए मुद्रित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के मुद्रकों को 16.519 करोड़ की भुगतान की मिली स्वीकृति।
- झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली, 2018 सह पठित झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली, 2019 में आंशिक संशोधन करते हुए झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली, 2022 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन के लिए मंत्रिपरिषद् की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- राज्य के न्यायिक पदाधिकारियों का 01.01.2016 के प्रभाव से पेंशन पुनरीक्षण की स्वीकृति।
- 01.01.2016 के पूर्व अवकाश प्राप्त न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के पेंशन, पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण की स्वीकृति।
- उद्योग सेवा के कर्मियों की भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए झारखण्ड उद्योग सेवा संवर्ग संशोधन नियमावली-2023 की दी गयी स्वीकृति।
- राज्य अंतर्गत विभिन्न थाना के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण करने की स्वीकृति दी गई।




- रांची के नगड़ी में 6.69 एकड़ भूमि के लिए देय राशि 16,36,31,843/- के साथ स्थायी भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति।
- बोकारो जिला के चास अंचल से 0.077 एकड़ भूमि के लिए देय राशि 10,51,216/- के साथ रेलवे को लाईन दोहरीकरण के लिए स्थायी भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- देवघर के मोहनपुर में 5.399 एकड़ भूमि के लिए देय राशि 15,56,24,319 / के साथ रेलवे को लाईन निर्माण के लिए स्थायी भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- धनबाद नगर निगम अंतर्गत पथ प्रमंडल, धनबाद के अंतर्गत 13.71 किमी तक के राइडिंग क्वालिटी में सुधार और मजबूतीकरण के लिए 36,93,42,700/- रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमंडल, गिरिडीह अन्तर्गत सरिया एसएच-14 पर 44.46 किमी. राइडिंग क्वालिटी में सुधार के लिए 25,20,85,500/- रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्यान्तर्गत संचालित निजी एवं सरकारी बीएड महाविद्यालयों में (नामांकन एवं शुल्क निर्धारण) के संचालन के लिए परिनियम-2020 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में, संशोधित कानून विवि और महाविद्यालयों में शिक्षकों, अधिकारियों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में मानकों के रख-रखाव के उपाय-2022 से प्रतिस्थापन की स्वीकृति दी गई।
- दुमका के गोपीकान्दर अंचल अन्तर्गत उरमा पहाड़ीटोला कोल ब्लॉक के अन्तर्गत 530.650 हेक्टेयर पर दो वर्षों के लिए कोयला खनिज के लिए पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति की स्वीकृति दी गई।
- पंचम झारखंड विधान सभा का दशम (शीतकालीन) सत्र के सत्रावसान हेतु मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।
- केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 336 पथों एवं 143 पुलों के निर्माण हेतु स्वीकृत 2308.29 करोड़ रुपए के अतिरिक्त 429 करोड़ रुपए की स्वीकृति राज्यांश मद से करने की स्वीकृति दी गई।
- सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत 10.90 किमी. लंबी सड़क की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 37,23,77,700/- रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमंडल, चाईबासा अन्तर्गत 60 किमी. दो लेन सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 116,87,75,000/- रुपये तृतीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड विस सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गई अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान के लिए गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का भूतलक्षी प्रभाव से अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- प्री बजट संगोष्ठी आयोजन के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ. हरिश्वर दयाल, एसोसिएट प्रोफेसर-सह-विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, संत जेवियर कॉलेज, रांची एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर ज्ञान साथी के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।
- दुमका जिलान्तर्गत 7.006 किमी. लंबी सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 25,36,82,000/- रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

## पहले वनडे में भारत की दमदार जीत

### श्रीलंका को 67 रन से दी मात, कोहली ने जमाया 45वां शतक



**एजेंसी। गुवाहाटी**

विराट कोहली के कैरियर के 45वें शतक (87 गेंदों पर 113 रन) की बदौलत टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में दमदार जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने श्रीलंका को 67 रन से मात देकर साल का पहला वनडे जीत सीरीज की शानदार शुरुआत की। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 12 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 306 रन ही बना सकी। उसके कप्तान दसुन शनाका (108) ने दूसरा वनडे शतक जमाया। उन्होंने 9वें विकेट के लिए कसुन रजिथा के साथ 73 गेंदों पर 100 रन की साझेदारी कर हार के अंतर को कम किया।

### भाजपा नेता को मारी गोली, गंभीर

**गुमला।** जिला के पालकोट मुख्यालय में सोमवार की रात बेखौफ अपराधियों ने दुःसाहस का परिचय देते हुए जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मंत्री सह भाजपा पालकोट मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुमित केशरी को उनके ब्रिक्स प्लांट से पहले हथियार के बल पर अपहरण किया। इसके बाद कर मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर रोकेडेगा मोड़ पर गोली मार दी और पत्थर से कूचकर हत्या का प्रयास किया। अपराधियों ने सुमित को मरा समझ कर मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुन कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पालकोट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमित केशरी को लेकर सीधा सदर अस्पताल गुमला पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। (पेज-6 भी देखें)

## सीएम ने हमीन कर बजट पोर्टल का किया उद्घाटन



### मोबाइल एप्प की भी हुई लॉन्चिंग

### अब आम नागरिक भी बजट से संबंधित भेज सकेंगे सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का उद्घाटन किया। इस पोर्टल एवं मोबाइल एप्प के माध्यम से झारखंड के आम नागरिक भी अब आगामी राज्य बजट 2023-24 से संबंधित अपना महत्वपूर्ण सुझाव राज्य सरकार को भेज सकेंगे। बजट 2023-24 में राज्य का बजट कैसा होना चाहिए, इस निमित्त अपना महत्वपूर्ण सुझाव 20 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट के माध्यम से भेज सकेंगे।

## बंद घर से 23 लाख के गहने उड़ा ले गये चोर

### ढ़ाई लाख नगद की भी चोरी, शादी के लिए रखे थे गहने

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में हाल के दिनों में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ी है। ताजा मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू हाउसिंग कॉलोनी का है जहां चंदन सिंह नाम के व्यक्ति के घर में शादी के लिए रखे ढाई लाख नगद और 23 लाख रुपये के जेवरात की चोरी कर ली गयी। रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी के एच-166 के रहलेवाले चंदन कुमार सिंह ने बताया कि उनके बड़े भाई की बेटी की शादी हजारीबाग में होनी तय हुई है। 30 जनवरी को शादी होनी है। भाई के कहने पर ही पूरा परिवार कई दिनों से शादी की खरीदारी में व्यस्त था। शादी के काम को लेकर ही परिवार के कुछ लोग हजारीबाग चले गये जबकि उनकी पत्नी सोमवार की शाम छह बजे चुटिया थाना क्षेत्र स्थित अपने मायके चली गई। रात के 10 बजे जब चंदन सिंह और उनकी पत्नी घर वापस लौटे तो देखकर चौंक गए। घर के मुख्य द्वार से लेकर कमरे तक के सभी ताले टूटे थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। परिवार का ध्यान सबसे पहले शादी के गहनों पर गया। अलमीरा में रखे गये गहने, शादी की साड़ियां सहित अन्य सामान भी गायब थे। चंदन सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी के गहने भी चोर अपने साथ लेकर चले गए।

सेना के खिलाफ ट्वीट

### बढ़ सकती है शेहला राशिद की मुश्किलें

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जेएनयू छात्र संघ की पूर्व उपाध्यक्ष और आइसा की सदस्य शेहला राशिद शोरा के खिलाफ विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और सद्भाव को बिगाड़ने में लिप्त होने के उद्देश्य से भारतीय सेना के बारे में दो ट्वीट करने के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान कर दी है। आईपीसी की धारा 153ए, पीएस-स्पेशल सेल, नई दिल्ली के तहत अधिवक्ता अलख आलोक श्रीवास्तव द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी। ज्ञात हो कि यह प्रस्ताव दिल्ली पुलिस द्वारा लाया गया और गृह विभाग, जीएनसीटीडी द्वारा इसका समर्थन किया गया।

तैयारी

### 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों को मिली हरी झंडी

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में देखिए देवघर की झांकी

### गणतंत्र दिवस परेड में देवघर के वैद्यनाथ धाम परिसर की दिखेगी झांकी

### झांकी में धरती आबा बिरसा मुंडा, सोहराई पेंटिंग एवं पाइका नृत्य की भी मिलेगी झलक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड सहित 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। केंद्र सरकार ने इसके लिये सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन हेतु चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नयी दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है एवं पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।



**झारखंड की झांकी का चयन गर्व की बात :** नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर निकलनेवाली झांकियों में झारखंड की झांकी का चयन होना राज्य के लिए गर्व की बात है। यहां के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दिशा में काफी मेहनत से कार्य किया है। झारखंड सरकार द्वारा देवघर स्थित बाबा धाम परिसर के प्रारूप को काफी बेहतर ढंग से दिखाया गया, साथ ही देवघर में हो रहे विकास कार्यों को भी इसमें दर्शाया गया है। वहीं, यहां की प्राचीन कला एवं धरती आबा बिरसा मुंडा के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके फलस्वरूप झारखंड की झांकी का चयन हुआ।

### झांकी में वैद्यनाथ धाम के होंगे दर्शन

*झारखंड की झांकी में देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम परिसर का प्रारूप प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही झांकी के आगे भगवान बिरसा मुंडा को दर्शाया गया है। झांकी के साइड पैनल पर झारखंड की आदिवासी कला सोहराई पेंटिंग दर्शायी जाएगी। झांकी के साथ पाइका नृत्य कर कलाकार राजपथ की शोभा बढ़ाएंगे।*

## आज के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं : राहुल गांधी



**एजेंसी। कुरुक्षेत्र/अम्बाला**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसी का नाम न लेते हुए मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं और हाथ में लाठी लेकर शाखा लगाते हैं। उनकी तरफ देश के 2-3 अरबपति खड़े हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि इन अरबपतियों के लिए सरकार ने नोटबंदी और गलत जीएसटी व्यवस्था लागू की। उन्होंने गलत जीएसटी और किसान विधेयक को इस धरती के तपस्वियों से चोरी करने की संज्ञा दी। मोहढ़ा मुलाना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने हरियाणा में यात्रा को खास बनाने के लिए प्रदेशवासियों का धन्यवाद किया। कहा कि यह धरती महाभारत की धरती है। जो लड़ाई उस समय थी, वही लड़ाई आज है। पांडव तपस्वी थे।

उन्होंने इस धरती पर नफरत नहीं फैलाई। महाभारत में एक तरफ पांच तपस्वी थे, दूसरी तरफ भीड़ वाला संगठन था। पांडवों ने भी अन्याय के खिलाफ काम किया था। 21वीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं और हाथ में लाठी लेकर शाखा लगाते हैं। उनकी तरफ हिन्दुस्तान के 2-3 सबसे अमीर अरबपति खड़े हैं। राहुल ने किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों तथा महिला किसानों से भी मुलाकात की। हरियाणा के किसान नेताओं ने गांधी को बताया कि विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस विधायक दल की ओर से किसान आंदोलन में शहीद हुए हर किसान के परिवार को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है।

NEWS इन ब्रीफ

### बराइक सीसी ने जस्टिस ग्रीन को 3 विकेट से हराया

**रांची।** गोलचक्कर मैदान में खेले जा रहा सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट मे आज बराईक सीसी ने जस्टिस सीसी को 3 विकेट से हरा कर पूरे हासिल किए जस्टिस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.3 ओवर मे 180 रन बनाकर ऑल आउट हो गई उज्जवल ने 37 सौरव ने 37 आशीष 35 और निशांत ने 22 रन बनाए शाकिर ने 36 रन देकर 4 आदित्य ने 28 रन देकर 3 और अकरम ने 43 रन देकर 2 विकेट लिए जवाब मे बड़ाइक सीसी ने 29.3 ओवरों मे 7 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### कड़ाके की ठंड में मुरी ओपी ने कंबल का किया वितरण

**मुरी।** मुरी ओपी के द्वारा क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कमल का वितरण गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच किया गया। जिसमें पिस्का जारु छोटा मुरी बड़ा मुरी आदि गांव में किया गया। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है जहां गरीब असहाय व्यक्तियों को रहने का घर नहीं है, वह अपना जीवन कष्ट में बिताते हैं। ठंड के कारण उनकी मौत हो जाती है। इसे देखते हुए क्षेत्र में असहाय के बीच कमल का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान में मुरी ओपी के सौरभ शर्मा मुन्ना सिंह आशीष रंजन आदि जवान उपस्थित थे।

### रवींद्रनाथ कुमार बने रांची जिला अध्यक्ष

**मुरी।** सिल्ली प्रखंड के बड़ा मुरी निवासी रवींद्रनाथ कुमार को भागीदारी पार्टी (पी)के झारखंड प्रदेश शाखा का रांची जिला के लिए जिला अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने दी। यह बैठक पिछले 9 जनवरी को रांची संग्रहालय में बैठक कर आयोजन किया गया था। जिसमें इनका चुनाव कर किया गया। इस संबंध में श्री कुमार ने कहा कि मैं इस पद के लिए सर्वसम्मति से चुन कर आया हूं और लोगों का इमानदारी पूर्वक सेवा करूंगा।

### चोरों ने ताला तोड़कर की घर में चोरी

**रातू।** रातु थाना क्षेत्र के झिरी आनंद नगर में चोरों में एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात झिरी आंनद निवासी आलोक कुमार के घर के मुख्य दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर लोहे की रॉड से अलमीरा तोड़कर उसमें रखे कान की बाली, पायल, बिझिया व नकद 15 हजार रुपया लेकर फरार हो गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी आलोक कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रातु थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### अंतर महाविद्यालय साइकिल रेस का किया गया आयोजन

# खेल भावनाओं के साथ खेलें छात्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी ।** रांची विश्वविद्यालय के सौजन्य से राम टहल चौधरी महाविद्यालय दडदाग में अंतर महाविद्यालय साइकिल रेस चयन ट्रायल का आयोजन मंगलवार को किया गया। 15 किलोमीटर साइकिल रेस ट्रायल मे बालक वर्ग में प्रथम स्थान संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय के छात्र प्रेम किशन महतो, द्वितीय स्थान रांची यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग के छात्र उपेंद्र भारती और तृतीय स्थान रामटहल चौधरी महाविद्यालय दडदाग का छात्र कमलेश कुमार जबकि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सीमा कुमारी, व्दितीय स्थान समिला कुमारी और तृतीय स्थान सविता कुमारी ने लिया। ट्रायल चयन में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र छात्राओं को राम टहल चौधरी महाविद्यालय के निदेशक डॉ. पारसनाथ महतो के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. पारस नाथ महतो ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में भाग लेना भी एक स्पर्धा है। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अपने कॉलेज और जिला राज्य एवं देश का नाम रौशन करने के उद्देश्य से खेलने की जरूरत है और जो छात्र-छात्राएं स्थान प्राप्त नहीं कर सकी हैं। उन्हें भी हताश और निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से खेल मैदान में इससे भी ज्यादा तैयारी के साथ आने की आवश्यकता है। जिससे उसमें भी खेल के प्रति रुचि और खेलने की ललक झलक सके और हर खेल में स्थान लाकर अपना जगह बना सके। मौके पर मुख्य रूप से महाविद्यालय के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो, प्राचार्य बृजभूषण नीरज सहित छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का सर्वेक्षण जल्द हो : डा. प्रदीप

**ओरमांझी।** सरकार राज्य में निवास करने वाले पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का सर्वेक्षण अभिलंब कराय और स्थानीय नीति जल्द से जल्द लागू करने की दिशा मे आगे बढे। उक्त बातें सदान विकास पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार ने कहा है। आगे डा. प्रदीप कुमार ने झारखंड सरकार से मांग की है कि झारखंड के युवाओं के हित को देखते हुए सरकार राज्य में निवास करने वाले पिछड़ी जातियों का सर्वेक्षण अभिलंब कराये। राज्य में स्थानीय नीति लागू करने के दिशा में आगे बढ़े और राज्य के स्थानीय लोगों को उसका हक दे। नियोजन नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सभी कदम युद्ध स्तर पर उठाते हुए नियोजन नीति की मांग को पूरा करें। पिछड़ी जातियों की जनगणना आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति, के आधार पर जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में आवश्यक पहल किया जाए और सदानआयोग का गठन बजट सत्र से पूर्व पूरा करते हुए सदानों, पिछड़ी जातियों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करें।

# अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पतराहातू में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीणोद्धार कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अस्पताल के बन जाने से क्षेत्र के आसपास की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे आपात स्थिति में गंभीर मरीजों लाभ मिलेगा। अस्पताल के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा साथ ही पूरे विधानसभा में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं अस्पताल में छोटी बड़ी ओटी सेवाओं आदि सुविधाएं होगा।इस मौके पर संजय सिद्धार्थ, डॉ पी के रॉय, विजय चंद्र महतो ,भूपेंन भगत, धीरज साहू मनोज कुमार दास, महादे० स्वासी, रितु पूर्ण सिंह मुंडा, मुकेश साहू, प्रदीप कुमार मांझी, धीरज साहू ,विमला देवी, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झामुमो ने सिल्ली प्रखंड में पांच पंचायत में कमेटी का किया गठन

**सिल्ली।** सोमवार को झामुमो सिल्ली प्रखंड ने नीलगिरी पार्क पतराहातू में सिल्ली प्रखंड अंतर्गत दोवाडु पंचायत ,पतराहातू ,बड़ा चांगड्डु, बंता उतरी और बंता दक्षिणी कमेटी का गठन रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया एवं सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका के नेतृत्व में किया। रांची उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने कमेटी गठन के दौरान पार्टी के सिद्धांत के बारे में विस्तृत चर्चा किया तथा सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांत को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करने को कहा। वही प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका महतो ने संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# साइंस व क्राफ्ट एक्जीविशन पर अभिभावकों ने बच्चों व स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में साइंस-क्राफ्ट एकजीवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने फीता काटकर किया।स्कूल की शिक्षक व छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत नृत्य संगीत के साथ पारम्परिक रीति से करते हुए मंच तक लाया। अतिथियों को बैच लगाकर, माला पहनाकर, बुके के साथ अंग वस्त्र देकर सम्मानित व स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों को बच्चों ने अपनी प्रदर्शनी की सारी जानकारियां दी साथ ही जो एक समय व्यक्ति के लिए सबसे ज्यादा उपयोगी व आवश्यक होता था उन विलुप्त हो चुकी वस्तुओं- कुआं से पानी भरने के लिए कुंड,ढ़िबरी(दिया), लालटेन, रेडियो, पीएनटी फोन, ढोंगरा फोन, पटिया, तीर कमान, तलवार सहित अन्य चीजों की प्रदर्शनी लगाई जो काफी सराहनीय प्रयास रहा। पूर्व शिक्षक निरंजन शाही ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का आयोजन से बच्चों का मनोबल और प्रतिभा का विकास होता है टांगर के इस स्कूल में आज का आयोजन वास्तव में सराहनीय है। आदर्श ग्रामीण विद्यालय के आयोजन से दूसरे स्कूल भी प्रेरणा लें, ये सुखद बात होगी। मुख्य अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने अपने सम्बोधन में छात्रों एवं अभिभावकों को कहा कि आपने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस विद्यालय का चयन कर आज जरुर गर्व महसूस कर रहे होंगे। इस प्रकार के कार्यक्रम से वो भी अभिभावकों की उपस्थिति में अपनी कला को दिखाने पर बच्चों को हौसला मिलता है। बच्चों को उत्साहित करने की जरूरत है। पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोरनाथ शाहदेव ने शहरों में ऐसा आयोजन तो होता रहता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में भी अब इस प्रकार का आयोजन होने लगा है जो बताता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कैसा बदलाव हो रहा है, इसका उदाहरण यह स्कूल है।बच्चों ने अपनी साइंस एंड क्राफ्ट के साथ ही अपनी नृत्य संगीत की जबरजस्त प्रस्तुति से सभी उपस्थित अतिथियों को आनन्दित कर दिया।

# थाना समाधान दिवस: अफसरों ने सुनी फरियादियों की शिकायतें



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान थानों पर उदासीनता का माहौल दिखा। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्ता जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े।थाना प्रभारी प्रभारी आकाश दीप ने फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना। वहां मौजूद संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।थानों पर केवल एक से दो शिकायतें पहुंची जिनका समाधान कर दिया गया। इस मौके पर एस आई अनूप टोपनो, मुखिया भरत मुंडा, हरिपद मांझी , शर्मिला कुमारी, सुजीत सोनार,मनोज विश्वकर्मा प्रकाश मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बारीडीह सिकिदिरी रोड किनारे से अज्ञात चोरों ने अपने रिश्तेदार के यहां आए चैता महतो पिता चुटू महतो, ग्राम बोगासौरी, प्रखंड दुलमी, थाना रजरप्पा निवासी का मोटरसाइकिल को उसका भाई मोहन महतो लेकर अपने रिश्तेदार कालेश्वर महतो के यहां आए थे और मोटरसाइकिल को सड़क के ऊपर टाड में खड़ा करके कालेश्वर महतो के घर गया। लगभग 10 मिनट के बाद आया तो देखा कि मोटरसाइकिल नहीं है। जिससे मोहन महतो ओरमांझी थाने में अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस नंबर जेएच 01 डीयू/ 6404 की चोरी होने की सन्हा ओरमांझी थाना में दर्ज कराया है। मोहन महतो ने इस संबंध मे बताया कि मोटरसाइकिल की डिक्की में मेरा, मेरी पत्नी और बेटी का एवं विद्यालय प्रबंध समिति का बैंक पासबुक सहित कई जरूरी कागजात थे।

# 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई बोर्ड की तर्ज पर दी जाएगी शिक्षा

### शिक्षकों को हैप्पीनेस करिकुलम पर हर्ष जोहार के तहत मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य में शुरू होनेवाले 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएससी की तर्ज पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 से पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने तैयारी पूर्ण कर ली है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से 48 विद्यालयों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 32 विद्यालयों का निर्माण अंतिम चरण में है, जो मार्च 2023 तक पूरा हो जाएगा। यही नहीं अप्रैल से प्रारंभ होनेवाले शैक्षणिक सत्र से सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन सीबीएसई की संबद्धता के साथ की जाएगी। राज्य के 24 उत्कृष्ट विद्यालयों का सीबीएसई से संबद्धता हेतु आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सीबीएसई द्वारा संबद्धता प्रदान कर दी गई है। शेष 56 उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए सीबीएसई से संबद्धता हेतु आवेदन समर्पित कर दिया गया है। इन विद्यालयों को भी शैक्षणिक सत्र 2023-24 से संबद्धता के लिए आवश्यक सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी करते हुए संबद्धता प्राप्त हो जाएगी। जनवरी 2023 में सीबीएसई द्वारा सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सीबीएसई के अनुरूप विद्यालय संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

**शिक्षकों को हैप्पीनेस करिकुलम पर प्रशिक्षण :** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय एवं 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों हेतु हर्ष जोहार कार्यक्रम बच्चों को हैप्पीनेस करिकुलम के आधार पर शिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है तथा हर्ष हैप्पीनेस करिकुलम तैयार किया गया है। विद्यालयों में यह 27 जनवरी से प्रारंभ होगा।

## समाहरणालय, सिमडेगा।
## (आपूर्ति शाखा)

### ।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

**मुफ्त खाद्यान्न वितरण**

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखण्ड राँची द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में **सिमडेगा जिला** अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत आच्छादित (लाल राशन कार्ड एवं अन्त्योदय पीला राशन) परिवारों/सदस्यों के बीच माह जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक मुफ्त में राशन (चावल/गेहूँ) जनवितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से लाभुकों को उपलब्ध करायी जायेगी।

आपूर्ति से संबंधित उत्पन्न समस्याओं का निराकरण हेतु संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का नाम/पदनाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | श्री शंकर रविदास, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 9801983433 |
| 2 | पाकरटांड़ | श्री शक्तिकुंज, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 8210356738 |
| 3 | ठेठईटांगर | श्री समीर कच्छप, अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 7979086484 |
| 4 | बोलबा | श्री बलिराम मांझी अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 8340626904 |
| 5 | कुरडेग | श्री कृष्ण मुरारी तिर्की, अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 7294020311 |
| 6 | केरसई | श्री संजय सिन्हा, अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 7250428579 |
| 7 | जलडेगा | श्री खगेन महतो, अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 8877149078 |
| 8 | बांसजोर | श्री संजय कुमार सिंह अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 6203401690 |
| 9 | बानो | श्री यादव बैठा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह– प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 9631670194 |
| 10 | कोलेबिरा | श्री हरिश कुमार अंचल अधिकारी–सह–प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी | 7903632002 |

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 287193 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 22-23 (D)

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना जीहू–ईटखोरी पथ में टू–लेन पेभ्ड सोलडर सहित चौडीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण हेतु ग्राम–गारूकुरहा, थाना–बरही, थाना–सं0–18, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में कुल 1.212 एकड़ यानि 0.4906 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से केमोकेश 1.212 एकड़ यानि 0.4906 हेक्टेयर है औ जो ग्राम–गारूकुरहा, थाना–बरही, थाना–सं0–18, अंचल–पदमा, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है,

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 21 | 1391 | नीज | टांड–III | 0.06 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | चिन्तामणी |
| 2 | 21 | 1397 | नीज | टांड–III | 0.02 | 1397 का रैयत | नीज | चिन्तामणी | स्कुल | नीज |
| 3 | 14 | 1400 | नीज | टांड–III | 0.01 | विभूति कुमार सिन्हा पिता स्व0 रविलाल | प्लौट 1397 | रास्ता | चिन्तामणी | प्लौट 1399 |
| 4 | 19 | 1401 | नीज | टांड–III | 0.06 | चिन्तामणी यादव वगै0 पिता भुखन चोवा गोवार | प्लौट 1397 | रास्त | होस्पिटल | विभूति कुमार |
| 5 | 21 | 1402 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | होस्पिटल |
| 6 | 24 | 1403 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 7 | 26 | 1404 | नीज | टांड–III | 0.004 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 8 | 21 | 1405 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 9 | 17 | 1406 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 10 | 14 | 1407 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 11 | 19 | 1408 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 12 | 11 | 1409 | नीज | टांड–III | 0.01 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 13 | 11 | 1410 | नीज | टांड–III | 0.009 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 14 | 07 | 1411 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 15 | 05 | 1412 | नीज | टांड–III | 0.007 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 16 | 16 | 1413 | नीज | टांड–III | 0.02 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 17 | 10 | 1414 | नीज | टांड–III | 0.015 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 18 | | 1415 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 19 | 22 | 1416 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 20 | 20 | 1417 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 21 | | 1418 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 22 | 21 | 1419 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 23 | 09 | 1420 | नीज | टांड–III | 0.003 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | स्कुल | स्कुल |
| 24 | | 1421 | नीज | टांड–III | 0.006 | स्कुल (षिक्षा विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 25 | 07 | 1422 | नीज | टांड–III | 0.015 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 26 | 10 | 1425 | नीज | टांड–III | 0.015 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 27 | 19 | 1426 | नीज | टांड–III | 0.016 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 28 | 21 | 1431 | नीज | टांड–III | 0.008 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 30 | 14 | 1432 | नीज | टांड–III | 0.008 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 31 | 21 | 1433 | नीज | टांड–III | 0.006 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 32 | 11 | 1437 | नीज | टांड–III | 0.011 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 33 | | 1438 | नीज | टांड–III | 0.006 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 34 | 9 | 1439 | नीज | टांड–III | 0.01 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | होस्पिटल | स्कुल |
| 35 | 7 | 1440 | नीज | टांड–III | 0.01 | हास्पिटल (स्वास्थ्य विभाग) | नीज | रास्ता | जितेन्द्र ठाकुर | होस्पिटल |
| 36 | 24 | 1443 | नीज | टांड–III | 0.008 | जितेन्द्र ठाकुर पिता दुखन ठाकुर | नीज | रास्ता | प्लौट 1445 | होस्पिटल |
| 37 | 20 | 1446 | नीज | टांड–III | 0.09 | निर्मल ठाकुर वगै0 पिता बोधी ठाकुर वो बाबुलाल ठाकुर वगै0 पिता जोधी ठाकुर वो सोहर ठाकुर वगै0 पिता स्व0 रामधन ठाकुर | नीज | रास्ता | नीज | प्लौट 1445 |
| 38 | 20 | 1447 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1446 के अनुसार | प्लौट 1448 | रास्ता | प्लौट 1448 | नीज |
| 39 | 21 | 1448 | नीज | टांड–III | 0.02 | खेसरा सं0–1448 का रैयत | नीज | रास्ता | जीवलाल ठाकुर | निर्मल ठाकुर |
| 40 | | 1449 | नीज | टांड–III | 0.01 | जिबलाल ठाकुर पिता सुकर ठाकुर वो सुरेन्द्र ठाकुर वो लखन ठाकुर पिता गजाधर ठाकुर वो षिवा ठाकुर वो अमर ठाकुर पिता गजली ठाकुर वो राजकुमार ठाकुर पिता दुलार ठाकुर | नीज | रास्ता | नीज | प्लौट 1448 |
| 41 | 10 | 1450 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1449 के अनुसार | नीज | रास्ता | बासुदेव पाण्डेय | प्लौट 1448 |
| 42 | 5 | 1464 | नीज | टांड–III | 0.04 | बासुदेव पाण्डेय वो बालमुकुंद पाण्डेय पिता ग्यादीत पाण्डेय | नीज | रास्ता | प्लौट 1465 | जिवलाल ठाकुर |
| 43 | 21 | 1465 | नीज | टांड–III | 0.018 | खेसरा सं0–1465 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1466 | प्लौट 1465 |
| 44 | 9 | 1466 | नीज | टांड–III | 0.032 | खेसरा सं0–1466 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1467 | प्लौट 1465 |
| 45 | | 1467 | नीज | टांड–III | 0.029 | खेसरा सं0–1467 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1466 | प्लौट 1478 |
| 46 | 24 | 1478 | नीज | टांड–III | 0.018 | खेसरा सं0–1478 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1469 | प्लौट 1467 |
| 47 | | 1479 | नीज | टांड–III | 0.011 | खेसरा सं0–1479 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1480 | प्लौट 1478 |
| 48 | | 1480 | नीज | टांड–III | 0.011 | खेसरा सं0–1480 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1481 | प्लौट 1479 |
| 49 | 16 | 1481 | नीज | टांड–III | 0.06 | खेसरा सं0–1481 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1483 | प्लौट 1480 |
| 50 | 26 | 1483 | नीज | टांड–III | 0.029 | खेसरा सं0–1483 का रैयत | नीज | रास्ता | प्लौट 1484 | प्लौट 1481 |
| 51 | 20 | 1484 | नीज | टांड–III | 0.046 | निर्मल ठाकुर वगै0 पिता मोहन हजाम वो बाबुलाल ठाकुर वगै0 | नीज | रास्ता | प्लौट 1476 | प्लौट 1483 |
| 52 | 26 | 1487 | नीज | टांड–III | 0.024 | प्यारी कहार पिता स्व0 सुरजन राम | रास्ता | नीज | प्लौट 1486 | अलरी देवी |
| 53 | 08 | 1488 | नीज | टांड–III | 0.024 | अलरी देवी पिता दुखन राम वो तरूनी देवी पति परिया रवानी | रास्ता | नीज | प्यारी कहार | दषरथ राणा |
| 54 | 16 | 1489 | नीज | टांड–III | 0.07 | दषरथ राणा वगै0 पिता घुजा राणा, महेष राणा पिता स्व0 मोहन राणा | रास्ता | नीज | अलरी देवी | प्लौट 1490 |
| 55 | 24 | 1490 | नीज | टांड–III | 0.03 | 1490 का रैयत | रास्ता | नीज | दषरथ राणा | प्लौट 1491 |
| 56 | | 1491 | नीज | टांड–III | 0.016 | 1491 का रैयत | रास्ता | नीज | प्लौट 1490 | प्लौट 1492 |
| 57 | 24 | 1494 | नीज | टांड–III | 0.01 | हेमन गोप पिता स्व0 जगन गोप निवासी नीज ग्राम | रास्ता | नीज | प्लौट 1683 | अलरी देवी |
| 58 | 16 | 1495 | नीज | टांड–III | 0.034 | खेसरा सं0–1488 के अनुसार | रास्ता | नीज | हेमन गोप | चिन्तामणी यादव वगै0 |
| 59 | 19 | 1496/1 | नीज | धानखेत–तीन | 0.027 | चिन्तामणी यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | कृष्णा कुमार | प्लौट 1497 |
| 60 | 19 | 1496/2 | नीज | धानखेत–तीन | 0.0116 | कृष्णा कुमार यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | रामावतार | चिन्तामणी यादव |
| 61 | 19 | 1496/3 | नीज | धानखेत–तीन | 0.0114 | रामावतार यादव पिता स्व0 धनी यादव | रास्ता | नीज | अलरी देवी | कृष्णा यादव |
| | | | | कुल | 1.212 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 287214 Land Reforms (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

### ट्रेन के प्रस्थान समय में किया गया परिवर्तन

**रांची ।** खड़गपुर मण्डल पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा अतः रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 08071/08151 खड़गपुर - टाटानगर -बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ 13/01/2023 के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 11:45 बजे के स्थान पर 180 मिनट विलम्ब से अर्थात 14:45 बजे खड़गपुर से प्रस्थान करेंगी।

### सांसद खेल महोत्सव को लेकर 17 जनवरी को ब्रोचर की लॉन्चिंग

**रांची ।** मंगलवार को रांची सांसद संजय सेठ ने 17, 18 व 19 फरवरी को खेलगांव में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक अपने केंद्रीय कार्यालय में की । इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आगामी 17 जनवरी को महोत्सव से संबंधित रजिट्रेशन फॉर्म व ब्रोचर की लॉन्चिंग ओलंपिक खेल संघ परिसर, मोराबादी में किया जाएगा।

### वकीलों के बहिष्कार से लोगों की बढ़ी परेशानी

**रांची।** झारखंड के लगभग 35000 से ज्यादा वकील कार्य बहिष्कार पर हैं। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर सभी जिला अदालतों में वकील कोई न्यायिक कार्य नहीं कर रहे। हालांकि झारखंड हाईकोर्ट में कुछ वकील अदालत में उपस्थित हो रहे हैं लेकिन उसके बावजूद झारखंड में 6 जनवरी से न्यायिक कार्य ठप पड़े हुए हैं।

### कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सहयोग से कार्मिक विभाग ने किया कार्यशाला आयोजित

# कर्मचारी नहीं, कर्मयोगी बनें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कर्मचारी से कर्मयोगी की प्रधानमंत्री की अवधारणा को हमें अपनाना है। प्रशासनिक सेवा में अधिकारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा आउटपुट मिले। मिशन कर्मयोगी के तहत कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने पर फोकस करना है। इसके लिये उन्हें कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों के काम करने की शैली और प्रणाली में सुधार होगा। उक्त बातें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने प्रोजेक्ट भवन में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सहयोग से कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कहीं। कायार्शाला में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के



सदस्य आर बालासुब्रमण्यम ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से मिशन कर्मयोगी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इसकी कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण और प्रशिक्षण केन्द्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारी अपने परफॉर्मेंस में सुधार कर सकेंगे और अपनी क्षमता में इजाफा कर पाएंगे। भारतीय सिविल सेवा के अफसरों को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें इस लिहाज से तैयार किया जाएगा कि वे रचनात्मक, पेशेवर, प्रोग्रेसिव और पारदर्शी तरीके से काम कर सकें। कर्मचारियों के विकास के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन का गठन किया गया है। इससे ट्रेनिंग के स्टैंडर्ड में सुधार का प्रयास किया जाएगा। इसके माध्यम से सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्किल डेवलपमेंट किया जाएगा। मिशन कर्मयोगी योजना के तहत कर्मचारियों को एक विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए उन्हें आवश्यक कंटेंट प्रदान किया जाएगा। ।

**कार्यशाला में उपस्थिति :** कार्यशाला में कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, प्रधान सचिव श्रीमती हिमानी पाण्डेय, प्रधान सचिव श्रीमती अराधना पटनायक, प्रधान सचिव श्री के के सोन, सचिव श्री सुनील कुमार,सचिव श्री मनोज कुमार, सचिव श्री मनीष रंजन,सचिव श्री के रवि कुमार, सचिव श्री प्रशांत कुंमार, मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी, विभिन्न विभागों के सचिव, संयुक्त सचिव, कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव श्री रंजीत कुमार लाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने शिल्प मेला सह प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**रांची।** विकास भारती अपना चालीसवां वर्षगांठ मना रहा है। इसको लेकर विकास भारती के रांची बारियातू स्थित कार्यालय परिसर में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को यहाँ शिल्प मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। उन्होने ग्रामीण कारीगरों द्वारा निर्मित समग्रियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। विकास भारती प्रांगण में शिल्प मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार और संस्थाएं जब मिलकर प्रयास करती हैं, तो देश के विकास को गति मिलती है। केंद्रीय मंत्री ने विकास भारती की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाने के अपने प्रयास के कारण आज विकास भारती की चर्चा देशभर में हो रही है।

## पांचवीं खेलो इंडिया युथ गेम्स में थांग-टा के निर्णायक बने बोकारो के संजू

**नवीन मेल संवाददपाता**

**रांची।** आगामी 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली पांचवीं खेलो इंडिया युथ गेम्स के थांग-टा स्पर्धा के तकनीकी संचालन के लिए थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 25 सदस्यीय निर्णायकों की सूची जारी की गई है, जिसमें झारखण्ड से बोकारो के संजू कुमार को शामिल किया गया है। संजू कुमार वर्ष 2011 से इस स्वदेशी खेल थांग-टा से जुड़े हैं और इस दौरान वे थांग-टा के कई राज्य तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक खिलाड़ी के रूप में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकृत निर्णायक हैं। ज्ञात हो कि खेलो इंडिया की इस पांचवीं श्रृंखला में थांग-टा की स्पर्धा मंडला डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मध्य प्रदेश में दो



दिवसीय 8 से 10 फरवरी तक आयोजित होगी। संजू के इस मनोनयन पर झारखण्ड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी, सचिव मनोज शर्मा तथा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तुलस्यान के अलावा राजेश यादव, सूरज वर्मा, पवन बरनवाल, सुनील साव, कृष्णा कुमार शाव, विकाश कुमार, मृतुन्जय कुमार, ममता पांडे, सोनामोती कुमारी आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

### कल से अग्रवाल क्रिकेट लीग सीजन-01 का आयोजन

# अग्रवाल युवा सभा द्वारा कराया जायेगा टूर्नामेंट, आठ टीमें लेंगी हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची के तत्वावधान में पहली बार अग्रवाल क्रिकेट लीग, सीजन-01 का आयोजन कल 12 जनवरी से होगा। 14 जनवरी तक चलनेवाले टूर्नामेंट में आठ टीमें और 96 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सभी टीमों के ऑनर्स हैं। टूर्नामेंट के सभी मैच मेकॉन क्रिकेट ग्राउंड में खेला जायेगा। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन बिडिंग के




माध्यम से किया गया। सभी खिलाड़ियों को ए, बी और सी श्रेणी में बांटा गया है, ताकि हर टीम सरल प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सके। कार्यक्रम के संयोजक आशीष अग्रवाल (जीमी), दीपक गोयनका, उमंग सुल्तानिया को बनाया गया है। वहीं, संस्था के स्पोर्ट्स डायरेक्टर अभिषेक जालान (बिटली) है। अरुण पोद्दार एवं शुभम मोदी उनका पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

## कुलपति ने की बैठक, कई प्रस्तावों पर दी गयी स्वीकृति

**रांची।** रांची विवि के कुलपति ने कई मुद्दों को लेकर कॉलेज के प्राचार्यों और सीएससी के झारखंड हेड के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कॉलेजों में सीएससी सेंटर खोलने पर विचार किया। बीएस कॉलेज, लोहरदगा में बाउंड्री और गेट लगवाने पर भी निर्णय हुआ। इस बैठक में जीएस झा, सीसीडीसी डॉ राजेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ। आशीष झा, वाकेशनल के डिप्टी डायरेक्टेर डॉ स्मृति सिंह, आरके शर्मा समेत सभी कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों को सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दो दिवसीय सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। पूरे प्रदेश से 33 विद्यालयों के लगभग 102 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कक्षा आठवीं के विनायक कुमार और कुमार दिव्यांशु राज ने अपने अध्यापक संजय कुमार के मार्गदर्शन में अपने रचनात्मक विचारों को मॉडल के



रूप में प्रस्तुत किया। जिसमें छात्रों ने अपने मॉडल में समुद्र की लहरों के ऊपर नीचे होती तरंगों के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करने की प्रक्रिया प्रस्तुत की। छात्रों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 2022-23 के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि एनईपी-2020 में इनोवेषन के महत्व को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने प्रोजेक्ट तैयार किया है। उन्होंने प्रतिभागियों के वैज्ञानिक कौशल की प्रशंसा की और भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।


हमीन कर बजट
वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार

हमीन कर बजट पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिनांक 10.01.2023 को अपराह्न 05.00 बजे किया गया ।

राज्य बजट 2023–24 के लिए ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट के माध्यम से आम जनता का सुझाव आमंत्रित है। ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट पर पंजीकरण कर अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

तीन सर्वश्रेठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 20–01–2023 है।

1.हमीन कर बजट पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करें।

2. होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर एवं ई–मेल (वैकल्पिक) भरें एवं ओ टी पी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें। आप ओ टी पी ई–मेल अथवा मोबाइल किसी पर भी अपनी सुविधानुसार मंगा सकते हैं।

3. मोबाइल पर आये हुए ओ टी पी एवं दिखाये गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें ।

4. रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सेव करें।

5. संबन्धित विभाग/क्षेत्र का चुनाव कर अपना सुझाव पोस्ट करें।

6. ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप इन्स्टाग्राम और ई–मेल के माध्यम से भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं।







हेमंत सोरेन माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार

PR No. 287224 (Finance) 2022-23

Website :- https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar | Facebook :- https://www.facebook.com/HameenKarBudget
Twitter:- Follow @HameenKarBudget | WhatsApp. :- 91 651 244 6191 | Instagram :- https://www.instagram.com/hameenkarbudget | Email Id :- hameenkarbudget@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### स्व. लालजी यादव का प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**बुढ़मू।** बुढ़मू के पूर्व थाना प्रभारी स्वः लालजी यादव का प्रथम पुण्यतिथि बुढ़मू में मनाया गया। इस दौरान दरोगा लालजी यादव को याद में कैंडल मार्च निकाला गया। कैडल मार्च बैंक ऑफ इंडिया बुढ़मू मोड़ से निकालकर बुढ़मू थाना मोड़ तक निकाला गया। और थाना मोड़ पर स्व : लालजी यादव को श्रद्धांजलि दी गई। कैंडल मार्च में स्वः लाल जी को याद करते हुए बुढ़मू के लोगों ने स्वः लालजी यादव अमर रहे के नारे लगाए गए। और बुढ़मू क्षेत्र में उनके कार्यकाल की याद की गई। कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि के मौके पर तापेश्वर मिश्रा, करण नायक, विवेक साहू, अजय साहू, शंकर साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### सिमडेगा बार एसोसिएशन में सुविधाओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** ऑल इंडिया लॉयर्स फॉर्म की ओर से सिमडेगा बार एसोसिएशन के वकीलों के लिए मूलभूत सुविधाओं एवं उनकी सुरक्षा प्रबंध करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वकील जनसमुदाय न्याय व्यवस्था के अभिन्न अंग है। इनके बिना न्याय व्यवस्था की परिकल्पना संभव नहीं है। वकील समुदाय के माध्यम से सरकार नित्य राजस्व की कमाई भी करती है ऐसे में उन्हें सुविधाएं प्राप्त हो।

### मजदूर नेता मजदूरों से बैठक कर बालू की महंगाई एवं अन्य समस्याओं पर की चर्चा

**सिमडेगा।** मंगलवार को महावीर चौक परिसर में झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन का बैठक किया गया। बैठक में मजदूरों ने बालू महंगाई और बालू की कालाबाजारी और अवैद्य वसूली की जानकारी दिया कि ट्रैक्टर मालिकों द्वारा मनमानी से आम लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सारी बातें सुनके बाद कहा कि जिला के उपायुक्त महोदय के द्वारा निर्देश दिया गया था लेकिन सिमडेगा में धडल्ले से अवैद्य बालू ढुलाई जारी है जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

### हनुमानजी की जन्मस्थली आंजन धाम में 12 को होगा भव्य कार्यक्रम

**लोहरदगा।** ज्योतिर्विद पंडित दिवाकर पाठक राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा आंजन धाम गुमला में राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर 12 जनवरी को एक कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें काशी के विद्वानों एवं आचार्य के द्वारा आंजन धाम मंदिर में सर्वप्रथम हनुमान जी का जलाभिषेक तत्पश्चात पूजन महाआरती प्रसाद वितरण उसके पश्चात भंडारे का कार्यक्रम किया जाएगा। इस महा आयोजन में अन्य जिलों से भी हनुमान भक्त भाग लेंगे। जिसमें बंगाल,बिहार, छत्तीसगढ़,उड़ीसा मध्य प्रदेश से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे।

### हिंदी भाषा हिंदुस्तान की पहचान है : सर्राफ

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने आज 10 जनवरी अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर कहा है कि भारत में कई राज भाषाओं और लिपियों से समृद्ध देश है। यहां कई सारी भाषाएं बोली जाती है देश के आधे से भी अधिक भाग को हिंदी भाषा ही जोड़ती है भले ही अंग्रेजी का प्रचलन कुछ बढ़ रहा है। हिंदी को लेकर दुनिया भर के तमाम विदेशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है,सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का प्राणवायु भाषा ही होता है।भाषा मात्र विमर्श का माध्यम नहीं होकर चेतना एवं भावनाओं के अभिव्यक्ति का माध्यम भी होता है,हिंदी का प्रयोग देशभर में किया जाता है। अधिकांश क्षेत्रीय भाषाओं में आगे का मुंह और पीछे का पूंछ अलग-अलग होते हुए भी शब्द संस्कृत/हिंदी के ही प्रयुक्त होते हैं।

# मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि विष्णु गिरी एवं मुरूपीरी पंचायत के मुखिया सीता देवी और झामुमो नेता हीरालाल यादव ने बुढ़मू प्रखंड के राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरूपीरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय में कई कमियों को देखा, और पाया। जनप्रतिनिधियों ने स्कूल में निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में 13 शिक्षक होते हुए भी प्रतिदिन स्कूली बच्चों को मात्र दो विषय का ही पढ़ाई हो रहा है, और जनप्रतिनिधियों ने पाया कि स्कूल के शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते हैं, और अगर आते भी हैं तो स्कूल में टाईम पास करते रहते हैं। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पाया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक शमी तिगा स्कूल से गायब हैं। और वांहा उपस्थित लोगों ने जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक शमी तिगा पिछले 4 दिन से स्कूल नहीं आ रहे हैं। साथ ही बताया गया कि प्रधानाध्यापक स्कूल अपने मनमर्जी से आते जाते हैं , और सरकारी नियम का कोई पालन नहीं कर रहें है, और ना ही वांहा के शिक्षकों को सरकार की गाइडलाइंस का कोई नियम का पालन करवा रहे हैं। इस दौरान निरीक्षण में पाया गया कि स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन में सिर्फ चावल और आलू का सब्जी दिया जा रहा है।, और मध्याहन भोजन में प्रतिदिन दिए जाने वाला मॉडल मीनू के आधार पर भोजन में बच्चों को नहीं दिया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों के अनुसार मध्याह्न भोजन में बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है ,और स्कूल में सरकारी नियम का कोई पालन नहीं किया जा रहा है, इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्कूल में किया जा रहा है गड़बड़ी और कमियों को लेकर नाराजगी जताई है। जनप्रतिनिधियों ने बातचीत करते हुए बताया कि स्कूल में स्कूल के प्रधानाध्यापक शमी तिगा के लापरवाही के कारण स्कूल में कोई सुधार नहीं हो रहा है। साथ ही कहा कि बच्चो का पढ़ाई नहीं होने कारण बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है, और कहा कि ना ही स्कूल के शिक्षक समय पर आते हैं , और ना ही स्कूली बच्चों को पढ़ाई हो पा रहा है, वही मध्यान्हन भोजन में सिर्फ. चावल और आलू का सब्जी भर सिर्फ खिलाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सब्जी में बच्चों को कुछ भी नहीं दिया जा रहा है, निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्कूल के लोग खानापूर्ति कर रहे हैं। इधर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानाध्यापक शमी तिगा को हटाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे।

### पालकोट में भाजपा नेता पर जानलेवा हमला में बिफरी भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**सिमडेगा।** मंगलवार को भाजपा सिमडेगा द्वारा सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि सोमवार रात को अपराधियों ने पालकोट मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुमित केसरी को गोली मार दी एवं सिर को पत्थर से कुचल दिया। फिलहाल सुमित केसरी मेडिका में भर्ती हैं और जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।आगे जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन इस घटना की भर्त्सना करती है। साथ ही सरकार एवं प्रशासन से अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करती है। अगर अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है,मामले का उद्भेदन नहीं होता है तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। झारखंड में जब भी गैर भाजपा सरकार बनी है अपराधियों के हौसले बुलंद होते रहे।

## आदर्श सिंह को झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा द्वारा पत्र जारी कर आदर्श सिंह को झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धीरज शर्मा ने कहा कि आदर्श सिंह के नेतृत्व में झारखण्ड में पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी व राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस युवाओं के सशक्तिकरण के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।इस अवसर पर मौजूद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय युवा नेता सह पार्टी प्रवक्ता सूर्या सोनल सिंह ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदर्श सिंह को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार और झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक बेहतर समाज और देश बनाने एवं हर अन्याय और नाइंसाफी के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। आदर्श कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गयी है, इस पद पर रहते हुए वे पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ पार्टी व राष्ट्र के सशक्तिकरण के लिये एवं पार्टी के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्ण प्रयास के साथ कार्य करेंगे। आदर्श सिंह को झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखण्ड प्रभारी मुरली मनोहर पांडे, पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा कुंदन कुमारी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, मयंक सिंह सहित अन्य ने बधाई दी है।

## श्री श्याम मंदिर में 32 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को 32 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का उत्सव का भव्य एवं मनोहारी आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल के उपमंत्री श्री अनिल नारनोली ने अपने परिवार के साथ श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल अर्पित किया। सुगंधित इत्र अर्पित किया । श्री अनिल नारनोली ने चंदन वंदन करके श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पाठ वाचक को का पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हनुमान जी महाराज की जय जयकारों के बीच पाठ वाचक श्री मनीष सारस्वत श्री ओम शर्मा व सहयोगी ने ढोलक गिटार झांझ कड़ताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पाठकों ने मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों से सामूहिक रूप से पाठ करवाया। पाठ के मध्य में अनेक भजनों का गायन भी किया गया। मंदिर के श्री श्याम रसोई में निर्मित केसरिया पेड़ा का भोग प्रसाद उ७. प्रवीण नारसरिया ने बाबा के दरबार में अर्पित किया। श्री प्रवीण मंगल ने घी श्री श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद श्री राजेश सिंघानिया ने इत्र एवं एक श्री श्याम भक्त ने गिरीगोला सेवा श्रद्धा भाव से निवेदित की। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर हर शनिवार को श्री श्याम भंडार हर मंगलवार को श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन होता आ रहा है। पाठ उत्सव के समापन के पहले सभी भक्तों ने खड़े होकर पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। राम दूत अतुलित बल धामा अंजनी पुत्र पवनसुत नामा महावीर विक्रम बजरंगी कुमति निवार सुमति के संगी के स्वर श्री श्याम मंदिर के साथ पूरा हरमू रोड गूंज उठा।

### कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे

**रांची।** आखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रांची पहुंचे। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत हुआ। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में नेता एवम कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, महामंत्री विनय सिन्हा, लालप्रेमनाथ सहदेव अमरेंद्र सिंह केदार पासवान शाहबाज अहमद प्रिंस बट शरीक अहमद जगदीश साहू निरंजन पासवान मुख्य रूप से शामिल थे। श्री पांडे आज 11 बजे से जिमखाना क्लब रामगढ़ में नवगठित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की पहली बैठक में हिस्सा लेंगे।

## शराब कारोबार में ब्लैक लिस्टेड एजेंसियों को काम देने की साजिश : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ी शराब योजना की सलाह पर काम करने से छह महीने में ही 600 करोड़ रुपये सरकारी राजस्व का नुकसान हुआ है। इस योजना का सलाह देने वाले का विदेशों में मकान और अब बैंक गारंटी खत्म होने के बाद भी उन्हीं एजेंसियों से काम ले रही है और आगे भी ब्लैक लिस्टेड को ही काम देने की योजना बनाई जा रही है। बाबूलाल ने इस मामले में मुख्यमंत्री को घेरते हुए पूछा है कि अब बताइये भला इस अंधेरगर्दी और शराब घोटाला की जांच सीबीआई, ईडी, इनकमटैक्स विभाग नहीं करेगा तो फिर कौन सी एजेंसी से इनकी जांच कराई जाय ? बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें जेल जाना पड़ सकता है, तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शराब होलसेल कारोबार के नया प्रयोग के लिए जेएसबीसीएल को दस दिन पहले लाया गया। लेकिन पिछला दो सौ करोड़ रुपए से भी ज्यादा बकाया होने के चलते ब्रांडेड कंपनियाँ उधार माल देने से डर रही है और पुराना बकाया दिलवाने का अनुरोध कर रही है। इसलिये कंपनी काम शुरू नहीं कर पा रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुना है, ऑडिट के बहाने कुछ कंपनियों का पिछली पॉलिसियों का भी 50 करोड़ बकाया नहीं दिया जा सका है। उत्पाद मंत्री बीमार चल रहे हैं। कहीं गलत निर्णयों से आने वाले समय में माननीय मंत्री को परेशानी में क्यों डालना चाहते है मुख्यमंत्री? कहीं यह साजिश तो नहीं।

## बेटी पैदा होने पर विवाहिता को डायन कहकर मारपीट की, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बेटी पैदा होने और पांच लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर ससुराल वालों ने घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कवलपूरा गांव निवासी हाजरा खातून ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी शादी बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के संडा गांव निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक पति और ससुराल वालों का व्यवहार काफी अच्छा रहा। इसके बाद मेरे पति एवं ससुराल वालों ने मुझे जबरन चार पहिया वाहन की मांग को लेकर मुझसे पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। जब मैंने एक बेटी को जन्म दिया तो मेरे पति और ससुराल वाले ने मुझे यह कहकर की तुम डायन हो। नौ माह पूर्व मेरे पति ने मुझे नईहर छोड़कर चले गए और कहने लगे कि पांच लाख रुपये नहीं मिलेगा, तो हम तुम्हे तलाक दे देंगे। उक्त हाजरा खातुन महिला ने एसडीपीओ पूज्य प्रकाश से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है।

### ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**जलडेगा।** प्रखंड के बनजोगा और डुमरबेड़ा गांव में लीड्स संस्था के कार्यकताओं ने लिंकेज सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को मनरेगा कानून 2005 के तहत प्रखंड में चल रहे योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को काम मांगने का आवेदन लिखने की प्रक्रिया बताया गया। साथ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत वंचित परिवारों का नया राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग और स्वामी विवेकानन्द निशक्त पेंशन योजना की जानकारी दी गई। गांव के गरीब और एकल महिलाओं को जे एसएलपीएस से जुड़ाव करने और कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देकर अपनी आजीविका को वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया गया।

### पुलिस मुख्यालय में हुई केसों की समीक्षा

## पांच साल से पुराने केस में 75 फीसदी कांडों का किया गया निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में पांच साल या उससे पुराने लंबित केसों के निष्पादन में तेजी आयी है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने लंबे समय से लंबित 75 फीसदी कांडों का निष्पादन कर दिया है। राज्य पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सितंबर 2022 से 3704 कांडों की समीक्षा शुरू हुई थी। इसमें से 2787 कांडों का निष्पादन कर लिया गया है। शेष 917 कांडों एवं अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का प्रयास जिला स्तर पर किया जा रहा है।

**डीजीपी के आदेश पर बनी थी कमेटी :** डीजीपी नीरज सिन्हा के आदेश्श पर पांच साल या उससे अधिक समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन व अनुवीक्षण समिति बनी थी। जिसके अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, उपाध्यक्ष आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया था। जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य थे। समिति ने अक्तूबर 2022 से लगातार 15 दिनों में समीक्षा की।इस दौरान सभी जोनल डीआईजी, जिलों के एसपी के साथ नियमित बैठक कर व वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रत्येक कांड पर चर्चा की गई व संबंधित दिशा निर्देश दिय गए थे।

### विंध्यवासिनी नगर में बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**रांची ।** रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को नगड़ी प्रखंड के हरीगांव में श्मशान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास हटिया के विधायक नवीन जायसवाल के साथ किया ।सांसद निधि से इस श्मशान घाट का निर्माण कार्य होना है। इस दौरान हटिया विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि शशिभूषण भगत, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, अक्तेश्वर साहू, बंधु महतो, मनोज साहू, अशोक ठाकुर, छोटू महतो, पंचम महतो मौजूद रहे। श्री सेठ ने इसके अलावा रातू उतरी पंचायत के विंध्यवासिनी नगर में बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक नवीन जायसवाल के साथ किया। इस सड़क का निर्माण नगर के दिलीप कुमार श्रीवास्तव के घर से ट्रांसफार्मर तक होना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया जयश्री देवी, मुखिया सुनीता देवी, परमेश्वर गोप, संजीव तिवारी, मुरारी गुप्ता, सुबोध साहू, रामानंद तिवारी, रमेश सिंह, प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

### बाजार | दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन व जेम पर नेशनल सेमिनार का आयोजन

## उद्यमियों की हर तरह से मदद की जायेगी : जितेन्द्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई-विकास कार्यालय, कोकर, रांची द्वारा आकांक्षी जिला रांची में खरीद एवं विपणन सहायता योजना के तहत दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का आयोजन दो दिवसीय होटल हॉलिडे होम, कांके रोड, रांची में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को निर्यात संवर्द्धन, जेम, नए बाजार सृजन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे होटल हॉलिडे होम, कांके रोड, रांची के सभागार में मुख्य अतिथि डॉ. महुआ माजी, सांसद, राज्यसभा एवं विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार सिंह, भा.प्रा.से., निदेशक उद्योग, उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक गौरव, सहायक निदेशक द्वारा किया गया। इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी.एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय, कोकर, रांची ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा से अवगत कराया तथा सभी प्रतिभागी उद्यमियों से इस संगोष्ठी में शामिल हो रहे निर्यात संवर्धन के विविध विशेषज्ञों के निर्यात की प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण संबंधित अनुभव का लाभ लेने की अपील की जिससे वे अपने उत्पादों का निर्यात विदेशों में कर सकें एवं अपने उद्यमों का विकास सुनिश्चित कर सकें। साथ ही उन्होंने विशेषकर जेम के विशेषज्ञों को ज्यादा ध्यान देकर सुनने एवं सीखने की बात कही जिससे उनके सभी शंकाओं का समाधान हो सके एवं वे सरकारी खरीद के ज्यादा से ज्यादा हिस्से के आपूर्तिकर्ता बन सके। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार सिंह, भा.प्रा.से., निदेशक उद्योग, उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार ने सभी उद्यमियों को झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध योजनाओं के तहत उनके उद्यम के विकास के लिए हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि सांसद, डॉ. महुआ माजी ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने अभिभाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए समय की मांग है।

### गुतरु गांव में किसान मेला का हुआ आयोजन

**बुढ़मू ।** रामकृष्ण मिशन के द्वारा बुढ़मू प्रखंड के गुतरु गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। किसान मेला में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी भवेसा नंद व यूको स्टेट मार्केटिंग मैनेजर यूके सिंहा उपस्थित थे। किसान मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फसल, फल, कुटीर उद्योग निर्मित समान पशु पक्षी आदि चयनित किसानों को पुरस्कृत किया गया। किसान मेला में रांची जिला के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, प्रखंड के प्रमुख सतनारायण मुंडा, प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, उप प्रमुख हरदेव साहू, हेसलपीड़ी मुखिया कुसेंद्र पाहन, चैनगड़ा मुखिया सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यह मेला विवेकानंद सेवा संघ के माध्यम से लगाया गया। मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष रामेश्वर महतो, सचिव जागेश्वर पाहन, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार मुंडा, अखिलेश महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड वुडबाल टीम नागपुर के लिए हुई रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड राज्य वुडबाल संघ की ओर से महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय वुडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड वूडबाल की टीम को डीएवी गांधीनगर स्कूल के सुपरवाइजरी हेड निराकार आचार्य, झारखंड राज्य वुडबाल संघ के संयुक्त सचिव आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबाल संघ के वरीय उपाध्यक्ष राजीव रंजन एवं झारखंड राज्य वूडबाल संघ के महासचिव गोविंद झा ने रांची से खिलाड़ियों को रवाना किया। यह लीग वुडबाल प्रतियोगिता नागपुर में 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। रवाना होने वाले झारखंड वुडबाल टीम के खिलाड़ी इस प्रकार है - बंटी टोप्पो (कप्तान), निकित खलखो (उप कप्तान), राजू गोप, सुभम श्रीवास्तव, विधान उरांव, एवं मनीष उरांव है। कोच -अंकित कुजूर है।सभी गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। यह जानकारी अमन ने दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### दो पक्षों की मारपीट में चार घायल, एक की हालत नाजुक, रेफर



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झूरझूरी पंचायत में आपसी विवाद में दो पक्षों में झड़प होने के कारण चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज चल रहा है। वहीं एक की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया।घायलों में से मुख्य रूप से जतुना खातून उम्र 80 वर्ष पति रमजुल मियां, नसबुन खातून उम्र 45 वर्ष पति अजीज अंसारी,साजिद अंसारी 17 वर्ष, पिता अजीज अंसारी फुलजान खातून उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। नसबुन खातून को हजारीबाग रेफर किया गया।

### फ्लाई ऐश लोड हाईवा पलटने से चालक बाल-बाल बचा

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय कोडरमा से तीन किमी दूर कोडरमा घाटी में सोमवार की रात करीब आठ बजे फ्लाई ऐश लोड हाइवा अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार बाझेडीह से फ्लाई ऐश लोड कर बिहार की तरफ जाने के दौरान कोडरमा घाटी में ओवरलोड के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें हाइवा चालक बाल-बाल बच गया। बता दें कि फ्लाई ऐश बांझेडीह से ओवरलोड कर बिहार की तरफ प्रतिदिन ले जाया जा रहा है। इस पर विभाग का कोई ध्यान नहीं है।

### सीपीआई जिला परिषद की बैठक कल

**कोडरमा।** सीपीआई जिला परिषद की बैठक 12 जनवरी को साहू धर्मशाला, झुमरी तिलैया में दोपहर 12 बजे से होगी। जानकारी पार्टी जिला मंत्री प्रकाश रजक ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से सदस्यों का नवीकरण भर्ती, 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जयंती पर रांची में आयोजित सेमिनार को लेकर तैयारी, 21 जनवरी को अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई के तत्वावधान में प्रदर्शन की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, अर्जुन यादव, धनंजय यादव, रामेश्वर यादव आदि मौजूद रहेंगे।

### ऑटो व बाइक के बीच टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत वसुंधरा पेट्रोल पंप के समीप रांची-पटना रोड पर ऑटो और बाइक के बीच टक्कर में दोनों वाहन में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार अपराह्न लगभग एक बजे की है। घायल की पहचान मनोज कुमार सिंह, उम्र 35 साल, पिता- भुनेश्वर सिंह, ग्राम फुलवरिया कोडरमा, वासुदेव दास, उम्र 52 साल, पिता-गहो दास, ग्राम फुलवरिया, नवलशाही, गणेश यादव, उम्र 52 साल, पिता- छोटेलाल यादव, सुनीता देवी, उम्र 40 साल, पति- दिनेश यादव, दोनों बेलाटांड़ तिलैया, राजेंद्र बिरहोर, उम्र 30 साल, पिता- बुधन बिरहोर, फुलवरिया, पिंटू तुरी, उम्र 25 साल, पिता- सरयू तुरी, मसनोडीह, डोमचांच के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो में तिलैया से सवारी लेकर कोडरमा की तरफ आने के दौरान उक्त पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी। इससे ऑटो पलट गयी। इन दोनों वाहन में सवार सभी छः लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने ततकाल इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी इंदुभूषण सशस्त्र बल के साथ पहुंचे। घायलों को उठाकर अपनी वाहन में बिठाए और सदर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इन घायलों का सदर हॉस्पिटल में इलाज किया जा रहा है।

---

### एसपी ने गठित की थी टीम, मिली सफलता

# मोटरसाइकिल चोरी व छिनतई में 8 गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में पिछले कुछ समय से हो रही मोटरसाइकिल चोरी व महिलाओं से छिनतई की घटना में

### अपराधियों के पास से चोरी के 13 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद

शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी एवं छिनतई की घटना में शामिल 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावे अपराधियों के पास से चोरी के 13 मोटरसाइकिल व स्कूटी भी बरामद किये हुए। यह जानकारी मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुछ महीनों से मोटरसाइकिल चोरी, महिलाओं से बैग व पर्स छीनने घटना में वृद्धि हुई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने छापेमारी दल का गठन किया गया। दल को दो भागों में बांटा गया। पहली टीम को महिलाओं से छिनतई की घटना का जिम्मा मिला। दूसरी टीम को चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी की जिम्मेवारी मिली। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री रजक ने बताया कि 9 जनवरी को जांच के कैथा मोड़ के निकट से दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाइक के साथ पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 07/2023, 08/2023, 11/ 2023 में शामिल होने की बात मानी और साथी ही कांड में प्रयुक्त किए दो बिना नंबर का पल्सर मोटरसाइकिल तथा छीने गए मोबाइल आदि की जानकारी दी। उसी क्रम में रामगढ़ थाना कांड संख्या 09/2023 दिनांक 7 जनवरी 2023 धारा 379 भादवि में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों से चोरी की मोटरसाइकिल को अपने सहयोगी को बेचने के की बात स्वीकारी गई। उसकी निशानदेही पर कुजू ओपी के आजाद बस्ती केबी गेट गीतांजलि सिनेमा हॉल कुजू चौक और रामगढ़ थाना क्षेत्र के दुसाध मुहल्ला में छापेमारी कर चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए प्रयोग किए सामानों को जब्त किया गया।

#### मोटरसाइकिल चोरी में शामिल अपराधी

रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी में मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद तबरेज खलीफा, मोहम्मद परवेज उर्फ पिंकू, शहजाद हुसैन उर्फ बबलू एवं सोनू कुमार पासवान उर्फ डोडी को गिरफ्तार हुए हैं।

#### छिनतई में शामिल अपराधी

छिनतई कांड में दीपक कुमार सांडी मांडू, कमलेश चौधरी मांडू और राहुल करमाली उर्फ कोका रांची रोड को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। बताया गया कि अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस द्वारा अपराधियों के पास से मोटरसाइकिल, लेडीज पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड मोबाइल आदि बरामद किया गया है।

#### छापेमारी दल में ये थे शामिल

रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में गठित टीम में रामगढ़ थाना प्रभारी विद्याशंकर, पुलिस अधिकारी नवीन कुमार, प्यारे हसन, सुरेंद्र सिंह कुटिया, श्यामनंदन सिंह, सुमित कुमार पांडे,अभय कृष्ण गिरी, राहुल कुमार सिंह, चेतन कुमार, हवलदार जमालुद्दीन अंसारी, आरक्षी मिथिलेश कुमार यादव, ओम प्रकाश महतो, निकेत कुमार एवं उमेश पासवान शामिल थे।

---

# रंगारंग कार्यक्रम 'उड़ान' का आयोजन आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव के शुभ अवसर पर 11 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम 'उड़ान' का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर अतिथि उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, डॉक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया (चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर मोंगिया स्टील ग्रुप ऑफ कंपनी), छावनी परिषद की मनोनीत सदस्य कीर्ति गौरव मौजूद रहेंगे। उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ 3:00 बजे होगा। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल अपने अनेक कलाकृतियों से भरपूर प्रस्तुतियों को लेकर उड़ान भरने को तैयार है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पेश करेंगे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह एवं गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सभी सदस्य गण ने बहुत प्रकार की तैयारियां की हैं। जिससे आने वाले अभिभावक एवं बच्चों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। विद्यालय के प्रांगण में इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में शामिल होनेवालों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह, शिक्षकगण तथा जीपीसी रामगढ़ के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सहित एसएमसी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली आदि योगदान दे रहे हैं।

---

### सेवा सप्ताह के तहत विहिप व बजरंगदल का संपन्न हुआ सामाजिक समरसता कार्यक्रम

# जयश्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ विरहोर टोला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बीते 30 दिसंबर को लखना निवासी मो खलील के द्वारा विरहारो को गोमांस खिलाने और धर्म

### वेदोच्चारण के बीच विरहोर परिवार को कराया गया हवन पूजन और शुद्धिकरण, गृह प्रवेश

परिवर्तन को लेकर सनातनियों में असंतुष्टि व्याप्त थी। विहिप और बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत मंगलवार को बरियठ्ठा के विरहोर टोला में हवन पूजन कर 25 विरहोर परिवार को शुद्धिकरण किया गया। साथ ही घटना की सूचना देने वाले मनोज बिरहोर को 11000 की नगद राशि देकर पुरस्कृत भी किया गया । इस अवसर पर सभी विरहोरो को नए वस्त्र पहनाकर हवन की आहुति दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज करवाकर गृह प्रवेश कराया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सनातनी मौजूद थे। जो जय श्रीराम के नारों के साथ सनातनी धर्म को बुलंद कर रहे हैं । मौके पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि हम शास्त्र और शस्त्र दोनो जानते है। धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने में भी सनातनी सदैव तैयार है । इसी के निमित बरियठ्ठा के विरहोर समुदाय के बीच हवन पूजन कर शुद्धिकरण किया गया। सनातन धर्म को छेड़ने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा । सनातनी न्याय प्रिय और धर्म प्रिय होते हैं इन्हें उकसाने का प्रयास न किया जाए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हजारीबाग विभाग प्रचारक आशुतोष जी,एकल अभियान के केंद्रीय सह गौ ग्राम योजना प्रमुख राजू पाण्डेय,भाग अध्यक्ष अभिषेक जी, कोडरमा जिला गौसेवा प्रमुख गोविंद जी, सेवा प्रमुख प्रकाश चौधरी जी, संपर्क प्रमुख चंदन जी, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद जी,जिला मंत्री प्रदीप जी, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख अयोध्या मेहता जी, जिला संयोजक प्रशांत जी, जिला मिलन प्रमुख सुमंत जी, बरही प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर जी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी प्रखंड संयोजक अरविन्द जी, प्रखंड मिलन प्रमुख मुन्ना जी, समरसता प्रमुख चंदन जी, राहुल राणा जी, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही पश्चिमी जिप सदस्या प्रीति कुमारी, एकल विद्यालय शीला देवी जी, समाजसेवी सुजाता जी, बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी,मलकोको पंचायत मुखिया विजय यादव, मनोहर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में विहिप के कार्यकर्ता और मातायें बहनें उपस्थित थे।

---

# पत्रकार के घर पर गोलीबारी करने वाला अपराधी गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पुलिस के लिए चुनौती बनी चौपारण पत्रकार गोली कांड में संलिप्त अपराधियो को गिरफ्तार करने में पुलिस को कुछ हद तक कामयावी मिली है। परंतु अभी भी मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर है। गोलीकांड में सलिप्त तीन अपराधी को बिहार के राजधानी पटना अंतर्गत दीघा से गिरफ्तार किया जा चुका है। जिन्हे आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय कारा भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अपराधी में रामजीचक दीघा निवासी भोला कुमार (20) पिता विजय राय और सोनू कुमार (20) पिता राज किशोर राय तथा दीघा एक्सटीटी निवासी सोनू कुमार (20) पिता सुरेश पंडीत शामिल है। विदित हो कि इन शातिर युवा अपराधियो ने बीते 29 दिसंबर की संध्या चौपारण बाजार स्थित पत्रकार शशिशेखर के आवासीय दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग कर पत्रकार को जान से मारने का प्रयास किया था।

अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अनुमंडल पत्रकार परिषद सहित पूर्व विधायक एवं चंद्रवंशी समाज आदि प्रशासन पर लगातार दवाब बनाए हुए था। पुलिस अब इन तीन अपराधियो की सहायता से मुख्य मास्टरमाइंड अपराधी तक पहुंचने में लगी है। इन तीन अपराधियो की गिरफ्तारी ने भले ही लोगो को कुछ राहत जरूर दिया है परंतु अभी भी पुलिस को विभिन्न अनसुलझे सवाल को सुलझाना बाकी है।

लोगों का इसके मुख्य मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी पर निगाहे टिकी है। यह भी एक यक्ष प्रश्न है की पुलिस मामले को लेकर कितने तह तक जा पाती है और मुख्य सरगना की गिरफ्तारी में कितना वक्त लगाती है।

---

# व्यवसायी नेपाल यादव पर अपराधियों ने चलायी गोली



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** अपराधियों ने मंगलवार को लगभग 2:00 बजे कोयला व्यवसायी नेपाल यादव पर विकास नगर स्थित उनके कार्यालय के निकट गोलीबारी की। जिसमें वे घायल हो गये। घटना के बाद व्यवसायी को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं, घटना के बाद एसडीपीओ किशोर कुमार रजक घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। कहा कि घटना में शामिल अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

---

### भवन निर्माण में गड़बड़ी को लेकर पूर्व विधायक से ग्रामीणों ने की शिकायत

# प्रसाद ने किया भवन निर्माण का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैडा स्थित परियोजना +2 उच्च विद्यालय में भवन निर्माण कार्य हो रही अनियमितता को लेकर ग्रमीणों की शिकायत पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिधेश्वर राय व ग्रामीणों के साथ भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में उन्होंने अनियमितता पाई गई। मौके पर प्रबन्धन समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह विद्यालय भवन निर्माण में संवेदक और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से भारी लूट मचाई जा रही है। पूर्व विधायक श्री यादव ने मौके पर ही संवेदक और इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। ग्रामीणों ने बताया की अनियमितता का आलम यह है कि जोड़ाई किए जा रहे दीवाल में पानी तक नहीं दिया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी दुर्गा प्रसाद चौधरी,गैडा मुखिया प्रतिनिधि श्याम प्रसाद साव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिधेश्वर राय, अमरदीप पांडेय, चंद्रदीप पांडेय, मनोहर प्रसाद चौधरी, मनोज चौधरी, आशीष मोदी, पप्पू मोदी, अशुरारी पांडेय, भोला पांडेय, शंकर पांडेय, विनय पांडेय, रंजीत साव, रघु राम, शंकर राम, विजय चौधरी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** वेक्टर जनित रोग की रोकथाम को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सहिया, एएनएम और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी के द्वारा किया गया। मौके पर वेक्टर जनित रोग के सलाहकार मैमूर सुलतान के द्वारा संक्रमण के रोकथाम एवम संक्रमित मरीजों के साथ प्राथमिक उपचार के तरीकों की जानकारी दी गई। डॉ ज्ञानी ने भी अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा इस बाबत चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी भी दिया।

---

### जायजा | निमार्णाधीन ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** छत्तरमांडू रामगढ़ स्थित निमार्णाधीन ईवीएम वेयरहाउस का मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, रामगढ़ संजय कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के निर्माण के तहत अब तक हो चुके कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस के कार्यालय कक्ष, सुरक्षा कक्ष, लोडिंग-अनलोडिंग एरिया, मल्टीपरपज हॉल, ईवीएम स्टोर रूम आदि का निरीक्षण कर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस परिसर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल संजय कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी, जिला जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**मंगलवार** को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, विद्यालयों में नामांकन, रोजगार, स्वास्थ्य, मुआवजा भुगतान, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

---

# बैंक ऑफ इंडिया में लगा लोन महामेला 305.5 करोड़ का लीड जेनरेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया बरही

### जिस विश्वास से ऋण लेते है, ग्राहकों को उसे उसी विश्वास से लौटाने की भी आवश्यकता है : कश्यप

शाखा परिसर में लोन महामेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुमार कश्यप मौजूद रहे। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक निवास कुमार ने बताया कि इस मेला में लाभुको की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। मेला पूर्वाह्न दस बजे प्रारंभ किया गया था। जो देर शाम तक चलता रहा। लगभग 60 से अधिक व्यक्तियों ने ऋण से संबधित जानकारियां लिया। मौके पर कुल 59 लोगो के लिए 305.5 करोड़ का लीड भी जेनरेट किए गए। जिसमे एमएसएमई हेतु 45 लोगो ने 210.5 लाख, रिटेल हेतु 6 ने 85 लाख, कृषि हेतु 8 लोगो ने 10 लाख रुपया शामिल है। मौके पर शाखा प्रबंधक ने लोगों से अपील किया कि जिस विश्वास के साथ ऋण लेते है उसी विश्वास के साथ उसकी वापसी भी करे। जिससे बैंक का विश्वास बढ़ेगा और ग्राहक अत्यधिक लाभ के हकदार बनेंगे। मिला संपन्न करवाने में सभी बैंक पदाधिकारियों एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

NEWS इन ब्रीफ

### धान अधिप्राप्ति केंद्र हुरदा का उद्घाटन



**बानो।** धान अधिप्राप्ति केंद्र, हुरदा लैंपस लिमिटेड हुरदा में मंगलवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी अभय टोप्पो एवं जमतई पंचायत मुखिया नमजन जोजो के कर कमलों से धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर केंद्र के सचिव राजू साहू ने कहा किसानों को एसएमएस के जरिए सूचना भेजी जा रही है। अभय टोप्पो द्वारा किसानों द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता जांच एवं वजन जांच अपने हाथों से किया गया। टोप्पो ने कहा लैंपस में किसी प्रकार की कोई घोटाला नहीं हुई है। हुरदा लैंपस को राजनीति का अड्डा ना बनाएं। इससे वास्तविक किसानों को हानि होती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया की अफवाहों पर ध्यान ना दें। केंद्र में ही अपना धान बेचे। मौके पर सहकारिता विभाग सिमडेगा के बड़ा बाबु सुरेश गुप्ता, कंप्युटर ऑपरेटर जसबीर सिंह, बीरेन्द्र साहू, सूदेस सिंह आदि उपस्थित थे।

### वन अधिकार समिति के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** बदलाव फाउंडेशन के सौजन्य से एलजीएसएस सभागार मे वन अधिकार समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फाउण्डेशन के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अंकुर रौशन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे वन अधिकार के इतिहास व झारखंड में वन अधिकार कानून की स्थिति पर चर्चा की गई। वन अधिकार समिति के सदस्यों को ग्राम सभा के कार्य व अधिकार के साथ साथ वन क्षेत्र बचाने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेन्हा प्रखंड के 10 गांवों के कुल 22 सदस्यों ने भाग लिया एवं बदलाव फाउन्डेशन से संगीता हांसदा, विनय कुमार सिंह, सोनम दुलारी, जगतारिणी कुमारी एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### कृषि ऋण माफी योजना का लगाया गया शिविर

**कोलेबिरा।** प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया कोलेबिरा शाखा के समीप कृषि ऋण माफी योजना को लेकर शिविर लगाया गया। जिसमें किसानों को कृषि ऋण माफी योजना के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में प्रखंड से सम्बंधित कई किसानों ने कृषि ऋण माफी के लिए इस शिविर में भाग लिया। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी कोलेबिरा ने बताया की किसानों के लिए 50 रू तक कृषि ऋण माफी के लिए अभियान चलाया गया है। वहीं बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक के सभी योजना के शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा 16 तारीख को लसिया ग्रामीण बैंक के समीप कृषि ऋण माफी का शिविर लगाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से अंचल अधिकारी हरीश कुमार पर कोलिबरा प्रखंड, कृषि पदाधिकारी स्टीफन बेक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रितेश कुमार रंजन, बैक ऑफ इंडिया के चंद्रभान सिंह, भूपाल सिंह उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक जराकेल जतरा का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला के बानो प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक जराकेल जतरा का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष माघ के चतुर्थी दिन (चौठ पूजन) गणेश पूजन दिन प्राचीन काल से जराकेल जतरा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी बानो प्रखंड के जराकेल में एतेहासिक जराकेल जतरा का आयोजन किया गया। जराकेल जतरा को लेकर बानो पुलिस प्रशासन तैनात थे। जतरा में चप्पे चप्पे पुलिस बल मौजूद थे। जतरा में कई प्रकार के खिलौने के दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगे हुए थे। बच्चे और बड़े जतरा का खूब आनंद लेते नजर आए। रंग बिरंगी मिठाई की दूकान सज्जी हुई थी। एक से बढ़कर एक कलाकारों ने गीत प्रस्तुति लोगों को झुमने पर मजबूर कर रहे थे। हजारों की संख्या में महिलाए पुरूष एवं बच्चें एतेहासिक जराकेल जतरा का आनंद लेते हुए नजर आए।

## गणतंत्र दिवस को लेकर समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

# 21 से 23 तक फुल ड्रेस रिहर्सल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजिन होने वाली झांकियों, प्रभात फेरी एवं संध्या के समय नगर भवन, सिमडेगा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागों का चयन करते हुए उनके आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए झांकियां निकालने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित होने वाले परेड के लिए 21, 22, एवं 23 जनवरी तक पोशाक में 09:30 से 11:30 बजे पूर्वाह्न तक परमवीर अलबर्ट एक्का मैदान में पूर्वाभ्यास किया जायगा एवं अंतिम अभ्यास 25 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा परेड का निरीक्षण के साथ संपन्न होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्वाभ्यास के दिन से लेकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल का प्रबन्ध, एवं 06 से 07 नल युक्त टैंकर के साथ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, एवं जिला नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सिविल सर्जन सिमडेगा को पूर्वाभ्यास से लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तक मैदान में जीवन रक्षक दवाईयां, पर्याप्त मात्रा में सेनेटाईजर, मास्क एवं एम्बुलेंस, के साथ चिकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति कराते हुए स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिये।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, एवं मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, मंच एवं बैरिकेटिंग की व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, एवं जिला नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी मध्य रात्रि से लेकर 26 जनवरी मध्य रात्रि तक जिले के सभी शराब की दूकान को बंद रखने हेतु आवश्यक काईवाई करने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक सिमडेगा को दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकियां एवं अच्छे परेड करने वाली टोली, के साथ जिला प्रशासन के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बेहतरीन कार्य करने वाले विभागों के कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस सम्बंध में उन्होंने सभी विभागों के वरीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रीय झंडोत्तोलन के लिए समय का निर्धारण उपायुक्त आवास 8:30 बजे पूर्वाहन से शुरू होगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में प्रातः 09:05 बजे एवं समाहरणालय भवन में प्रातः 10:20 बजे किया जायेगा। इन सबके अलावा उक्त बैठक के दौरान राष्ट्रीय झंडोत्तोलन के समय मुख्य समारोह स्थानीय परमवीर अलबर्ट एक्का मैदान में सशस्त्र पुलिस बल, एन0सी0सी0, स्काउट, एवं स्कूली बच्चों की परेड में भाग लेने हेतु टाली चयन करने तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड में भाग लेने वाले बैण्ड पार्टी का चयन जिला शिक्षा अधीक्षक को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उसुर्लाईन कॉन्वेंट, सामटोली, सिमडेगा के नेतृत्व में छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गान का संचालन किया जायेगा। बैण्ड पार्टी को मैदान तक लाने एवं वापस पहुंचाने की व्यवस्था जिला नजारत उप समाहर्ता को करने का निर्देश दिया गया। झंडोत्तोलन से लेकर राष्ट्रीय झण्डा उतारने तक झण्डे की सुरक्षा हेतु 1 से 4 सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था सार्जेन्ट मेजर को करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को अपने स्तर से विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित करने की बात कहीं। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूणा वाल्टर सांगा, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

### नगर परिषद की समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में नगर परिषद् की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने नगर परिषद् अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नगर परिषद् की राजस्व सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी जलापूर्ति, पीएम-एफएमई योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, एवं बेरोजगार श्रमिकों की जॉब कार्ड निर्गत करने सहित कई योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली लक्ष्य की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये, साथ ही लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लगने वाले गांधी मेला के बारे जानकारी ली। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार, हर्षवर्धन, परीक्ष्यमान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, सिटी मैनेजर के अलावे नगर परिषद् के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## लोहरदगा: बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगल दिवस के मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ बैठक कर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने निर्देश देते हुए कहा कि उपविकास आयुक्त के निर्देशानुसार लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को 31 जनवरी तक पूर्ण कराना है। जो लाभुक समय सीमा में आवास को पूर्ण नही करते हैं। तो वैसे लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा। साथ ही मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया की नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत 2 दिनों के अन्दर योजनाओं का चयन करें तथा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी में टीसीबी और मेड़बन्दी का लंबित कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, मुखिया कमला देवी, धनवाज उरांव, पार्वती उरांव के अलावे पंचायत सचिव महिपाल उरांव, दुर्गा प्रसाद, अधीश खाखा, आनन्द सिंह, नागमनी उरांव, भैया भगत सहित सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## किस्को में विक्षिप्त युवक ने पेड़ पर लगायी फांसी

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना व सदर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका बंजार किस्को में पाखर पंचायत अंतर्गत ग्राम मडूवा पाठ निवासी नेहरू नगेसिया का मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्र ने पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किस्को पुलिस के अनुसार उक्त युवक किस्को थाना क्षेत्र के सलैया मडूवा पाठ निवासी 32 वर्षीय अनोज नगेसिया पिता नेहरू नगेसिया के रूप में पहचान हुई है। मृतक युवक के पिता नेहरू नगेसिया ने बताया कि बंजार किस्को अपना और विक्षिप्त बेटे का इलाज के लिए पहुंचे थे और रात में बंजार किस्को में ही रूक गए थे। इसके बाद सुबह में करीब 4:00 अनोज नगेसिया शौच के लिए बाहर जाने की बात कहकर निकला। परंतु काफी देर बाद वापस नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई तो पता चला कि युवक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सुमित केशरी पर हमले को गंभीरता से लें: भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी ने किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सह पालकोट प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुमित केशरी हमला को गंभीरता से लिया है भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को आवेदन देकर चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के अंदर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि हेमंत सरकार में कानून व्यवस्था लचर हुई है जान माल की सुरक्षा हेमंत सरकार करने में विफल रही है। सामाजिक कार्यकर्ता विशेषकर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों को सरकार अपराधी के साथ हमला करवा रही है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जानकारी दी।

### भाजपा नेता पर जानलेवा हमला में चैनपुर भाजपा मंडल ने जताया विरोध

**चैनपुर (गुमला)।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केशरी पर हुए जानलेवा हमले को लेकर चैनपुर भाजपा मंडल ने विरोध जताया है और प्रशासन से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। बताते चलें कि सोमवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पालकोट प्रखंड के भाजपा के पुर्व मंडल अध्यक्ष सुमित केशरी को गोली मारकर जख्मी कर दिया था जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिका में भर्ती कराया गया है इधर घटना के जानकारी मिलते ही पूरे गुमला जिला भाजपा में रोष व्याप्त है चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक ने कहा है कि हेमंत सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं आए दिन भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता पर हमला हो रहा है पुलिस भी अपराध पर नकेल कसने में नाकामयाब है वहीं सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है की उन्हें प्रशासन का कोई खौफ ही नहीं है आए दिन हत्याएं हो रही है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। भाजयुमो अध्यक्ष कौशल केशरी ने कहा कि अगर पुलिस अपराधियों को जल्द गिरफ्तार नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में इस घटना के विरोध में पूरा चैनपुर प्रखंड बंद होगा।

## कृषि ऋण माफी योजना का लाभ योग्य किसानों को दिया जायेगा : रघुनन्दन वैद्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफी योजना के अंतर्गत सेन्हा में शिविर आयोजन कर किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि निदेशालय झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार किसान क्रेडिट कार्ड ऋण माफी योजना के तहत आयोजन किया गया है। ऋण माफी योजना के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 50 हजार रुपैया तक ऋण माफी योजना के अन्तर्गत जनवरी माह में तीन दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। किसान क्रेडिट ऋण माफी योजना की जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य ने किसानों को विस्तार पूर्वक बताया कि ऋण माफी योजना का लाभ वैसे किसानों को दिया जाना है जिसका नाम सूची में दर्ज है। किसान कैम्प के माध्यम से बैंक या प्रज्ञा केन्द्र में एक रुपैया का टोकन लेकर केवाईसी कराकर ऋण माफी का लाभ उठा सकते है। इसके अलावे उन्होंने कहा लाभुक किसानों का नाम राशन कार्ड के द्वारा सत्यापन किया जा सकता है। परन्तु एक परिवार में एक ही व्यक्ति को लाभ दिया जायेगा। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया सेन्हा शाखा प्रबंधक क्षितिज वर्मा,जिला से आत्मा निर्देशक तृप्ता कुमारी, राष्ट्रीय खाद्य मिशन तकनीकी सहायक दिनेश कुमार सहित किसान मौजूद थे।

## पुलिस की पहल पर साइबर ठगी का शिकार होने से बच गया युवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार इन दिनों साइबर क्राइम को लेकर लगातार कम्युनिटी पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में लोगों को जागरूक करा रहे हैं और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। पिछले दिनों प्रज्ञा केंद्र संचालकों को साइबरक्राइम के प्रति जागरूक किया था जिसके परिणाम स्वरूप एक व्यक्ति साइबर क्राइम के झांसे में आने से बचा। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत टैसेरा पंचायत के छूरीटांगर गांव निवासी सुरेश यादव को साइबर ठग के द्वारा सूखा राहत के तहत ट्रैक्टर निकलने की बात कहते हुए 5200 रुपए खाता में डालने के लिए कहा जिसके बाद युवक झांसे में आ गया और वह टैसेरा स्थित प्रज्ञा केंद्र पहुंचा और वह पैसा डाल रहा था इसी बीच प्रज्ञा केंद्र संचालक विनोद कुमार के द्वारा तत्काल इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस इस मामले को संज्ञान लेते हुए युवक से बात करते हुए उसे विस्तार पूर्वक जानकारी दी तब युवक समझ गया और वह भी फसने से बच गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया है कि लोग साइबर के झांसे में ना आए कहीं से भी कोई भी लाभ देने की बात कहे तो एक बार पुलिस से जरूर बात करें।

### विद्या मंदिर स्कूल में शोध गोष्ठी आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में प्रांत द्वारा प्रायोजित विद्यालय स्तरीय शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया, साथ ही कार्यक्रम की भूमिका भी रखी। शोध गोष्ठी की प्रस्तावना विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने प्रस्तुत की। वक्ता के रूप में विद्यालय के अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ आचार्य श्री अमर कांत शुक्ला ने शोध गोष्ठी पर अपना विषय रखते हुए कहा कि नित नई खोज से ही विश्व का विकास हो रहा है।

### शैक्षणिक वार्षिक परिभ्रमण पर गये डिफेंस अकादमी के युवाओ ने की खूब मस्ती

## मनोरंजन के साथ कोयल तट पर पिकनिक मनाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सैनिक प्रशिक्षण केंद्र डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के द्वारा नए साल के अवसर पर शैक्षणिक वार्षिक परिभ्रमण के लिए लोहरदगा के सीठियो कोयल नदी तट पर ले जाया गया। एकेडमी के विद्यार्थियों ने पिकनिक कार्यक्रम का आनंद लिया। डिफेंस अकेडमी में लोहरदगा जिला के तमाम सुदूरवर्ती इलाका तथा अन्य जिलों जैसे गुमला, लातेहार, रांची, गढ़वा, चतरा जैसे जिलों के विद्यार्थी आकर इंडियन आर्मी, झारखंड पुलिस, एसएससी जीडी और रेलवे जैसे भर्तियों में जाने हेतु फिजिकल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मौके पर डिफेंस एकेडमी के संचालक सह अध्यक्ष विनय उरांव ने बताया कि पढ़ाई और फिजिकल प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत के साथ-साथ विद्यार्थियों को मनोरंजन हेतु इस तरह से कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों का अपने लक्ष्य के प्रति मन लगा रहता है। डिफेंस एकेडमी का मकसद सिर्फ युवा वर्ग को नशा पान, जुआ और समय से पहले अन्यत्र रूप से प्रेम जाल में फसने - फसाने जैसे गलत राह से निकालकर एजुकेशन और फिजिकल के माध्यम से तैयार कर गरीब मां-बाप के उम्मीद और युवा वर्ग को एक सही दिशा देना है। हमारे अकेडमी से इस वर्ष अग्निवीर में 4 और एसएससी जीडी में 1 युवा ने क्वालीफाई कर अपने सपनों को पूरा किया। इसी तरह से आने वाले समय में हरेक वह गरीब और आर्थिक रुप से कमजोर युवा - युवती को बेहतर प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। उम्मीद है कि डिफेंस एकेडमी के इस तरह के प्रयास से युवा वर्ग में बदलाव आएगा। मौके पर डिफेंस एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, एकेडमी के संरक्षक संतोष राम, हरि भगत, दीपक हेंब्रम, शुभम सहदेव, सुनील साहू, विनोद महली, प्रिंस मिंज, गुलशन उरांव, आदित्य कुमार साहू, मंतोष प्रजापति, छोटन उरांव, एकेडमी के विद्यार्थी काजल कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुप्रिया टोप्पो, रोहिता साहू, सरिता कुमारी, प्रीति तिर्की, आदि विद्यार्थी शामिल थे।

### समस्या : ग्रामीणों को नहीं मिल रहा जल-नल योजना का लाभ

# निर्माण के छह माह बाद खराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार मुख्यमंत्री नल-जल योजना प्रखंड में कई स्थानों पर दम तोड़ रही है। आए दिन नल-जल योजना से ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आ रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत भगत बुकमा गांव का है। यहां के लोगों को पिछले 6 माह से भी अधिक समय से नल जल योजना से पानी नहीं मिल रहा है। गांव के किशुन भगत सीताराम भगत सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना से बने जल मीनार निर्माण के 6 माह बाद ही दम तोड़ दिया। लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल मीनार का निर्माण कराया गया था इस जल मीनार से पाइप लाइन के माध्यम से लोगों के घर तक नल के माध्यम से पानी मिलता है। जिससे ग्रामीण काफी खुश थे पानी की समस्या दूर हुई थी। मगर घटिया निर्माण के कारण निर्माण के 6 माह बीतते ही जल मीनार खराब होने लगा। और 1 दिन पूरी तरह से खराब हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार से पानी नहीं मिलने से हम लोगों को भारी कठिनाई हो रही है पुराने कुएं से प्यास बुझानी पड़ रहा है काफी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है। गांव की ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया निर्माण का आरोप लगाया है साथ ही कहा है कि जल मीनार की मरम्मत जल्द हो ताकि गांव के लोगों को जल समस्या से निजात मिले। गर्मी का दिन आने वाला है गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े।

### जल्द कराई जायेगी मरम्मत ताकि ग्रामीणों को पानी की ना हो समस्या : मुखिया

**वह** इस मामले में रामपुर पंचायत के मुखिया दीपक खलखो ने कहा कि जल नल योजना से निर्मित जल मीनार खराब है इसकी जानकारी मिली है। इसकी जल्द मरम्मत कराई जाएगी ताकि गांव के लोगों को पेयजल के लिए समस्या उठानी ना पड़े। उन्होंने कहा कि पंचायत में और कहां-कहां जल मीनार खराब है इसकी जांच की जा रही है सभी की मरम्मती जल्द ही कराई जाएगी।

### हाजी शकील अहमद ने जरूरतमंदों बीच वितरित किया कंबल

**किस्को।** कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने मदरसा मिसबाहुल ओलूम अहले सुन्नत किस्को व छलको डीपा पर संचालित स्कूली बच्चों और सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम जोरी में आदिवासी समुदाय के बीच सैकड़ों कंबल वितरण कर राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया गया। हाजी सकील अहमद ने कहा कि गरीब यतीम असहाय एवं जरूरतमंद परिवार वालों की सेवा सर्वोपरि और काफी पुण्य का काम है। इस बढ़ते हुए कनकनी भरी ठंढ में लोगों के बीच कंबल वितरण कर खुद को काफी खुश किस्मत और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मौके पर बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के प्रखंड अध्यक्ष सामुल अंसारी कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, बीस सूत्री सदस्य नुसरत अंसारी, सहादत अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बड़ी सफलता : हल्दीबेड़ा से 29 बोटा लकड़ी जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा वन क्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग को मिली बड़ी सफलता। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए जंगल मे छुपा कर रखे हुए 29 पीस साल का बोटा बरामद करते हुए जब्त किया गया। घटना के बाद एक बार फिर से क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं का सक्रिय होने का मामला उजागर हुआ है। इस संबंध में वनपाल हेमंत कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कोलेबिरा वन विभाग टीम के द्वारा जंगल में गस्ती के दौरान सूचना मिला था, कोलेबिरा वन क्षेत्र के डोंमटोली हल्दी बेड़ा के जंगल में तस्करों द्वारा अवैध रूप से साल लकड़ी का बोटा छुपाया गया है। सूचना पर वन क्षेत्र पदाधिकारी राजेश्वर पासवान के नेतृत्व में छापामारी करते हुए उक्त स्थल से लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य का 29 पीस साल का अवैध बोटा बरामद कर वन विभाग कार्यालय परिसर में लाया गया इस अभियान में मुख्य रूप से वन उप परिसर पदाधिकारी नितिश कुमार, सत्येन्द्र बड़ाईक आदि शामिल थे। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा गश्ती अभियान लगातार जारी रहेगा वही अवैध लकड़ी कार्य में संलिप्त व्यक्ति के ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर शहर के गैरेज लेन के समीप सोमवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई। युवक सड़क किनारे खड़ी हाइवा में पीछे से जा टकराया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान धोबीटोला निवासी आकाश नायक पिता स्व. नरेश नायक के रूप में हुई है।

### रोजगार सृजन के लिए बैठक आयोजित

**मनिका।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को रोजगार सृजन का बैठक किया गया। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे वही बैठक में उपस्थित महिलाओं को लातेहार जिले से आए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सचिन साहू ने बैठक में महिलाओं को बताया कि। दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के आयु वर्क के उन इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण देना और उनको फिर रोजगार देना। वैसे व्यक्ति जो ट्रेनिंग के बाद उसे रोजगार में लगा दिया गया था कुछ दिन हमारे लगाए हुए रोजगार में काम किए और छोड़ दिए हैं वैसे व्यक्ति फिर से रोजगार में जुड़ना चाहते हैं। मौके पर अरविंद प्रकाश, नीरज कुमार, प्रकाश रंजन, अनु टोप्पो, साईं दत्ता, समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 11 वीं पुण्यतिथि मनी

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत और रोल महुआमिलान स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को श्री शाहदेव की 11वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक चंद्रमणी राम, शिक्षक प्रशांत शाहदेव, लाल उदित नाथ शाहदेव, शिवनारायण महतो एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत समिति सदस्य की समीक्षा बैठक संपन्न

**लातेहार।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड कार्यालय मे पंचायत समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। आज दिन मंगलवार को मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति का समीक्षा बैठक किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने बताया कि समीक्षा बैठक दो महीने में एक बार की जाती है। इस बैठक में 29 विभाग के लोगों को उपस्थित होना अनिवार्य है। लेकिन विभाग के कुछ लोग उपस्थित नहीं हुए हैं। वैसे लोगों पर स्पष्टीकरण निकाली जाएगी।

### डिलिवरी के मैनेजर ने धोखाधड़ी कर गबन को लेकर थाने में दिया आवेदन

टंडवा (चतरा)। डिलिवरी सिक्योरिटी कंपनी के मैनेजर पंकज कुमार सिंह ने टंडवा थाने में आवेदन देकर धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टंडवा थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक में चतरा के दीवानखाना मोहल्ला निवासी अरविंद कुमार पिता रामदेव प्रजापति द्वारा केंद्र खोलकर फरवरी 21 से अक्टूबर 21 तक संचालित किया है। इस दौरान जांच पड़ताल करने पर 166855 रुपए तथा डिलीवरी की गई सामानों के बदले प्राप्त 215070 रुपए गायब पाया गया। इस मामले को पुलिस निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने संज्ञान लेते हुए समुचित जांच पड़ताल के लिए एसआइ अभिनव आनंद को जिम्मेवारी सौंपा है। वहीं प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## डीसी ने नेतरहाट के विभिन्न गांवों व पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

# नेतरहाट में पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने नेतरहाट के विभिन्न गांवो एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर

### आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नये भवन का किया जायेगा निर्माण

### पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये गए निर्देश

ग्रामीणों एवं पर्यटकों के लिए किन योजनाओं की आवश्यकता है इससे अवगत होकर पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने स्थल भ्रमण के क्रम में सिरसी तक पहुंच पथ के निर्माण के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि सिरसी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र का भवन जर्जर स्थिति में है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नये भवन के निर्माण हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को सिरसी में जल जीवन मिशन का कार्य अविलम्ब पूर्ण कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नेतरहाट में पर्यटन के विकास के लिए कोयल व्यू पॉइंट को विकसित करने, नेतरहाट डैम के सौंदर्यीकरण, नैना जलप्रपात के सौंदर्यीकरण, पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नेतरहाट में होम स्टे की सुविधा विकसित करने हेतु पदाधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने नेतरहाट में स्ट्राबेरी फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने नेतरहाट में स्ट्राबेरी की खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, नोडल पदाधिकारी एससीए श्रेयांश, नोडल पदाधिकारी पर्यटन शिवेंद्र कुमार सिंहएवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### नेतरहाट सिरसी गांव में ग्रामीण पर्यटन विकसित करने की कवायद तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** नेतरहाट के बागेसखुआ से लेकर सीरसी गांव तक रोड के लिए भूमि सत्यापन कार्य आरंभ कर दिया गया है, वही मंगलवार को महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन और वन विभाग महुआडांड़ के कर्मी सीरसी पहुंचे, साथ ही अंचल सीआई एवं अमीन मौजूद थे। रैयती प्लोट व वन विभाग की भूमि की मापी की जा रही है। वही इस संबंध में एसडीओ श्री सुरीन ने कहा कि, झारखंड पर्यटन विभाग व ग्रामीण पर्यटन विकास के तहत पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत नेतरहाट के सिरसी गांव को चुना है। जहां होम स्टे की सुविधा को विकसित कि जानी है, वही नेतरहाट वाले पर्यटक इस गांव में होम स्टे की सुविधा के साथ झारखंड संस्कृति को करीब से जान पायेंगे, इसे लेकर बागेसखुआ से सीरसी तक लगभग दो किलोमीटर सड़क बनना है, इस दौरान महुआडांड़ अंचल सीआई गौतम कुमार, अंचल अमीन साथ वन विभाग के सीरसी उप परिसर प्रभारी सुरज सुमन, पंकज कुमार पाठक, मिथलेश ठाकुर मौजूद थे। ज्ञात हो देश विदेश से नेतरहाट आने वाले पर्यटक सीरसी गांव पहुंचकर नेतरहाट की खूबसूरती के साथ झारखंड की संस्कृति से भी रू-ब-रू होगें।

इसको लेकर झारखंड पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन विकास के तहत 2021 में पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत नेतरहाट के सिरसी गांव को चुना है। आने वाले पर्यटक इस गांव में रह कर राज्य की संस्कृति को करीब से जान पायेंगे। सिरसी गांव में आने वाले पर्यटक गांव-देहात के स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजन के स्वाद का भी ले सकेंगे, साथ लोक संगीत एवं कल्चर देखने को मिलेगा, इस गांव में स्टे होमौम योजना के तहत पर्यटकों के रहने को टेंट, खपरैल एवं मिट्टी घर बनाये जायेंगे।

## बीएसओ ने मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का किया निरीक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के रेन बसेरा परिसर में चल रहे मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने 5 में दिए जा रही मुख्य मुख्यमंत्री दाल भात थाल का निरीक्षण किया। इस दौरान अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह के शारदा देवी को मुख्यमंत्री दाल भात योजना का नए मोबाइल ऐप का जानकारी देते हुए समूह की महिलाओं को नए मोबाइल ऐप लोड कर केंद्र में आने वाले सभी लोगों को भोजन खिलाने के तत्काल बाद उसकी फोटो ऐप में भेजने का निर्देश दिया। कहां की ऐसे में केंद्र में भोजन करने वाले सभी लोगों की तत्काल जानकारी ऐप के माध्यम से सरकार को हो सकेगा।

आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री दाल भात संचालन केंद्र को सरकार की सभी दिशा निदेशों का पालन करते हुए सही ढंग से केंद्र का संचालन करना है। जिससे इस योजना का लाभ सही ढंग से जरूरतमंद लोगों को प्राप्त हो सके। निरीक्षण के क्रम में केंद्र में भोजन करने आने वाले लोगों से भी आपूर्ति पदाधिकारी ने पूछताछ करते हुए मिलने वाली भोजन की जानकारी ली।

वही इस संबंध में एम ओ ने बताया कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र में अनुदानित दर पर चावल दाल उपलब्ध कराया जाता है, जिसका लाभ सही तरीके से जरूरतमंद लोगों को मिले इसलिए केंद्र में खाना खाने आने वाले लोगों को सभी लोगों का तस्वीर ऐप में लोड करने का निर्देश दिया गया है ताकि इस योजना में चल रहे फजीर्वाड़ा को पर अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान समूह के शारदा देवी बनवारी सिंह विजय कुमार पप्पू समेत अन्य लोग शामिल थे।

## चापाकल खराब रहने से लोगों को परेशानी, लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के दूरदराज की बात तो दूर प्रखंड मुख्यालय में मुख्यालय के बस स्टैंड चौक परिसर में बीते एक माह से बस स्टैंड का दोनों चापानल खराब पड़ा हुआ जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में रेन बसेरा के सामने एवं रिंकू सिंह होटल के बगल में बस स्टैंड आने वाले लोगो एवं आसपास के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दो चापाकल लगाया गया है। लगे दोनो चापानल से बस स्टैंडके दुकानदारों ही नहीं दूरदराज से आने वाले लोगों को पेयजल से निजात प्राप्त होती है। लेकिन दोनों चापानल बीते 1 माह से अधिक समय से खराब पड़ा हुआ है। चापाकल खराब रहने से लोगों को दूरदराज के चापाकल में का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों को प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड के दुकानदारों एवं लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का ध्यान इस ओर दिलाते हुए चापाकल मरम्मत की मांग किया था। लेकिन अब तक चापाकल नहीं बनने से लोगों की परेशानी बढ़ी है। ऐसे में बस स्टैंड के अगल-बगल के दुकानदारों रोहित सिंह, कृष्णा गुप्ता, राज किशोर गुप्ता, जयबोद प्रसाद, सुनील कुमार चौरसिया, सोनू सरदार, जय नाथ सिंह, दुख राज सिंह समेत अन्य सभी दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं पूर्वी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए चपाकल की अविलंब मरम्मत करवाने की मांग किया है।

### दूसरे दिन भी चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर मंगलवार को दूसरे दिन भी थाना के समीप जिला परिवहन विभाग के द्वारा हेलमेट व ड्रंक एन ड्राइव के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट व कागजात के परिवहन कर रहे वाहनो की जांच की गई जांच में कई वाहन चालक बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े गए जिनसे जुर्माना भी वसूला गया। जांच कर रहे परिवहन कर्मी ऋषिराज कुमार व रजनीकांत कुमार ने बताया कि यह अभियान अभी लगातार चलाया जाएगा नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई भी की जायेगी। साथ उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट व वाहन से संबंधित कागजात साथ लेकर चलने की भी अपील की है। ज्ञात हो कि इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि देखी जा रही है बीते सोमवार शाम भी सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग युवक की मौत हो गई।

## असुर समुदाय बहुल गांव में रोज नही खुलता आंगनबाड़ी केंद्र, स्वेटर वितरण भी नहीं हुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के नेतरहाट पंचायत अंतर्गत ग्राम हुसंबु के ढोड़ीकोना गांव जो आदिम जनजातिय विलुप्तप्राय असुर समुदाय बहुल गांव है। इस गांव में आज तक आगनबाड़ी केंद्र भवन नही बना है, इस पोषण क्षेत्र की प्रवेक्षिका स्वेता कुमारी के अनुसार गांव में ही किराये पर एक कमरा लेकर केंद्र संचालित किया जाता है। लेकिन गांव के ग्रामीण कहतें है, कि गांव में बनें एक शेड पर केन्द्र को चलाया जाता है, वही सेविका और सहायिका मनमाने ढंग से केंद्र चलाते है, सप्ताह में एक दिन ही आगनबाड़ी केंद्र खोला जाता है, खिचड़ी बनाकर बच्चों को खिलाया जाता है। वहीं हुसंबु आगनबाड़ी केंद्र में अभी तक बच्चो के बीच स्वेटर का वितरण भी नही किया गया है।

ज्ञात हो कि हुसंबु ग्राम पठार क्षेत्र है, पूरे नेतरहाट क्षेत्र में सबसे ज्यादा ठंड इसी इलाके पर पड़ता है, लातेहार जिला एकमात्र असुर समुदाय का गांव के लोग बहुत गरीब है, इनके पास सही ढ़ंग से पहनने के लिए कपड़े नही होते है, ऐसे में असुर बच्चों को स्वेटर वितरण नही करना।

सुमंती असुर ने कहा कि सेविका पकरीपाठ की है, महीने तीन या चार दिन आती है, अभी तक स्वेटर नही मिला है, मेरा एक बच्चा आंगनबाडी मे जाता है,जब सेविका आती है, तब भोजन बनता है, गांव में आंगनबाड़ी भवन नही है।

राजेन्द्र असुर ने कहा की गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन मिला हुआ है, लेकिन बनाया नही जा रहा, मनमाने ढंग से केंद्र खोला जाता है। कोई अधिकारी भी निरीक्षण करने नही आते है।

इस संबंध में महुआडांड़ महिला प्रवेक्षिका स्वेता कुमारी ने कहा कि भवन निर्माण निकला हुआ है, लेकिन भूमि को लेकर विवाद होने कारण भवन नही बन पा रहा है, स्वेटर नही वितरण होने की जानकारी हुई है, इसकी जांच होगी, 14 अगस्त तक सेटर बंद है। लेकिन भोजन खिलाना है।

### 5 दिवसीय रुद्र महायज्ञ की तैयारी का मुखिया ने लिया जायजा



**चंदवा।** प्रखंड के मालहन पंचायत अंतर्गत लोहरसी शिव मंदिर प्रांगण में आहूत पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी का जायजा मालहन मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने लिया। श्री मुंडा ने शिव मंदिर समिती के अध्यक्ष उमेश सिंह सचिव सतेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष पिंटू गिरी से मिलकर यज्ञ से संबंधित तैयारी के संबंध में जानकारी विस्तार से ली।समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति के संचालनकर्ता संतोष सिंह एवं प्रेरक फलहारी गिरी बाबा आयोजन को भव्य बनाने के लिए तन मन से लगे हुए हैं।उन्होंने बताया कि दिनांक 11 जनवरी दिन बुधवार को आह्वान झंडा व आरती पूजन किया जाएगा साथ ही प्रसाद वितरण होगा।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी भेजा जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर गांव निवासी गणेश भुइयां के 22 वर्षीय पुत्र राहुल भुइयां को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राहुल पर गांव के ही एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी की नियत से भगाने का आरोप है। इस मामले में नाबालिग लड़की के माता के द्वारा थाना में आरोपी के विरुद्ध दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांगपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि नाबालिग को भी बरामद कर लिया गया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** मंगलवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत के गुल्ली आंगनबाड़ी केंद्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध स्वेटर का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया रामदेव यादव व समाजसेवी सिंटू यादव के उपस्थित में सेवकि के द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध स्वेटर का वितरण केंद्र में नामांकीत बच्चों के बीच किया गया। स्वेटर पाकर बच्चे और उनके अभिभावक काफी हर्षित हुए। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण होने से इस ठंड में उन्हें राहत मिलेगी। सभी बच्चों को दो-दो स्वेटर दिया गया। मौके पर अतिथियों के अलावे सेविका, सहायिका व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिसई-शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण प्रक्रिया तेज

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से उत्पादित कोयले का रेलवे से संप्रेषण के लिए प्रस्तावित टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि सड़क निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्मित कराए जाएंगे। जिसके लिए विभागीय स्तर से भू-रैयतों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य प्रगति पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सड़क के अधिग्रहण होने वाले भूखंडों का मुआवजा भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने पथ मरम्मती को लेकर आरईओ के अभियंता को सौंपा पत्र

## मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो एक फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** जिले के सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगी-जबड़ा मुख्य पथ मरम्मती को लेकर ग्रामिणो ने आरईओ के कार्यपलक अभियंता को लिखित ज्ञापन सौंपा है। जिसमें एक हजार अस्सी ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। पत्र में कहा गया है कि पथ दो पंचायत, दस गांव के साथ दो जिला पलामू और लातेहार को जोड़ता है। पर दस वर्षों से जर्जर है। पथ खराब होने से हजारों राहगीरों और प्लस टू उच्च विद्यालय सलगी के सैकड़ों छात्र छात्राओं और शिक्षकों को भारी प्रेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क में गड्ढे होने और पुल क्षति ग्रस्त होने से दुर्घटना होते रहती है। किसान सब्जी औने पौने दाम पर गांव में ही बेचने पर मजबूर हैं। पूर्व में कई बार संबंधित विभाग, पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों को सड़क मरम्मती के लिए आग्रह किया गया है। लेकिन नतीजा सिफर है। ग्रामीणों ने पत्र में कहा है कि उक्त पथ की मरम्मती नहीं होती है तो एक फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।।प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के को लेकर अभियंता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता और ग्रामीण विकास सचिव को ग्रामीणों के पत्र के अग्रसारित कर शीघ्र इस मामले को निष्पादन का आग्रह किया है। आवेदन की प्रतिलिपि सासंद, विधायक व उपायुक्त को भी दी गई है।

**बैठक** एससीए मद से विकास योजनाओं के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक

## नई योजनाओं पर चर्चा कर दिया गया प्रस्ताव




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विशेष केन्द्रीय सहायता मद (एससीए) से योजनाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में हुई। बैठक मुख्य रुप से सरकार के प्रधान सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के पत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत प्रस्ताव भेजने के लिए की गई। जिला योजना पदाधिकारी के द्वारा कृषि विकास एवं अजीविका सम्वर्धन, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में विकास से संबंधित प्रस्ताव संबंधी जानकारी दी गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से इन क्षेत्रों में विकास हेतु विचार विमर्श कर विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी आर थंगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी एसपी सुमन, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## शराब उन्मूलन को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** एसपी राकेश रंजन के निर्देशानुसार पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बेलहर में मंगलवार को थाना प्रभारी बमबम कुमार के नेतृत्व में शराब उन्मूलन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके से 50-60 किलो महुआ जावा के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त सामानों को नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब उन्मूलन को लेकर अभियान अभीयान चलाया गया आगे भी अभियान जारी रहेगा। हालांकी पुलिस के पहुंचने से पहले इस अवैध कारू में लगे लोग फरार हो गए थे। संबंधितों की पहचान की जा रही है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
बुधवार 11 जनवरी 2023



**ज्ञान की बात**

**हम यह मानते हैं कि ईश्वर किसान के माध्यम से अन्न उत्पन्न करता है। हमें दिखाई देता है कि किसान कर्म कर रहा है; किंतु कर्म तो ईश्वर कर रहा है। तो किसान के कर्म में अकर्म है और ईश्वर हमें कर्म करते दिखाई नहीं देते, इसलिए ईश्वर के कर्म में अकर्म है। ईश्वर ने यदि ऐसा बीज न बनाया होता, जिसमें अंकुर फूट सकता और अनाज की बालियां प्रकट हो सकती तो किसान किससे अन्न उत्पन्न करता? *-ठाकुर जी***



## इंटरनेट व डिजिटल

**वक्त** के साथ बदलती दुनिया में आज आधुनिक तकनीक रोजमर्रा की जिंदगी में निर्भरता का मामला बनती जा रही है। ऐसे तमाम काम हैं, जो इंटरनेट या डिजिटल माध्यम की वजह से पहले के मुकाबले काफी आसान हुए और अब यह आम लोगों की जरूरत भी बन गए हैं। लेकिन इसके साथ यह भी होता गया कि इंटरनेट या इससे जुड़ी तकनीकी लोगों पर इस कदर हावी होने लगी है कि उससे आम जीवन कई स्तरों पर प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर बच्चों की दुनिया में बढ़ते खालीपन और एकाकीपन की भरपाई अब डिजिटल गतिविधियों से होने लगी हैं। सवाल है कि आम लोगों और बच्चों तक के बीच इस क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता का दायरा क्या है और वह किस स्तर तक सुरक्षित है! हाल के वर्षों में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें इंटरनेट पर या किसी आनलाइन खेल का हिस्सा बनने वाले लोगों और बच्चों को इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि वे कैसे मानसिक से लेकर आर्थिक जंजाल में फंसते जा रहे हैं और उन्हें इसका भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। ऐसी आनलाइन गतिविधियों को लेकर अब तक ऐसा कोई विस्तृत और ठोस नियमन नहीं रहा है, जिसके सहारे इसकी वजह से मुश्किल में पड़े लोग अपने लिए कोई मदद हासिल कर सकें।यही वजह है कि सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन के लिए एक मसविदा पेश किया है, जिसके तहत स्व-नियामकीय निकाय बनाने का प्रावधान है। साथ ही, अब आनलाइन खेल संचालित करने वाली कंपनियों को सट्टा लगाने की इजाजत नहीं होगी। मसविदे के मुताबिक, अब आनलाइन खेल के प्रतिभागियों के सत्यापन की व्यवस्था करने के साथ ही उन्हें इस तरह के खेलों की लत और वित्तीय नुकसान से बचाने के भी उपाय निकाले जाएंगे। दरअसल, आम जनजीवन में डिजिटल माध्यम का विस्तार अब जरूरी कामों के समांतर युवाओं और बच्चों की निजी दुनिया में भी जिस तरह हुआ है, उसके कुछ आयाम एक संजाल की तरह जकड़ रहे हैं। मसलन, आनलाइन खेल को लेकर बच्चों के बीच भी जैसा आकर्षण बढ़ा है, वह केवल मनोरंजन की हद तक सीमित नहीं है। उसमें पैसों की ठगी से लेकर सट्टेबाजी तक के बढ़ते मामलों ने एक नई चिंता पैदा की है। अक्सर

**हाल के वर्षों में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें इंटरनेट पर या किसी आनलाइन खेल का हिस्सा बनने वाले लोगों और बच्चों को इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि वे कैसे मानसिक से लेकर आर्थिक जंजाल में फंसते जा रहे हैं।**

ऐसी खबरें आती रहती हैं कि ऐसे मनोरंजन में कोई बच्चा खरीदारी के नाम पर ठगी का शिकार हो गया और उसके परिवार के किसी व्यक्ति के बैंक खाते से बड़ी रकम निकाल ली गई। इसी तरह ऐसे खेलों के दायरे में सट्टेबाजी के मामले भी देखे जा रहे हैं। इसमें ठगी की वजह से खुदकुशी तक की घटनाएं भी सामने आईं। जाहिर है, फिलहाल डिजिटल दायरे में चलने वाले ऐसे खेल पर कोई अंकुश न होने या इसे लेकर सख्त नियम-कायदों के अभाव ने आनलाइन ठगी करने वालों को एक तरह से खुला मैदान मुहैया कराया है, जिसके शिकार बच्चे और अन्य साधारण लोग हो रहे हैं।

# ओहदेदारों के रुतबे तले पिस रही है आम आवाम



**स्वाधीनता** के बाद भी देश में दोहरे मापदण्डों का पटाक्षेप नहीं हो रहा है। राजनेताओं, अधिकारियों तथा चर्चित चेहरों के लिए विशेष व्यवस्थायें व्यवहार में आती हैं जबकि आम नागरिक को अपने अधिकारों की सुरक्षित हेतु लम्बी जद्दोजेहद करना पडती है। अंग्रेजों के जमाने की व्यवस्था आजादी के बाद भी जस की तस चली आ रही हैं। शासन-प्रशासन में शामिल ओहदेदारों के रुतवे तले आम आवाम पिस रही है। दलगत राजनीति के दिग्गजों से लेकर छोटे-बडे अधिकारियों तक के लिए कानून के साथ खिलवाड़ करने हेतु बेतहाशा मौके मौजूद हैं। लचीला प्रक्रिया से लेकर अपील तक की पेचैंदगी में एक संविधान का सम्मान करने वाला पिसकर रह गया है। गोरों की तरह थोपने वाली नीतियां आज भी निरंतर चल रहीं हैं। आपातकाल में दूरगामी नीतियों के तहत एक सम्प्रदाय विशेष के विरुध्द नसबंदी अभियान, कानून के उलंघन का आरोप लगाकर जेलबंदी, संचार माध्यमों पर अंकुश जैसी अनगिनत स्थितियों को नागरिकों पर थोपा गया। सकारात्मकता के विरोध में भी विपक्ष की चिल्लाचोट करने की आदत, दलगत राजनीति के लिए कानून का दुरुपयोग और व्यक्तिगत हितों के लिए चोर दरवाजों के उपयोग ने आम नागरिकों में असंतोष की भावना को गहराई तक पोषित कर दिया है। सोशल डिस्टैंसिंग अर्थात सामाजिक दूरी, दो गज की दूरी जैसे सिलोगन ने नौकरशाही के मानसिक दिवालियापन को चीख-चीखकर उजागर किया था। फिजिकल डिस्टैंसिंग यानी शारीरिक दूरी और दो मीटर की दूरी जैसे शब्दों का चयन भी किया जा सकता था, जो निश्चित ही हिन्दी भाषा की संपन्नता को प्रदर्शित करता। सामाजिक दूरी बनाने और दूरी को गज में नापने की कल्पना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के अलावा कोई और कर ही कैसे सकता है। गुलामों पर जो चाहो थोप दो। गवर्मेन्ट सर्वेन्ट यानी लोक सेवक जब नौकरशाह बन जाते हैं तब ऐसी स्थितियां झेलने के लिए लोगों को बाध्य होना ही पड़ता है। गलतियों पर उठने वाली आवाजों को दबाने के अनेक हथकण्डे अपनाने वाले प्रशासन के सामने तो अनेक बार शासन तक नतमस्तक हो चुका है। यह सब अंग्रेजी और अंग्रेजियत की गुलामी का असर है जो तंत्र में स्पष्ट दिख रहा है। वेतन के नाम पर भारी भरकम धनराशि पाने वाले अधिकारियों की सोची समझी योजना तथा संविधान निर्माण के दौरान की व्यवस्था ने हिन्दी को राष्ट्र भाषा होने के बाद भी अपनी ही धरती पर बेगाना बना दिया है। उच्च तथा उच्चतम न्यायालयों में न्याय की उम्मीद से जाने वालों को अंग्रेजियत के सामने आज भी माथा टेकना पड़ता है। एक ही अपराध के लिए पुलिस स्टेशन में अलग-अलग दृष्टिकोण से प्राथमिकी दर्ज करने का प्रचलन भी निरंतरता बनाये हुए है। पीडित से आरोपी की तरह व्यवहार करने में खाकी का कोई सानी नहीं है। कंझावला केस में पीडिता की मां की गुहार को निरंतर अनदेखा किया जा रहा है। उस बेबस मां के पुत्र को पूछतांछ के नाम पर पुलिस कभी भी उठा ले जाती है। इस मामले में खूब चीख चिल्लाहट हो रही है परन्तु खाकी का रवैया जस का तस बना हुआ है। केस में शुरूआत से ही की गई अनियमितताओं पर विभाग खामोश है। चश्मदीदों को भगा देने से लेकर पोस्टमार्टम में देरी जैसे विभिन्न महात्वपूर्ण बिन्दुओं को नजरंदाज करने के पीछे पीडिता का गरीब घर में जन्म लेना ही उत्तरदायी बना हुआ है। वहीं ऋषभ पंत की दुर्घटना से केवल क्रिकेट जगत में ही कोहराम नहीं मचा बल्कि देश के पूरे तंत्र में प्रतिक्रिया हुई। उत्तराखण्ड के डीजीपी अशोक कुमार जब पंत के हेल्थ के अपडेट दे रहे थे तब ओवर स्पीडिंग पर पूछे गये प्रश्न का जबाब देते हुए उन्होंने इसे नकारते हुए कहा कि यह सिंपल स्लीपिंग का केस है। जबकि गाड़ी की स्थिति चीख-चीखकर अपनी ओवर स्पीडिंग की कहानी सुना रही है। मगर मामला क्रिकेट स्टार का है, सो सरकार से लेकर अधिकारियों तक ने संदेहास्पद स्थितियों पर किनारा कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि पंत को बचाने वाले चालक-परिचालक को सम्मानित तक करने की घोषणा कर दी। काश, ऐसी सुविधा देश के प्रत्येक नागरिक को मुहैया होती। आम गण के लिए अलग तंत्र तथा विशेष गण के लिए अलग तंत्र की गोरी नीतियां आज आजादी के बाद भी जस की तस लागू हैं। वाहन से कुचलकर मार डालने पर अलग सजा है जबकि झगडे में जान लेने पर अलग सजा है। सम्प्रदाय विशेष पर लगने वाले आरोपों को खारिज करने के लिए कानून के जानकारों की फौज का खडा होना भी इसी श्रंखला की एक महात्वपूर्ण कडी है। अभिव्यक्ति की आजादी के कानून कुछ खास लोगों के लिए ही कवच बनता है जबकि अन्य के लिए उसे विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध माना जाता है।

**सकारात्मकता के विरोध में भी विपक्ष की चिल्लाचोट करने की आदत, दलगत राजनीति के लिए कानून का दुरुपयोग और व्यक्तिगत हितों के लिए चोर दरवाजों के उपयोग ने आम नागरिकों में असंतोष की भावना को गहराई तक पोषित कर दिया है। सोशल डिस्टैंसिंग अर्थात सामाजिक दूरी, दो गज की दूरी जैसे सिलोगन ने नौकरशाही के मानसिक दिवालियापन को चीख-चीखकर उजागर किया था।**

इन दिनों



डा. रवीन्द्र अरजरिया

### बोधि वृक्ष

## सुनें महादेव की कहानियां

**कुछ** समय बाद भगवान शिव ने पार्वती को अपना विहार वन दिखाया। वह अनेक सुंगध्युक्त पल्लवों शोभित था। शिव बोलेःहे देवी! जैसे तुम मुझको बहुत प्रिय हो, वैसे ही यह आनंद वन भी मुझे परम प्रिय है। मेरे अनुग्रह से इस आनंद वन में में मरे हुए को जन्म-मरण का बंधन नहीं होता अर्थात वह फिर संसार में जन्म नहीं लेता। पुण्यात्मा के कर्मबीज विश्वनाथ की प्रज्वलित अग्नि में जल जाते हैं, उसी से फिर वे गर्भाशय में नहीं आते। काशीवासी लोगों के देहांत-समय में मैं ही तारक ब्रह्म-ज्ञान का उपदेश देता हूं जिससे वे उसी क्षण मुक्त हो जाते हैं। कलियुग में विश्वनाथ देव का दर्शन-पूजन, काशीपुरी, भागीरथी गंगा आदि का सेवन तथा सत्पात्र को दान विशेष फलदायक होता है। हे देवी! काशीवासी सदा मुझमें ही बसते हैं। इससे मैं उनको अंत में संसार-सागर से पार कर देता हूं। यह मेरी प्रतिज्ञा है। इस तरह वातार्लाप करते-करते भगवान शिव उस स्थान पर गए, जहां हरिकेश समाधि लगाए बैठा था। उसको देखकर पार्वती ने कहाःभगवन! यह आपका तपस्वी भक्त है। इस समाधिस्थ भक्त को वर देकर इसका मनोरथ पूर्ण कीजिए। इसका चित्त केवल आपमें ही लगा है और इसका जीवन भी आपके ही अधीन है। पार्वती की बात सुनकर भगवान शिव उसके पास गए और उन्होंने समाधि में स्थित उस हरिकेश को हाथ से स्पर्श किया। दया सिंधु का स्पर्श पाकर उस यक्ष ने आंखें खोलकर अपने सम्मुख प्रत्यक्ष अपने अभीष्ट को देखा।

**(क्रमशः)**

# 13 जनवरी को उद्धव गुट या सत्तावानों का मनभावन होगा?

**सर्वोच्च** न्यायालय में 13 जनवरी को शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई है। इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। उद्धव गुट के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि यह सरकार(शिंदे सरकार) फरवरी का महीना नहीं देख पायेगी। जिस दिन उच्चतम न्यायालय फैसला सुनायेगा, उसी दिन सरकार गिर जायेगी। जबकि शिंदे गुट ने राउत के इस बयान को प्रचार स्टंट कहा है। इस बारे में कई विधि विशेषज्ञों व राजनेताओं की राय कुछ अलग ही तरह की है। उन्होंने इसके लिए पेगासस, नोटबंदी, उप्र निकाय चुनाव सहित अन्य कई मामले में मनभावन उदाहरण गिनाते हुए बने अवधारणा को देखते हुए आगे भी मनभावन की ही संभावना जताई है। यह हुआ तो उद्धव गुट को एक और करारा झटका लगेगा।

लेकिन इस दौरान राकांपा प्रमुख शरद पवार ने जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा की है और आगामी लोकसभा चुनाव में मिलकर लड़ने की बात कही है, उससे शिंदे गुट को चिंता होने लगी है। इसकी काट के लिए भाजपा ने शरद पवार के भतीजे अजीत पवार को किसी भी तरह से अपने पाले में करने की पहल कर दी है। इसकी झलक नागपुर में हुए विधानसभा सत्र के दौरान देखने को मिली। कोशिश है कि ईडी, सीबीआई की घेराबंदी से परेशान हो अजीत पवार आगामी लोकसभा चुनाव के पहले कमलवत हो जाएं।

**पटनायक का केंद्र को उसी के तरीके से जवाब** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हॉकी के लिए बहुत कुछ किया है। आज देश की महिला हॉकी टीम जिस स्तर पर पहुँची है, उसमें भी इनका बहुत योगदान है। अब यह इसी को ब्रांड बनाकर अपने प्रशासनिक क्षमता को प्रचारित करने तथा आगामी लोक सभा व राज्य विधान चुनावों में भुनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

दोनों ही चुनाव अगले वर्ष एक साथ होने वाले हैं, लेकिन जिस तरह से केन्द्र के हुक्मरान ने जनवरी 2023 से ही प्रवासी भारतीय दिवस से लगायत अगले वर्ष 2024 के जनवरी में अयोध्या में श्री राम मंदिर पूजन व प्रवेश कार्यक्रम तक की चुनावी लाभ वाली योजनाएं बना ली हैं, इसके बीच में जी 20 के अलग-अलग कार्यक्रमों का देश के प्रमुख शहरों में अलग-अलग तिथि पर आयोजन की तैयारी हो रही है, उसी तरह से अपने राज्य ओडिशा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पुरुष हॉकी के विश्वकप से शुरूआत कर रहे हैं। इस बार हॉकी विश्वकप का आयोजन 13 से 19 जनवरी के बीच ओडिशा के दो शहरों- भुवनेश्वर व राउरकेला में होगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम तथा राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि यदि भारतीय टीम विश्वकप जीती, तो राज्य सरकार प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक करोड़ रुपए देगी। इस आयोजन के ठीक पहले सात जनवरी को राज्य सरकार ने राउरकेला से नई विमानन सेवा भी शुरू कराई लेकिन इसके विज्ञापन में ना तो प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की और न ही केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के चित्र छपे। चर्चा है कि हर कार्यक्रम को अपने फोटो पोज व एकल प्रचार का समारोह बना देने वाले केन्द्रीय हुक्मरान को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जैसे को तैसा के तर्ज पर जवाब दिया है। हालांकि इस पर धर्मेंद्र प्रधान बहुत हाय-तौबा मचा चुके हैं लेकिन नवीन पटनायक को लगता है, इसकी रत्ती भर भी परवाह नहीं है।

ओडिशा के कई पत्रकारों का कहना है कि बीते लोकसभा व विधान सभा चुनाव में भाजपा केन्द्रीय हुक्मरानों की करनी से झटका खाये नवीन पटनायक ने अब आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनाव में सठे साठ्यम् वाला रवैया अपनाकर ,गंवाई लोक सभा सीटें वापस पाने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं।

**इस बार हॉकी विश्वकप का आयोजन 13 से 19 जनवरी के बीच ओडिशा के दो शहरों- भुवनेश्वर व राउरकेला में होगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम तथा राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा किया है कि यदि भारतीय टीम विश्वकप जीती , तो राज्य सरकार प्रत्येक खिलाड़ी को एक - एक करोड़ रुपए देगी।**

सत्ता के गलियारे से



कृष्णमोहन सिंह

### फोटो की दुनिया

नाथू गिरोह का भगवा इनकी जूती में. अब क्या होगा भावनाओं का?
तस्वीर Hitesh S Verma की वाल से साभार



### ट्वीट-ट्वीट




### फेसबुक वॉल से







**पहली तस्वीर में राहुल गांधी के साथ जिस गिलास को रखा गया है, उसमें लाल पानी है। दूसरी तस्वीर में जिस गिलास को रखा गया है, उसमें चाय है। इसी को कहते हैं फोटोशॉप। किसी को भी बदनाम करने के लिए ये सब खूब हो रहा है इन दिनों।**

# मोटे अनाज में क्यों बढ़ रही है लोगों की दिलचस्पी

**देश** और दुनिया में मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में मोटे अनाज को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए संसद में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। बड़े-बड़े होटलों से लेकर संसद के मेन्यू तक में इसे शामिल किया गया है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को मिलेट ईयर (मोटा अनाज वर्ष) घोषित किया है, जिसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था। अरसे बाद जब ये सुपरफूड के रूप में विदेशों से लौटे और धनाढ्य वर्ग की थाली की शोभा बढ़ाने लगे, तो इनके प्रति दिलचस्पी बढ़ी। सरकार भी इनके उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। मोटे अनाज की कैटिगरी में ज्वार, बाजरा, रागी (मंडुआ), जौ, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज आते हैं। सवाल यह है कि भारत सहित दुनिया के देश मोटे अनाज की खेती पर जोर क्यों दे रहे हैं? असल में, मोटापा, दिल की बीमारियों, टाइप-2 डायबीटीज, कैंसर से पीड़ित लोगों को डायटीशियन मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं। इनमें कई गुना अधिक पोषक तत्व पाये जाते हैं। इसीलिए मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। मोटे अनाज में फाइबर ही नहीं, विटामिन-बी, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम और कई तरह के एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं। मोटे अनाजों से बने उत्पाद- बेबीफूड, बेकरी, ब्रेकफास्ट आदि बेचकर चीन मोटी कमाई कर रहा है। यह तब है जब वह दुनिया का मात्र 9 फीसदी ही मोटा अनाज पैदा करता है।

**मोटे अनाज में बढ़ रही है दिलचस्पी :** एक समय मोटे अनाज की चपाती, इडली, डोसा बनाये जाते थे। आधुनिक किस्म के स्नैक्स और प्रचलित स्वाद के अनुसार मोटे अनाज की खपत बढ़ाई जा सकती है। ऐसे में मोटे अनाज पर आधारित प्रोसेस्ड फूड की इकाइयों में व्यापक स्तर पर निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। मोटे अनाज की खेती देश के गरीब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। इसमें महंगे रासायनिक खाद और कीटनाशकों की जरूरत नहीं पड़ती। मोटे अनाज देश के पर्यावरण के लिए भी अनुकूल हैं। हाल के वर्षों में मोटे अनाजों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके उत्पादक किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम भी मिल रहा है। मोटे अनाजों की फसलें प्रतिकूल मौसम को भी झेल सकती हैं। अच्छी फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। भारत में तो हजारों साल से ये अनाज भोजन का अनिवार्य हिस्सा रहे हैं। हमारी पीढ़ी जो पांच-छह दशक पहले बड़ी हो रही थी, उनमें से बहुतों ने बचपन में ज्वार, बाजरा, जौ, मक्का की चूल्हे पर सिंकी स्वादिष्ट रोटियां खूब खाई हैं। बाजरे की खिचड़ी, घी मिलाकर बनाए इसके लड्डू, समा के चावल भी भोजन का हिस्सा रहे हैं। गेहूं की रोटी में भी चने का आटा मिलाकर खाया जाता था, जिसे मिस्सा आटा कहते थे। वैश्विक स्तर पर मोटे अनाज के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। भारत ने कुछ मोटे अनाजों को हजारों साल पहले अपना लिया था। इनका जिक्र प्राचीन वैदिक साहित्य में भी मिलता है। यजुर्वेद में प्रियंगव, श्याम-मक्का और अनवा का उल्लेख है। लेकिन हरित क्रांति के बाद गेहूं और धान जैसे अनाजों की पैदावार में भारी इजाफा हुआ। नतीजतन मोटे अनाज की खेती के प्रति किसानों का रुझान घटता चला गया। बहरहाल, गेहूं-चावल की बढ़ी हुई पैदावार का हमारे परंपरागत खान-पान की आदतों पर भी बहुत प्रभाव पड़ा। केन्द्र सरकार की तरफ से किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि ज्यादा उत्पादन हो और मोटा अनाज हर वर्ग की पहुंच में आ जाए। केंद्र सरकार ने बाजरा सहित संभावित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और पोषक अनाजों की सप्लाई चेन की मुश्किलों को दूर करने के लिए पोषक अनाज निर्यात संवर्धन फोरम का गठन किया है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**एक समय मोटे अनाज की चपाती, इडली, डोसा बनाये जाते थे। आधुनिक किस्म के स्नैक्स और प्रचलित स्वाद के अनुसार मोटे अनाज की खपत बढ़ाई जा सकती है। ऐसे में मोटे अनाज पर आधारित प्रोसेस्ड फूड की इकाइयों में व्यापक स्तर पर निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। मोटे अनाज की खेती देश के गरीब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं।**

खेती-किसानी



रवि शंकर

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एक्यूपंचर चिकित्सा के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए इस तरह बढ़ायें कदम



एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। चीन से उत्पन्न हुआ एक्यूपंचर चिकित्सा विज्ञान का इस्तेमाल आज पूरे विश्व में किया जाता है। एक्यूपंचर को नीडलिंग थेरेपी भी कहा जाता है। इस चिकित्सा थेरेपी के दौरान विशिष्ट बिंदुओं पर बहुत बारीक सुइयों का इस्तेमाल करके दर्द या बीमारी का इलाज किया जाता है। एक्यूपंक्चर इस सिद्धांत पर आधारित है कि ऊर्जा, जिसे ची भी कहा जाता है, शरीर में और आसपास के मार्ग से बहती है। लेकिन व्यक्ति को बीमारी तब होती है, जब यह ऊर्जा या ची ब्लॉक हो जाती है। एक्यूपंक्चर प्रक्रिया ची को अनब्लॉक या प्रभावित करने और वापस संतुलन में लाने में मदद करने का एक तरीका है। इन दिनों पूरे विश्व में जब लोग वैकल्पिक चिकित्सा का रूख कर रहे हैं तो ऐसे में एक्यूपंचर को बेहद प्रभावी माना जा रहा है। अगर आप चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सुखद भविष्य देख सकते हैं।

## स्किल्स

एक्यूपंचर में अपना भविष्य देख रहे छात्रों में वैकल्पिक चिकित्सा और हॉलिस्टिक हीलिंग प्रॉपर्टीज में गहरी रूचि होनी चाहिए। इसके अलावा, आपमें बेहतरीन इंटरपर्सनल, कम्युनिकेशनल व लिसनिंग स्किल्स होने चाहिए। साथ ही आपमें संवेदनशीलता और पेंशेट की समस्या को समझने की गहरी समझ होनी चाहिए। धैर्य, सेल्फ अवेयरनेस और इमोशनल स्टेबिलिटी भी एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट के लिए जरूरी है।

## योग्यता

एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद आप दो वर्ष का मास्टर कोर्स भी कर सकते हैं। एक्यूपंक्चर पाठ्यक्रम में छात्रों को एक्यूपंक्चर के विभिन्न पहलुओं जैसे शरीर के एक्यूपंक्चर बिंदुओं, एक्यूपंक्चर के फंडामेंटल, एक्यूपंक्चर मेरिडियन्स, फाइव एलिमेंट थ्योरी, एंसिलियरी एक्यूपंक्चर, क्लासिकल एक्यूपंक्चर, एप्लाइड एक्यूपंक्चर, इतिहास और पारंपरिक चीनी दवा (टीसीएल) के बारे में सिखाते हैं।

## संभावनाएं

एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट क्लीनिक, जिम, हेल्थ सेंटर्स, रिहैबिलेशन सेंटर्स, रिकवरी केयर यूनिट्स और मनोरोग वार्ड में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप इस क्षेत्र में रिसर्च कर सकते हैं और एक्यूपंचर कोर्स संचालित करने वाली यूनिवर्सिटी व इंस्टीट्यूट में बतौर शिक्षक काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप स्वतंत्र निजी चिकित्सक के रूप में भी काम कर सकते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार बेहद आम है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपकी सफलता पर निर्भर करती है। हालांकि शुरूआती दौर में आपकी आमदनी बहुत अधिक नहीं होती। लेकिन धीरे-धीरे अनुभव के बाद आपकी आमदनी भी बढ़ती जाती है। इतना ही नहीं, प्रसिद्धि प्राप्त करने के बाद आप हर सेशन के लिए चार्ज कर सकते हैं और अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- **बिहार एक्यूप्रेशर योगा कॉलेज, पटना**
- **इंडियन एकेडमी ऑफ एक्यूपंचर साइंस, औरंगाबाद**
- **इंडियन बोर्ड ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता**
- **इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली**
- **ऑल इंडिया अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, नैनीताल**
- **इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ एक्यूपंचर एंड नेचुरल मेडिसिन, नई दिल्ली**

# पेट्रोलियम भंडार का पता लगाने की नई पद्धति विकसित

करीब 100 साल से भी पहले ऊपरी असम के डिगबोई तेल क्षेत्र की खोज के बाद असम-अराकान को 'श्रेणी-I' बेसिन के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दशार्ता है कि यहां महत्वपूर्ण मात्रा में हाइड्रोकार्बन भंडार हैं। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन युक्त भूमिगत शैल संरचनाओं के छिद्रों में पाया जाता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं को एक ऐसी सांख्यिकीय पद्धति विकसित करने में सफलती मिली है, जो सतह के नीचे शैल संरचना के आकलन के साथ-साथ पेट्रोलियम तथा हाइड्रोकार्बन भंडार का पता लगाने में सक्षम है। ऊपरी असम बेसिन में स्थित 'टिपम फॉर्मेशन' में शैलीय वितरण और हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने में इस पद्धति को प्रभावी पाया गया है।

नई विकसित पद्धति का उपयोग भूकंपीय सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के लिए किया गया है। पेट्रोलियम रिजर्व के लिए विख्यात उत्तर असम क्षेत्र के कुओं से संबंधित आंकड़ों को भी इस अध्ययन में शामिल किया गया है। इस पद्धति से शोधकर्ताओं को 2.3 किलोमीटर की गहराई वाले क्षेत्रों में शैलों के वितरण और हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों से संबंधित सटीक जानकारी प्राप्त करने में सफलता मिली है।

भूमिगत शैल संरचनाओं के लक्षणों का पता लगाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पृथ्वी की सतह के नीचे की संरचना को समझने के लिए भूकंपीय सर्वेक्षण विधियों और कुओं के लॉग डेटा का उपयोग किया जाता है। कुएँ के लॉग में तेल के कुओं की खुदाई के समय दिखाई देने वाली पृथ्वी की विभिन्न परतों का विवरण होता है। शोधकर्ता बताते हैं कि भूकंपीय सर्वेक्षण के दौरान सतह के भीतर ध्वनिक कंपन भेजे जाते हैं। जब ध्वनि तरंगें विभिन्न चट्टानी परतों से टकराती हैं, तो वे अलग-अलग विशेषताओं के साथ परावर्तित होती हैं। परावर्तित तरंगों को रिकॉर्ड किया जाता है और परावर्तन डेटा का उपयोग करके भूमिगत शैलों की संरचना की छवि बनायी जाती है।

करीब 100 साल से भी पहले ऊपरी असम के डिगबोई तेल क्षेत्र की खोज के बाद असम-अराकान को 'श्रेणी-I' बेसिन के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दशार्ता है कि यहां महत्वपूर्ण मात्रा में हाइड्रोकार्बन भंडार हैं। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन युक्त भूमिगत शैल संरचनाओं के छिद्रों में पाया जाता है। शोधकर्ता बताते हैं कि असम की तेल समृद्ध घाटियों में पेट्रोलियम भंडार की पहचान के लिए इस क्षेत्र की चट्टानी संरचना के सर्वेक्षण और उनमें हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता है।

आईआईटी मद्रास के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग प्रोग्राम, ओशन इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ता प्रोफेसर राजेश आर. नायर के नेतृत्व में यह अध्ययन एम. नागेंद्र बाबू एवं डॉ वेंकटेश अंबत्ती के सहयोग से किया गया है। यह अध्ययन शोध पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित किया गया है।

प्रोफेसर राजेश नायर बताते हैं - 'भूकंपीय छवियों के कम रिजॉल्यूशन और वेल-लॉग और भूकंपीय सर्वेक्षणों से प्राप्त डेटा के संबंध को स्थापित करने में कठिनाई से भूमिगत संरचनाओं की इमेजिंग चुनौतीपूर्ण होती है। हमारी टीम ने जटिल कूप लॉग और भूकंपीय डेटा से हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की भविष्यवाणी करने के लिए यह नई पद्धति विकसित की है।'

प्रोफेसर नायर कहते हैं - 'तेल युक्त शैलों का पता लगाने के लिए उपसतह संरचनाओं के लक्षणों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स विधियों का उपयोग होता है, जो भूकंपीय डेटा और कुओं के लॉग से प्राप्त पेट्रोफिजिकल डेटा के बीच सांख्यिकीय संबंध स्थापित करता है। ये परस्पर संबंध उपसतह के पेट्रोफिजिकल गुणों का अनुमान लगाने में मदद करते हैं।'

शोधकर्ताओं ने अपने विश्लेषण में 'पॉइसन इम्पीडेंस' (पीआई) नामक एक उल्लेखनीय प्रवृति की भी पहचान की है। बलुआ पत्थर के भंडार क्षेत्र में द्रव सामग्री की पहचान करने के लिए पीआई का उपयोग किया गया है। इसके निष्कर्षों के आधार पर शोधकर्ताओं का दावा है कि पारंपरिक विधियों की तुलना में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र का अनुमान लगाने में 'पोइसन इम्पीडेंस' (पीआई) पद्धति अधिक प्रभावी पायी गई है।

प्रोफेसर नायर कहते हैं - 'तेल और गैस के उत्पादन के लिए वर्तमान में 26 ब्लॉकों की भारत की मेगा अपतटीय निविदा प्रक्रिया चल रही है। ऐसी नई तकनीकों से तेल और गैस कारोबार को काफी बढ़ावा मिल सकता है।'

# 8वीं पास के लिए निकलीं 3842 वैकेंसी



राजस्थान में होमगार्ड (स्वयं सेवकों) के पदों पर 3842 वैकेंसी निकाली गई है। इस नई राजस्थान होमगार्ड भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक भरे जाएंगे। चयन प्रक्रिया अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह में होने की संभावना है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा नहीं रखी गई है। कुल 50 अंकों पर मेरिट बनेगी। इनमें 25 अंक फिजिकल टेस्ट व शारीरिक मापतौल टेस्ट के होंगे। 20 अंक विशेष योग्यता के होंगे जिसमें एनसीसी, कंप्यूटर सर्टिफिकेट, आईटीआई जैसी योग्यताएं देखी जाएंगी। वहीं 5 अंक का मौखिक व्यक्तित्व परीक्षण होगा। सबसे पहले फिजकल टेस्ट (पीईटी व पीएसटी) होगा।

## योग्यता व आयु सीमा

आवेदक मान्यता प्राप्त स्कूल से 8वीं पास होना चाहिए। उसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना 1 जनवरी 2023 से की जाएगी। इसके अलावा ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी और आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है।

## शारीरिक मानदंड

**पुरुष**
लंबाई - 168 सेमी
महिला - 152 सेम
छाती (केवल पुरुष उम्मीदवार) सामान्य - 81 सेमी, फुलाकर - 86 सेमी
वजन (केवल महिला उम्मीदवार) - कम से कम 47.5 किलोग्राम

## आवेदन फीस

सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग - 250 रुपये
एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस, एमबीसी - 200 रुपये

## यूं कर सकेंगे आवेदन

**आवेदन से पहले बनाएं एसएसओ आईडी :** राजस्थान होमगार्ड भर्ती विज्ञापन में कहा गया है कि ओवदन फॉर्म भरने के लिए आपसे एसएसओ आईडी नंबर मांगा जाएगा इसके लिए जरूरी है कि आप पहले संबंधित वेबसाट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर जाकर एसएसओ आईडी बनाएं। यह प्रक्रिया निशुल्क होती है। एसएसओ आईडी आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करते समय ई मित्र कियोस्क को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

## आधिकारिक वेबसाइट से करें आवेदन-

एसएसओ आईडी बनाने के बाद उम्मीदवार को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यदि उम्मीदवार खुद से ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकता वो राज्य सरकार के आधीन संचालित ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन करा सकता है।

# अरुणाचल में मिला दुर्लभ गवैया पक्षी

धूसर पेट वाला रेन बैबलर मुख्य रूप से म्यांमार में पाया जाता है। इस प्रजाति के कुछ पक्षी पड़ोसी देश चीन और थाईलैंड में पाए जाते हैं। भारत से धूसर पेट वाले रेन बैबलर की पिछली केवल एक रिपोर्ट रही है, जब 1988 में इन्हीं पहाड़ों से गाने वाले इस पक्षी के दो नमूने एकत्र किए गए थे।

भारतीय बर्डवॉचर्स ने अरुणाचल प्रदेश के सुदूर क्षेत्र में गाने वाले एक पक्षी का पता लगाया है। यह गवैया पक्षी रेन बैबलर (Wren Babbler) की संभावित रूप से एक एक नई प्रजाति है। पक्षियों को खोजने वाले अभियान में शामिल अध्ययनकर्ताओं ने गाने वाले इस पक्षी का नाम लिसु रेन बैबलर रखा है।

इस अभियान दल में बेंगलुरु, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम के बर्डवॉचर्स और अरुणाचल प्रदेश के उनके दो गाइड शामिल थे। अभियान के सदस्य धूसर रंग के पेट (Grey-bellied Wren Babbler) वाले दुर्लभ और चालाक रेन बैबलर की तलाश में उत्तर-पूर्वी अरुणाचल प्रदेश की मुगाफी चोटी की यात्रा पर निकले थे। जब वे वापस आये तो गाने वाले पक्षियों की सूची में एक नये नाम और विज्ञान के लिए नया दस्तावेज साथ लेकर लौटे।

धूसर पेट वाला रेन बैबलर मुख्य रूप से म्यांमार में पाया जाता है। इस प्रजाति के कुछ पक्षी पड़ोसी देश चीन और थाईलैंड में पाए जाते हैं। भारत से धूसर पेट वाले रेन बैबलर की पिछली केवल एक रिपोर्ट रही है, जब 1988 में इन्हीं पहाड़ों से गाने वाले इस पक्षी के दो नमूने एकत्र किए गए थे। एक नमूना अब अमेरिका के स्मिथसोनियन संग्रहालय में रखा गया है। पक्षीविज्ञानी पामेला रासमुसेन ने वर्ष 2005 में प्रकाशित अपनी पुस्तक में इस प्रजाति को शामिल किया और इसकी पहचान धूसर पेट वाले रेन बैबलर के रूप में की गई।



अध्ययनकर्ताओं का दल अरुणाचल प्रदेश के मियाओ से लगभग 82 किलोमीटर दूर लिसु समुदाय के दूरस्थ गांव विजयनगर पहुंचा था। विजयनगर से दो दिन की पैदल चढ़ाई करके अध्ययनकर्ता हिमालय के उस स्थान पर पहुंचे थे, जहां के बारे में माना जा रहा था कि वह रेन बैबलर का घर है। हालांकि, अध्ययनकर्ता यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए कि प्रथम दृष्टया धूसर पेट वाले रेन बैबलर जैसे दिखने वाले पक्षी के गाने का स्वर रेन बैबलर के स्वर से भिन्न था। अभियान के सदस्यों में शामिल अध्ययनकर्ता प्रवीण जे. कहते हैं -'हमने जितने भी पक्षियों को पाया उनका गीत बेहद मधुर था, जो लम्बी दुम वाले नागा रेन बैबलर के गीतों के समान था। लेकिन, इन पक्षियों का स्वर धूसर पेट वाले रेन बैबलर के गीतों से बिल्कुल अलग था।'

अभियान के दौरान लगातार हो रही बारिश के बावजूद शोधकर्ता इन पक्षियों की कुछ तस्वीरें लेने और उनके स्वर की रिकॉर्डिंग करने में सफल रहे। वापस लौटकर उन्होंने विभिन्न संग्रहालयों और अन्य साइटों से ली गई तस्वीरों की सहायता से रेन बैबलर की त्वचा का विश्लेषण किया। उन्होंने धूसर पेट वाले रेन बैबलर की मौजूदा रिकॉर्डिंग के साथ उनकी आवाज का मिलान करने की कोशिश भी की। उन्हें स्मिथसोनियन संग्रहालय से एकल नमूने की तस्वीरें भी मिलीं।

अभियान के एक अन्य सदस्य दीपू करुथेदाथु कहते हैं - 'इसके नाम से ही संकेत मिलता है कि इस पक्षी के उदर का हिस्सा धूसर रंग का है। हालांकि, हमें जो तस्वीरें मिली हैं, उनमें सफेद पेट वाले पक्षी दिखाई दिए। आश्चर्यजनक रूप से, इन पहाड़ों से पूर्व मिले एकल स्मिथसोनियन नमूने का भी सफेद पेट था। अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि जब सभी सूचनाओं को समग्र रूप से देखा गया, तो इस नई प्रजाति का पता चला है। अभियान में मिले पक्षी की किसी भी ज्ञात प्रजाति से इसके पंखों एवं गीतों का संयोजन मेल नहीं खाता। अध्ययनकर्ताओं का मानना है रेन बैबलर पक्षी की यह कम से कम एक उप-प्रजाति या फिर नई प्रजाति हो सकती है। किसी प्रजाति या उप-प्रजाति की स्थापना और नामकरण के लिए वैज्ञानिक रूप से इन पक्षियों से आनुवंशिक सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी तुलना अन्य रेन बैबलर प्रजातियों से की जाती है।

खोजे गए पक्षी का नामकरण स्थानीय लिसु समुदाय के नाम पर लिसु रेन बैबलर के रूप में किया गया है। अभियान दल को उम्मीद है कि यह खोज विजयनगर और गांधीग्राम में स्थानीय समुदाय के बीच इस पहाड़ी आवास के संरक्षण के लिए अधिक ध्यान आकर्षित करेगी।

पिछले पांच वर्षों से नामदाफा में पक्षी अभियानों का आयोजन करने वाली अभियान की सदस्य योलिसा योबिन कहती हैं -'मेरा मानना है कि लिसु रेन बैबलर इस पर्वत श्रृंखला में और अधिक जगहों पर मौजूद हो सकते हैं। नामदाफा के करीब और अधिक सुलभ आबादी का पता लगाने की जरूरत है।'

यह अध्ययन दक्षिण एशियाई पक्षीविज्ञान की शोध पत्रिका इंडियन बर्ड्स में प्रकाशित किया गया है। प्रवीण जे., दीपू करुथेदाथु, और योलिसा योबिन के अलावा इस अध्ययन में सुब्रमण्यम शंकर, हेमराज दुरैस्वामी, और राहुल बरुआ शामिल हैं।

# इंटरव्यू देने से पहले क्या करें?

महंगाई में बढ़त के साथ हर कोई अपने करियर में बेहतर ग्रोथ की उम्मीद करता है (Career Growth)। लेकिन कई बार कंपनियां अपने एसेट्स यानी एंप्लॉइज को उतना इंक्रीमेंट नहीं दे पाती हैं। ऐसे में लोगों के पास नौकरी बदलने के अलावा दूसरा कोई ऑप्शन नहीं बचता है। अपने कंफर्ट जोन को छोड़कर नई नौकरी ढूंढना आसान नहीं होता है (New Job)। कई लोगों के लिए जॉब इंटरव्यू देना काफी स्ट्रेसफुल होता है। उनका आत्मविश्वास डगमगा जाता है और वह काबिल होते हुए भी रिजेक्ट हो जाते हैं। अगर आप नई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने की प्लानिंग कर रहे हैं तो जानिए उसकी तैयारी के कुछ खास टिप्स।



**इन टिप्स से बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** पूरे इंटरव्यू सेशन के दौरान कॉन्फिडेंट रहना बहुत जरूरी होता है। इससे जॉब मिलने की गारंटी बढ़ जाती है। जानें कुछ ऐसे टिप्स, जिनकी मदद से इंटरव्यू से पहले खुद को तैयार किया जा सकता है।

**खुद से करें पॉजिटिव बातें :** इंटरव्यू से पहले खुद को तैयार करने के लिए पॉजिटिव रहना बहुत जरूरी है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और इंटरव्यू में सफल होने की गारंटी बढ़ जाती है। इस दौरान अपने आस-पास पॉजिटिव माहौल रखें। जरा भी नेगेटिविटी आपके आत्मविश्वास को डगमगा सकती है।

**एक्सरसाइज को दें टाइम:** किसी भी जॉब इंटरव्यू से पहले अपनी फिटनेस पर ध्यान दें। इंटरव्यू के स्ट्रेस में कई लोग अपनी सेहत पर ध्यान देना छोड़ देते हैं और फाइनल दिन उनकी तबियत खराब हो जाती है। बेहतर रहेगा कि हर दिन थोड़ी देर एक्सरसाइज या वॉक करें।

**गाने सुनें और खान-पान पर करें गौर :** इंटरव्यू के लिए जाने से पहले अच्छे गाने सुनें। इस दौरान भड़कीला संगीत सुनने के बजाय कुछ ऐसा सुनें, जो आपके दिल को सुकून दे। इसके साथ ही अपनी डाइट का भी ख्याल रखें। अच्छे खान-पान से सेहत दुरुस्त रहेगी और मन भी अच्छा रहेगा।

**मेडिटेशन से शांत रहेगा मन :** कई लोग मेडिटेशन के फायदों को नहीं समझते हैं। इंटरव्यू से पहले थोड़ा बेचैन होना सामान्य बात है। लेकिन मेडिटेशन करने से आप बेहतर फील करेंगे, आपका दिमाग शांत रहेगा और लाइफ में स्पष्टता भी आएगी। मन को रिलैक्स करने के लिए मेडिटेशन से बेहतर कुछ नहीं होता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचें।

**वृष राशि :** सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**मिथुन राशि :** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कला या संगीत के प्रति रुचि बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह राशि :** कारोबार से आय में सुधार होगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिल सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या राशि :** बातचीत में संयत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं।

**तुला राशि :** परिवार की जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। वाहन सुख का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**धनु राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। मित्र से वस्त्र उपहार मिलने के भी योग हैं। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**मकर राशि :** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से आय में वृद्धि हो सकती है। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**कुंभ राशि :** कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन राशि :** नकारात्मक विचारों से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। मन में निराशा के भाव हो सकते हैं।

# लोरिस ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को कहा 'अलविदा'

## NEWS इन ब्रीफ

### एक दिन में 24 अंडे खाते हैं हारिस रउफ

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ की गेंदबाजी की तारीफ पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली भी कर चुके हैं। रउफ ने एक इंटरव्यू में अपनी रफ्तार का खुलासा करते हुए कहा कि वह अपनी गेंदों की रफ्तार बढ़ाने के लिए रोजाना 24 अंडे खाया करते थे। ऐसा करने के लिए उनसे आकिब जावेद ने कहा था। जावेद पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं।

### लाइव टीवी पर सूर्या से मांगी माफी

**गुवाहाटी।** श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में भारतीय टीम ने सूर्या के ऊपर श्रेयस अय्यर को लेने का फैसला किया। चयनकर्ताओं के पूर्व भारतीय अध्यक्ष कृष्णमाचारी श्रीकांत हालांकि भारतीय टीम प्रबंधन के फैसले से सहमत नहीं थे। प्लेइंग इलेवन में सूर्यकुमार का नाम न देखकर वे इतने निराश हुए कि उन्होंने लाइव टीवी पर दाएं हाथ के बल्लेबाज से माफी मांगने का फैसला किया। उन्होंने कहा : सूर्या...मुझे बहुत खेद है, मेरे दोस्त, मुझे बुरा लग रहा है।

### कमिंस ने पूर्व पीएम से जुड़ी घटना का किया खुलासा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन से जुड़ी एक मजेदार घटना का खुलासा किया है। 29 वर्षीय ने कहा कि मॉरिसन ने उन्हें 'लीजेंड्स' नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एड किया था और वह पहले से ही इसी नाम के एक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे। दिग्गज तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि गलती से एक बार उन्होंने मॉरिसन को संदेश भेज दिया था। बाद में उन्होंने टेक्स्ट को तुरंत डिलीट कर दिया और इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री से माफी भी मांगी।

### भारतीय टीम प्रबंधन पर भड़के कैफ

**गुवाहाटी।** श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को खेले गये पहले वनडे में भारतीय टीम के दो धुरंधर बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन को मौका नहीं दिया गया। इस पर भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने गुस्सा निकाला है। कैफ ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा : ईशान और सूर्यकुमार यादव के बिना आज भारतीय टीम को देखने की संभावना से थोड़ा असहज हूं।

### एआईएफएफ ने की अधिकारियों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल में पहली बार एलीट मैच अधिकारियों (रैफरी और सहायक रैफरी) को पूर्णकालिक अनुबंध दिए गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और उसके व्यावसायिक साझेदारों के संयुक्त निवेश के तहत विजन 2047 के खाके के अंतर्गत एलीट रैफरी विकास योजना (ईआरडीपी) का लक्ष्य भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र को रैफरियों के लिए व्यावहारिक करियर विकल्प बनाना है।

---

**एजेंसी। पेरिस**




फ्रांस के कप्तान और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस ने फीफा विश्व कप-2022 के फाइनल में अर्जेंटीना के हाथों मिली हार के तीन हफ्ते बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। लोरिस ने फ्रांस के खेल अखबार ल इक्विप के साथ एक साक्षात्कार में कहा : मैंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म करने का फैसला किया है, इस विचार के साथ कि मैं अपना सब कुछ दे चुका हूं। अभी इसकी घोषणा करना जरूरी है, क्योंकि ढाई महीने बाद यूरोपियन चैम्पियनशिप के क्वालीफायर शुरू होंगे। नवम्बर 2008 में उरुग्वे के खिलाफ एक दोस्ताना मैच में पदार्पण करनेवाले लोरिस फ्रांस के लिए सबसे अधिक मैच खेलनेवाले खिलाड़ी हैं। फ्रांस ने लोरिस की कप्तानी में फीफा विश्व कप 2018 का खिताब जीता था, जबकि वह अपने देश को यूईएफए यूरो 2016 और विश्व कप 2022 के फाइनल तक ले जा चुके हैं। लोरिस ने कहा : मैं वास्तव में विश्व कप के अंत के बाद से इसके बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शायद छह महीने से मेरे अंदर कुछ विचार थे, और जो टूर्नामेंट के दौरान बढ़े, जिसने मुझे यह निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। एक समय आता है जब आपको एक तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत होती है। मैंने हमेशा कहा है कि फ्रांस की राष्ट्रीय टीम किसी एक व्यक्ति की नहीं है। उन्होंने कहा : साढ़े 14 सीजन के लिए फ्रांस का गोलकीपर होना एक बड़ी बात है, लेकिन यह मानसिक रूप से थका देनेवाला भी है और मुझे उम्मीद है कि खुद के लिए कुछ समय निकालने से मैं कुछ और वर्षों तक उच्चतम स्तर पर खेल सकूंगा।

## फुटबॉल वर्ल्ड कप हारने के बाद गैरथ बेल का संन्यास

**एजेंसी। वेल्स**



64 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलनेवाली वेल्स की टीम के कप्तान गैरथ बेल ने क्लब और इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 33 साल के इस स्ट्राइकर ने सोमवार रात एक सोशल मीडिया पोस्ट कर रिटायरमेंट की घोषणा की। उन्होंने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों का शुक्रिया अदा दिया। उन्होंने लिखा : मैं क्लब और इंटरनेशनल फुटबॉल से तत्काल रिटायरमेंट की घोषणा कर रहा हूं। मैं अपने पसंदीदा खेल को खेलने के अपने सपने को साकार करने के लिए भाग्यशाली हूं। इसने वास्तव में मुझे जीवन के कुछ बेहतरीन पल दिए। 17 सीजन, जिन्हें दोहराना असंभव होगा। इसके बाद अगला पड़ाव क्या होगा? इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बेल ने वेल्स को 2 यूरोपियन चैंपियनशिप जिताई। उन्होंने अपनी टीम को यूरो 2016 के सेमीफाइनल तक पहुंचाया। लॉस एंजिल्स के फॉरवर्ड खिलाड़ी पहले साउथम्पटन, टोटेनहैम और रियल मैड्रिड के लिए भी खेल चुके थे। गैरथ बेल ने कतर में पिछले दिनों खेले गए फुटबॉल वर्ल्ड कप में गोल कर अपनी टीम को हार से बचाया था। उनकी टीम वेल्स 80 मिनट तक 0-1 से पिछड़ रही थी।

# एफआईएच हॉकी विश्वकप : श्रीजेश बोले: उम्मीद है, हम शीर्ष पर रहेंगे

**एजेंसी। राउरकेला**

अपने चौथे और घरेलू सरजमीं पर तीसरे एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को लगता है कि उनकी टीम पिछले टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है और यहां तक कि इस बार पोडियम के शीर्ष पर जगह बना सकती है। प्रतिष्ठित हॉकी विश्व कप शुक्रवार से यहां शुरू होगा। भारत 2018 के टूर्नामेंट में दो मैच जीतकर और एक ड्रॉ करने के बाद अपने पूल में शीर्ष पर था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में तब उप विजेता रहे नीदरलैंड से 2-1 से हार गया था। तब टूर्नामेंट भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेला गया था जो इस बार भी दो आयोजन स्थलों में से एक है। स्पेन के खिलाफ शुक्रवार को ग्रुप डी के भारत के पहले मैच से पूर्व श्रीजेश ने कहा : अपने देश के लिए चौथा विश्व कप खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और खास बात यह है कि घरेलू सरजमीं पर यह मेरा तीसरा विश्व कप है। मुझे नहीं लगता कि किसी खिलाड़ी को घरेलू मैदान पर तीन विश्व कप खेलने का सौभाग्य मिला है।

उन्होंने कहा : 2018 में हम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके थे। अब हमारे पास इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी किस्मत बदलने का एक और मौका है। उम्मीद है कि हम अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर पाएंगे और शीर्ष पर जगह बना पाएंगे। अजीत पाल सिंह की कप्तानी में कुआलालंपुर में 1975 के टूर्नामेंट में स्वर्ण जीतने के बाद से भारत 48 वर्षों में पोडियम पर जगह नहीं बना पाया है। मनप्रीत सिंह के बाद टीम में शामिल सबसे अनुभवी खिलाड़ी 34 वर्षीय श्रीजेश ने कहा कि आप कितनी बार विश्व कप में खेले इससे अधिक नतीजा मायने रखता है। टोक्यो ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले श्रीजेश ने कहा : मैंने हमेशा महसूस किया है कि यह मायने नहीं रखता है कि आपने कितनी बार एक टूर्नामेंट खेला है बल्कि यह ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आपने इसे जीता है या नहीं। इस बार भी मेरे लिए महत्वूपर्ण है कि मैं अपना शत-प्रतिशत दूं और टूर्नामेंट से वांछित परिणाम हासिल करूं।

## विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था पहला मैच




**श्रीजेश ने कहा :** विश्व कप में मेरा पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ था। मुझे अभी भी याद है। टीम मीटिंग के दौरान हमारे कोच ने कहा था कि पाकिस्तान गोलकीपर एड्रियन (डिसूजा) के लिए पूरी तरह से तैयार होकर आएगा, इसलिए उन्होंने मुझे उनके खिलाफ मैच में खिलाने का फैसला किया। श्रीजेश ने कहा : जब उन्होंने मुझे खेलने के लिए कहा तो एक मौका मिलने की भावना अविश्वसनीय थी। पाकिस्तान के खिलाफ खचाखच भरे घरेलू मैदान में अपना पहला विश्व कप मैच खेलना एक सपने जैसा था। मैं अभी भी उस माहौल को महसूस कर सकता हूं, स्टेडियम कैसा था, लोगों ने कैसी प्रतिक्रिया दी और हमने उस मैच को कैसे जीता। यह मेरे लिए सबसे अच्छा पल था।

## हैरी ब्रुक आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

**लंदन।** इंग्लैंड को पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हैरी ब्रुक मंगलवार को पहली बार आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए। महिलाओं में यह खिताब ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर ने जीता। उन्होंने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया था। वह इस दमदार प्रदर्शन के बूते हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष पर भी पहुंची। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 4-1 से जीता था। दोनों खिलाड़ियों को मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल खिलाड़ियों, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और आईसीसी की वेबसाइट पर पंजीकृत प्रशंसकों के द्वारा किए गए वैश्विक मतदान के आधार पर चुना गया। पाकिस्तान में इंग्लैंड ने तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 की शानदार जीत दर्ज की और ब्रुक ने हर मैच में शतकीय पारी खेली।

## तीन महिला अंपायरों ने रणजी ट्रॉफी में किया डेब्यू



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वृंदा राठी, जे नारायणन और गायत्री वेणुगोपालन मंगलवार को प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में पदार्पण करनेवाली शुरुआती महिला अधिकारी बनीं। ये पूर्व स्कोरर, पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर और पूर्व खिलाड़ी हैं। वेणुगोपालन झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच जमशेदपुर में अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं जबकि नारायणन सूरत में रेलवे बनाम त्रिपुरा और राठी पोरवोरिम में गोवा बनाम पुडुचेरी मुकाबले में अंपायरिंग कर रही हैं। ये तीनों महिला प्रतियोगिताओं की प्रतिष्ठित अधिकारी हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के महिला अंपायरों को पुरुष घरेलू प्रतियोगिताओं में मौका देने के फैसले से उन्हें रणजी ट्रॉफी में अधिकारी की भूमिका निभाने का मौका मिला है।

नारायणन 36 साल की हैं और उन्हें क्रिकेट और इससे जुड़ी सभी चीजें पसंद हैं। वह मैदान पर उतरना चाहती थी और उन्होंने अंपायर बनने के लिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) से भी कुछ मौकों पर संपर्क किया। इसके कुछ साल बाद राज्य संस्था ने अपना नियम बदलते हुए महिलाओं को अधिकारी की भूमिका निभाने की स्वीकृति दी जिसके बाद नारायणन ने 2018 में बीसीसीआई की लेवल दो की अंपायरिंग परीक्षा पास की।

# करियर के अंत में छोटे लीग में खेलने को विवश रोनाल्डो

### प्रीमियर लीग के बड़े क्लबों ने रोनाल्डो को अपनी टीम का हिस्सा बनाने में नहीं दिखाई थी रूचि

**एजेंसी। रियाद**



मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड, यूवेंटस और फिर मैनचेस्टर यूनाइटेड से खेलने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब सऊदी अरब के अल नासर से खेलेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रीमियर लीग के अन्य क्लब ने रोनाल्डो को अपनी टीम का हिस्सा बनाने में रूचि नहीं दिखाई थी। रोनाल्डो इतिहास में पहले खिलाड़ी नहीं है जिन्हें अपने करियर के अंतिम दौर में छोटी लीग में खेलना पड़ रहा है। उनसे पहले भी कई दिग्गज फुटबॉलर करियर के अंत में छोटे लीग का हिस्सा रहे।

ब्राजील के पेले तीन बार वर्ल्ड कप चैम्पियन रह चुके हैं। करियर के अंत में उन्होंने अमेरिका के फुटबॉल क्लब न्यूयॉर्क कॉस्मॉस से खेला। उन्होंने इस टीम से 64 मैच में 37 गोल दागे। 1975 में न्यूयॉर्क के मैनेजर ने कहा था कि पेले अमेरिका के लिए फायदेमंद रहे।

ब्राजील के ही जीको को दुनिया में वाइट पेले के नाम से भी जाना जाता था। ये ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने की सूची में पांचवें नंबर पर है। 1991 में जीको ने जापान के क्लब काशिमा एंटलर्स से खेला। जीको को जापान में फुटबॉल का भगवान माना जाता है। जावी स्पेन के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। 2015 में वे कतर के क्लब अल सद्द से जुड़े। इस क्लब से खेलते हुए उन्होंने 82 मैच में 21 गोल दागे। इसके बाद 2019 से 2021 तक जावी अल सद्द के कोच बने। अभी वे स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के कोच हैं। इटली के लिए 91 मैच खेले और वर्ल्ड कप भी जीता।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को हराया

### नसीम शाह ने झटके पांच 5 विकेट, रिजवान, बाबर और फखर ने जमाये अर्धशतक

**एजेंसी। कराची**




टेस्ट सीरीज 0-0 से ड्रॉ कराने के बाद पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में छह विकेट से हरा दिया। न्यूजीलैंड से मिले 256 रन के टारगेट को पाकिस्तान ने 48.1 ओवर में हासिल कर लिया। उनके लिए विकेटकीपर मो. रिजवान, कप्तान बाबर आजम और ओपनर फखर जमान ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। पहली पारी में 5 विकेट लेने वाले नसीम शाह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 3 वनडे की सीरीज का दूसरा मैच 11 जनवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में ही खेला जाएगा।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में ओपनर डेवोन कॉन्वे को नसीम ने गोल्डन डक पर बोल्ड कर दिया। कप्तान केन विलियमसन (26) ने फिन एलन के साथ 37 रन जोड़े। लेकिन, एलन भी 29 रन बनाकर पावरप्ले में ही चलते बने। मिडिल ऑर्डर में डेरिल मिचेल ने 36, विकेटकीपर टॉम लैथम ने 42, ग्लेन फिलिप्स ने 37, मिचेल सेंटनर ने 21 और टिम साउदी ने 15 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल ने सबसे ज्यादा रन 43 बनाए। वहीं, लॉकी फर्ग्यूसन एक रन बनाकर नॉटआउट रहे और हेनरी शिप्ले शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह ने 5 विकेट लिए। डेब्यू कर रहे लेग स्पिनर उसामा मिर ने कप्तान विलियमसन और लैथम के विकेट लिए। मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम को एक-एक सफलता मिली। पाकिस्तान की दमदार गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड 50 ओवर में 9 विकेट पर 255 रन ही बना सका।

### रिजवान की पारी से जीता पाकिस्तान

**256** रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने पावरप्ले में इमाम-उल-हक (11) का विकेट गंवा दिया। फिर फखर जमान (56) ने बाबर आजम (66) के साथ 78 रन की पार्टनरशिप की। फखर के आउट होने के बाद बाबर ने मोहम्मद रिजवान (77) के साथ 60 रन जोड़े। रिजवान ने हारिस सोहेल (32) के साथ 64 रन की पार्टनरशिप की और टीम को जीत की ओर ले गए। आखिर में रिजवान ने आगा सलमान (13) के साथ टीम को जीत दिला दी। पाकिस्तान ने 48.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 258 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स को 1-1 सफलता मिली।

**संभावना** ऑस्टेलियाई गेंदबाज की अंगुली में चोट, कहा- शायद, मैं खेल नहीं पाऊंगा

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच मिस कर सकते हैं स्टार्क

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने 9 फरवरी से शुरू होने जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच से अंगुली की चोट के कारण अनुपस्थित रह सकते हैं। उन्हें साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस को दिए इंटरव्यू में स्टार्क ने कहा : आशंका है मैं पहले टेस्ट में नहीं खेल पाऊंगा। देखते हैं महीने के अंत में स्थिति कैसी रहती है। मेरे दूसरे टेस्ट से उपलब्ध रहने की संभावना है।




स्टार्क ने कहा : उम्मीद करता हूं कि अगर वे चाहते हैं कि मैं खेलूं तो मैं दूसरे टेस्ट के लिए वहां रहूंगा। हम देखेंगे कि अंगुली की स्थिति कैसी रहती है। स्टार्क के अलावा कैमरन ग्रीन के खेलने पर भी संशय है। ग्रीन भी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में अंगुली फ्रैक्चर करा बैठे थे। उनकी अंगुली में एनरिक नॉर्किया की बाउंसर लगी थी। इन दोनों के अलावा भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने पर भी संशय है।

## बुमराह के खेलने पर भी संशय बरकरार



**एक** ओर मिचेल स्टार्क चोट के कारण पहला टेस्ट छोड़ने की बात कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर जसप्रीत बुमराह के पूरी सीरीज से बाहर होने की खबर है। ईएसपीएन ने दावा किया है कि भारतीय पेसर इस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड के नागपुर में खेलने की संभावना है। यह 2017 से एशिया में उनका दूसरा टेस्ट होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दौरान हेजलवुड अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने पहली पारी में चार विकेट चटका कर मेहमान टीम को फॉलोऑन के लिए मजबूर करने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, खराब मौसम के कारण मैच ड्रॉ हो गया। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने भी हेजलवुड का नागपुर टेस्ट में खेलना तय बताया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा : हेजलवुड चुनने में कोई हिचक नहीं है, आपको पता है कि वह कितना उच्च स्तरीय खिलाड़ी है। सिडनी के विकेट पर चार या पांच विकेट हासिल करना। वह जब भी गेंदबाजी कर रहा था तो खतरनाक लग रहा था।



## NEWS इन ब्रीफ

### म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम 2.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 39.88 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** म्यूचुअल फंड उद्योग के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बीते साल यानी 2022 में 2.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गईं। निश्चित निवेश वाली योजना एसआईपी के प्रति निवेशकों का आकर्षण बढ़ने की वजह से म्यूचुअल फंड उद्योग के एयूएम में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम 2022 में 5.7 प्रतिशत या 2.2 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 39.88 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### एजवेल फाउंडेशन की बजट में बुजुर्गों के लिए आयकर में राहत

**नयी दिल्ली।** आम बजट से पहले कुछ गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने देश की बुजुर्ग आबादी की बेहतरी के लिए कदम उठाने के सुझाव दिए हैं। इनमें वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी, अतिरिक्त आयकर में राहत और बड़ी उम्र के लोगों द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की छूट के उपाय शामिल हैं। एनजीओ एजवेल फाउंडेशन ने कहा कि पुरानी और युवा पीढ़ी के बीच बढ़ता अंतर, लंबे जीवनकाल के आलोक में वृद्ध लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव के मद्देनजर बजट में उनके अनुकूल प्रावधान किए जाने चाहिए।

### सऊदी अरब के युवराज का पाकिस्तान में निवेश बढ़ाने का निर्देश

नयी दिल्ली। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने पाकिस्तान में अपने देश के निवेश को 10 अरब डॉलर पर पहुंचाने और पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के पास अपनी जमा को बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करने की संभावनाओं पर गौर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पाकिस्तान के मीडिया में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सऊदी संवाद समिति सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, युवराज बिन सलमान ने पाकिस्तान में सऊदी अरब के निवेश को बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक पहुंचाने से संबंधित पहलुओं पर गौर करने का निर्देश दिया है।

### देश की ऊर्जा सुरक्षा चार स्तरीय रणनीति पर आधारित

**नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा चार स्तरीय रणनीति पर आधारित है। यह रणनीति आपूर्ति के स्रोतों को विविध रूप देना, घरेलू स्तर पर ज्यादा-से-ज्यादा तेल एवं गैस का पता लगाना और उत्पादन करना, ऊर्जा बदलाव के तहत वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग तथा गैस एवं हरित हाइड्रोजन को अपनाना है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। गन्ने और अन्य कृषि उपज से प्राप्त एथनॉल को पेट्रोल में मिलाया जा रहा है ताकि आयात पर निर्भरता को कम किया जा सके।

### डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ मजबूत

**नयी दिल्ली।** भारतीय रुपए में मंगलवार को मजबूती का रुख देखा गया। बीते लंबे समय से डॉलर के मुकाबले कमजोर चल रहे रुपए ने मंगलवार को एक महीने का उच्च स्तर छुआ। बाकी कारोबार के अंत तक इसमें मजबूती का यही रुख रहने की उम्मीद है। डॉलर के कमजोर पड़ने से बाजार में हालात बदले हुए रहे। बीते तीन दिन से डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। मंगलवार को रुपया 81.50 रुपए प्रति डॉलर से लेकर 81.70 रुपए प्रति डॉलर के बीच रह सकता है। डॉलर में कमजोर रुख का सीधा असर रुपए पर दिखा है। इसने मंगलवार को जहां बीते एक महीने का सबसे उच्च स्तर छू लिया।

# भारतीयों ने एक साल में देश में भेजे रिकॉर्ड 100 अरब डॉलर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बताया कि वर्ष 2022 के दौरान भारतवंशियों द्वारा देश में भेजी गई रकम इसके पिछले साल के मुकाबले 12 फीसदी बढ़कर करीब 100 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई। देश के विकास में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने ये आंकड़े पेश किए। सीतारमण ने इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा, कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद 2022 के दौरान भारतवंशियों ने विदेश से देश में लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर भेजे जो 2021 के मुकाबले 12 फीसजी ज्यादा है। उन्होंने कहा, ह्यलोगों ने सोचा था कि महामारी के प्रकोप के



चलते भारत लौटे पेशेवर शायद लौटकर विदेश नहीं जाएंगे, लेकिन वे वहां पहले के मुकाबले ज्यादा तादाद में रोजगार के लिए गए और पहले के मुकाबले ज्यादा रकम देश में पहुंचाई। वित्त मंत्री ने प्रवासी भारतीयों को भारत का वास्तविक राजदूत करार दिया और उनसे अपील की कि जहां तक संभव हो सके, वे भारत में बने उत्पादों और सेवाओं का इस्तेमाल करें ताकि देश के अलग-अलग ब्रांड का दुनिया भर में प्रचार हो सके। उन्होंने कहा कि भारतवंशियों द्वारा देश के छोटे-बड़े कारोबारियों के साथ भागीदारी भी की जानी चाहिए ताकि आजादी के अमृत काल के दौरान अगले 25 साल में प्रवासी भारतीयों के उद्यमिता कौशल को भुनाया जा सके। सीतारमण ने यह भी कहा कि चीन प्लस वन नीति के बाद दुनिया अब ह्ययूरोपीय संघ (एव) प्लस वन नीति की बात भी कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सामने भारत को ऐसे देश के रूप में पूरी मजबूती से प्रस्तुत कर रही है जहां वे चीन और एव के अलावा अपने कारखाने लगा सकती हैं।

## एनसीएलएटी ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रा के समाधान पेशेवर को हटाने को सही ठहराया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कर्ज समाधान पेशेवर (आरपी) को हटाने के एनसीएलटी के आदेश को बरकरार रखा है। इसके साथ ही एनसीएलएटी ने मंगलवार को उक्त समाधान पेशेवर के खिलाफ जांच करने का निर्देश भारतीय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) को देते हुए कहा कि कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाए। एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का कर्ज समाधान के लिए नियुक्त पेशेवर को हटाने का फैसला उसके न्यायाधिकार के भीतर ही लिया गया है। इस समाधान पेशेवर ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रा के कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की बैठक बुलाने के लिए कदम नहीं उठाया था। न्यायमूर्ति राकेश कुमार और श्रीशा मर्ला की पीठ ने कहा कि इस कंपनी के खिलाफ दिवालिया समाधान प्रक्रिया छह नवंबर, 2019 को शुरू की गई थी।

# आठ दिनों तक चलने वाली कार प्रदर्शनी आज से, ई मोबिलिटी पर रहेगा जोर



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की सबसे बड़ी आठ दिवसीय द्विवर्षीय प्रदर्शनी - द ऑटो एक्सपो - मोटर शो 2023 गुरुवार से शुरू हो रही है जहां कंपनियां ई मोबिलिटी पर ध्यान केन्द्रित करती दिखेंगी। इसमें सिर्फ इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और उसके कल पुर्जे बल्कि इलेक्ट्रिक कारें और स्पोर्ट यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) के नये मॉडल और कान्सेपट मॉडल देखने को मिलेंगे। ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी 2023 को होगा। पहले और दूसरे दिन अर्थात 11 जनवरी और 12 जनवरी को यह शो विशेष रूप से मीडिया के लिए होगा। इसके बाद तीसरे दिन 13 जनवरी को यह सिर्फ बिजनेस विजिटरों के लिए होगा और उसके बाद 14 जनवरी से 18 जनवरी तक यह शो आम आदमी के लिए खुलेगा। ऑटोमोटिव कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा प्रदर्शनी के इस 16वें संस्करण की थीम गतिशीलता की दुनिया की खोज (एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफ मोबिलिटी) है। यह थीम उद्योग की एक ज्यादा सुरक्षित, स्वच्छ, हरे-भरे और जुड़े हुए भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल दूरदर्शी सबसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के दृष्टिकोण से मेल खाती है। यह प्रदर्शनी दर्शकों को बदलते और क्रमिक रूप से विकसित होते मोबिलिटी इकोसिस्टम की समझ प्रदान करेगी और भविष्य के लिए तत्पर नए-नए तथा बेहतर समाधान पेश करेगी। वाहन निर्माण करने वाली कंपनियों के शीर्ष संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा है कि, उद्योग का लक्ष्य इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया आयाम और अनुभव प्रदान करना है।

## 4 साल 240 दिन काम करने के बाद कर्मचारियों की ग्रेच्युटी से नहीं रोक सकती

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को 5 साल लगातार किसी कंपनी में जॉब करने के बाद ग्रेच्युटी की सुविधा मिलती है। जब आप कंपनी छोड़ते हैं तो इसका भुगतान नियोक्ता को करना पड़ता है। ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के नियम के मुताबिक हर उस कंपनी को अपने कर्मचारियों को ग्रेच्युटी देनी पड़ती है जो 10 से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं। अगर आप कंपनी में लगातार 4 साल 240 दिन काम करते हैं तो आप ग्रेच्युटी के हकदार बन जाते हैं, लेकिन कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं जब नियोक्ता ने अपने कर्मचारियों को ग्रेच्युटी देने से इनकार कर दिया है। अगर आपके साथ भी ऐसा हुआ है तो आप इसके लिए कंपनी को सबसे पहले लीगल नोटिस भेजें। इसके बाद भी आपको पैसे नहीं मिलते हैं



तो आप इसकी शिकायत लेबर कमिशनर ऑफिस में कर सकते हैं। इसके बाद लेबर कमिशनर ऑफिस का एक अधिकारी इस पूरे मामले की जांच करता है। अगर आपका पक्ष सही पाया जाता है तो वह कंपनी को ग्रेच्युटी भुगतान का 30 दिन का वक्त दे सकता है। अगर इसके बाद भी कंपनी पैसे नहीं देती है तो 30 दिन के बीतने के बाद 15 दिन के भीतर कंपनी पर कानूनी कार्रवाई की शुरूआत की जा सकती है। अगर इस मामले में कंपनी दोषी पाई जाती है तो उसके मालिक को 6 महीने से लेकर 2 साल तक की जेल हो सकती है।

# हल्दी के कारोबार पर मंदी का साया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हल्दी की पैदावार देश में पिछले साल से ज्यादा देखी जा रही है। लेकिन कीमत में मामले में निचले स्तर पर पहुंचते जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों को देखें तो इस बार मंडियों में हल्दी की आवक पहले से कहीं अधिक है यानी देश में इसकी बंपर उपज हुई है। फिर क्या इस पर मंदी का साया है या फिर कोई कारण? हल्दी की कीमतों में आ रही गिरावट का जो सबसे बड़ा कारण सामने आया है वो है इसकी मांग में कमी। दरअसल, देश में इसका उत्पादन तो अधिक हो रहा है, लेकिन मांग कम होने के कारण इसके दाम निचले स्तर पर देखे जा रहे हैं। इसकी तुलना में एक साल पहले कोरोना की वजह से हल्दी की मांग में बड़ा इजाफा देखने को मिला था और इसके रेट भी उसी तेजी से बढ़े थे। गौरतलब है कि काढ़ा आदि में हल्दी के इस्तेमाल ने दाम बढ़ाने में मदद की थी।



किसान टेक की रिपोर्ट के मुताबिक, जहां पिछले साल हल्दी की बिकवाली आठ और सवा आठ हजार प्रति कुंटल पर चल रही थी। वही इस साल मौजूदा सीजन में हल्दी का कारोबार छह हजार रुपये से 6400 रुपये के आसपास है। इस बार दाम में गिरावट के पीछे अधिक उपज को भी जिम्मेदार माना जा रहा है। ताजा हाल ये है कि महाराष्ट्र का सतारा जिला, जहां पर हल्दी की बंपर पैदावार होती है। यहां के कराड में बड़ी संख्या में किसान हल्दी की पैदावार लेते हैं। लेकिन यहां भी मौजूदा दाम 6425 रुपये प्रति कुंटल चल रहा है जिस रेट पर व्यापारी किसानों से हल्दी खरीद रहे हैं। पिछले साल की तुलना में देखें तो हल्दी के दाम प्रति कुंटल 2000 रुपये तक कम चल रहे हैं। जितनी तेजी से आवक है, उतनी तेजी मांग में नहीं देखी जा रही जिससे हल्दी के कारोबार में कमी दिख रही है। अलग-अलग मंडियों की बात करें तो बीते 7 दिसंबर को महाराष्ट्र के वाशिम जिले में हल्दी का न्यूनतम दाम 5650 रुपये और अधिकतम 7301 रुपये रहा।

# अब पैसों की भारी किल्लत से जूझ रहा पाकिस्तान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका की हालात साल 2022 के बेहद खराब हो गए थे और पूरा देश कंगाल हो गया था। अब श्रीलंका जैसे हालात देश के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में दिखाई दे रहे हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की इकोनॉमी की हालत पिछले कुछ दिनों से बहुत खराब है। ऐसे में देश में बुनियादी चीजों की किल्लत हो रही है। ऐसे में अब देश में शादी-ब्याह और रोजमर्रा के जीवन में भी खाना बनाने में परेशानी हो रही है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहा है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार 8 साल के सबसे निचले स्तर यानी करीब 5.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। ऐसे में इस राशि से पाकिस्तान के 3



हफ्ते ही जरूरत की चीजों का आयात कर पाएगा। पाकिस्तान में श्रीलंका जैसे हालात बन चुके हैं। देश का विदेशी कर्ज जहां लगातार बढ़ रहा है, वहीं विदेशी मुद्रा में लगातार कमी देखी जा रही है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 के मार्च तक देश का कपल विदेशी कर्ज 43 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गया है। इस कर्ज में एक बड़ा हिस्सा इमरान खान के कार्यकाल का है। उन्होंने केवल 3 साल के दौरान कुल 1400 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का कर्ज लिया है।

# अब बिक जायेगा आईडीबीआई बैंक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पब्लिक सेक्टर के बैंक आईडीबीआई बैंक का विनिवेश अगले वित्त वर्ष में पूरा हो जाएगा। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट के सचिव तुहिन कांता पांडे ने बताया कि आईडीबीआई बैंक में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए घरेलू और विदेशी दोनों निवेशकों ने रुचि दिखाई है। सरकार ने कहा कि उसे आईडीबीआई बैंक में बहुमत हिस्सेदारी के लिए कई बोलियां प्राप्त हुई हैं। आने वाले वित्त वर्ष में आईडीबीआई के विनिवेश की उम्मीद है। सरकार और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) दोनों के पास आईडीबीआई बैंक में 94. 71 फीसदी की हिस्सेदारी है। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है, तो वहीं एलआईसी का हिस्सा 49.24 फीसदी है। सरकार ने 7 अक्टूबर को आईडीबीआई बैंक के एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। कुल मिलाकर सरकार और जीवन बीमा निगम




मिलकर आईडीबीआई बैंक में 60.72 फीसदी की हिस्सेदारी बेचेंगे। तुहिन कांत पांडे ने एक इंटरव्यू में कहा, 'हमें अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक आईडीबीआई बैंक की बिक्री पूरी होने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि बिडर्स को भारतीय रिजर्व बैंक के उपयुक्त और उचित मानदंडर के लिए पुनरीक्षित किया जाएगा और फिर बैंक के गोपनीय डेटा को संभावित बोलीदाताओं के साथ साझा किया जाएगा। सफल बिडर्स को पब्लित शेयरहोल्डिंग के लिए 5.28 फीसदी के अधिग्रहण के लिए ओपन ऑफर लाना होगा। इससे पहले डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट ने कहा था कि संभावित खरीदारों के पास 22,500 करोड़ रुपये की न्यूनतम नेटवर्थ होनी चाहिए। इसके अलावा एक कंसोर्टियम में अधिकतम चार सदस्यों की अनुमति होगी। साथ ही सफल बिडर्स को अधिग्रहण की तारीख से पांच साल के लिए इक्विटी पूंजी का कम से कम 40 फीसदी अनिवार्य रूप से लॉक करना होगा। सरकार ने कुछ समय पहले कहा था कि विदेशी फंड और निवेश फर्मों के एक कंसोर्टियम को आईडीबीआई बैंक के 51 फीसदी से अधिक की ओनरशिप की हासिल करने की अनुमति दी जाएगी।

## घरेलू कंपनियों में निजी पीई निवेश 42 प्रतिशत घटकर 23.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू कंपनियों में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 2022 में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत गिरकर 23.3 अरब डॉलर पर आ गया। उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2019 के बाद सबसे कम पीई निवेश है। उस दौरान निवेश 15.8 अरब डॉलर रहा था। लंदन स्टॉक एक्सचेंज समूह की इकाई रिफिनिटिव के वरिष्ठ विश्लेषक एलेन टैन के अनुसार, देश में 2021 की तुलना में पिछले साल पीई इक्विटी निवेश 42 प्रतिशत घटकर 23.3 अरब डॉलर पर आ गया। यह 2019 के 15.8 अरब डॉलर के बाद से सबसे कम निवेश रहा। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि साल के दौरान कितने निजी इक्विटी सौदे हुए। आंकड़ों के अनुसार, 2022 की दिसंबर तिमाही में पीई निवेश कुल मिलाकर 3.61 अरब डॉलर रहा। यह इससे पिछली तिमाही के 3.93 अरब डॉलर से 8.1 प्रतिशत कम था, जबकि सालाना आधार पर 67.2 प्रतिशत नीचे था।

# कोका कोला और पेप्सी को सीधे टक्कर देगा मुकेश अंबानी का कोला ड्रिंक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अपने कारोबार का विस्तार करते हुए कोला बाजार के इस प्रतिष्ठित ब्रांड का दिल्ली स्थित प्योर ड्रिंक ग्रुप के साथ करीब 22 करोड़ रुपये के सौदे के तहत अधिग्रहण किया है। कोका कोला और पेप्सिको को टक्कर देने की तैयारी में हैं रिलायंस की कोला ड्रिंक रिटेल आउटलेट्स पर भी उपलब्ध है और वो भी अपने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वियों के ब्रांड की तुलना में कहीं सस्ती कीमत पर। उदाहरण के लिए, रिलायंस के ई-ग्रॉसरी वेंचर जियो मार्ट में कैंपा कोला की 2 लीटर की बोतल 49 रुपये में मिल रही है, जबकि कोका-कोला 1.75 लीटर की बोतल 70 रुपये और पेप्सी 2.25 लीटर की बोतल 66 रुपये में बेच रही है। एशिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी ने शीतल पेय मार्केट में अपना परचम लहराने की तैयारी




तेज कर दी है। उनके रिलायंस ग्रुप ने इस सेक्टर की दिग्गज कोका कोला और पेप्सी जैसी कंपनियों को मात देने के लिए बिग प्लान बनाया है। इसके तहत उन्होंने पहले 70 के दशक के फेमस ब्रांड कैंपा कोला को अपने पोर्टफोलियो में शामिल किया, तो वहीं गुजरात बेस्ड बेवरेज फर्म सोसो हजूरी में हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान कर दिया है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी की रिलायंस लंबे समय से इस सेक्टर में लीडर कोका-कोला और पेप्सिको के खिलाफ खुद को बैटल आर्फ कोलस के लिए तैयार कर रहे हैं। बीते छह सालों की बात करें को अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस और एयरटेल, वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर के बीच देश के टेलीकॉम मार्केट पर राज के लिए जंग देखने को मिली थी। लेकिन साल 2023 के लिए अब जंग की नई थीम बन चुकी है।

**बेहतर रिटर्न** यह राकेश झुनझुनवाला का भी पसंदीदा शेयर था

# टाटा का चमकता सितारा है टाइटन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टाइटन के नाम से भला कौन परिचित नहीं है। टाटा ग्रुप का ये प्रोडक्ट जहां अपनी शुरूआत के साथ ही शेयर बाजार में धमाल मचा रहा है, तो वहीं लंबे समय तक देश में घड़ी का मतलब टाइटन को ही माना जाता था। 38 साल पहले टाइटन वॉचेस लिमिटेड के नाम से शुरू हुई कंपनी आज न केवल घड़ी बल्कि अन्य प्रोडक्ट्स के साथ मार्केट में दमदार मौजूदगी दर्ज कराए हुए है। शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद इसने अपने निवेशकों को लॉन्ग टर्म में जोरदार फायदा कराया है। बता दें मार्केट के बिग बुल कहे जाने वाले दिवंगत राकेश झुनझुनवाला का भी ये पसंदीदा स्टॉक रहा है। वित्त वर्ष 2022 में कंपनी का रेवेन्यू 29,033 करोड़ रुपये रहा था। फिलहाल, टाइटन का मार्केट कैप 2. 20 लाख



करोड़ रुपये है। 8 जनवरी 2023 को शेयर करीब 2500 रुपये का था। इस बीच कंपनी एक फिर से अपने कारोबार को रफ्तार दे रही है और इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टाइटन ने बीते साल दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के दौरान ही कुल 111 नए रिटेल आउटलेट जोड़े थे। अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 36 नए टाइटन आई+ स्टोर खोले गये। Q2 FY23 में, टाइटन का नेट प्रॉफिट 33 फीसदी इजाफे के साथ 857 करोड़ रुपये रहा था। टाइटन की ओर से नतीजों का ऐलान करते हुए बताया गया था कि वॉचेस एंड वियरेबल्स सेगमेंट ने कंपनी ने 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा आईकेयर बिजनेस से बिक्री में सालाना आधार पर 10 फीसदी का इजाफा दर्ज हुआ। सबसे पहले बात कर लेते हैं टाइटन की शुरूआत की। तो बता दें टाइटन वॉचेस लिमिटेड की शुरूआत 26 जुलाई 1984 में हुई थी। ये कंपनी टाटा ग्रुप और तमिलनाडु इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन का एक ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी की स्थापना के दो साल बाद उसके बाद 1986 से टाइटन वॉचेस ने घड़ियों का प्रोडक्शन स्टार्ट किया था और एक साल में बाद ही साल 1987 में टाइटन की घड़ी ने पूरे मार्केट में राज्य कर लिया था। इसके आने के बाद देश में घड़ी का मतलब मानो टाइटन ही हो गया था। देश में घड़ी मार्केट पर कब्जा जमाने के बाद टाइटन ने कारोबार विस्तार के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए थे। कंपनी अब सिर्फ घड़ी ही नहीं बल्कि इस ब्रांड के तहत और भी कई प्रोडक्ट मार्केट में उतारने की तैयारी कर रही थी। इसके मद्देनजर 1993 में कंपनी ने अपना नाम टाइटन वॉचेस लिमिटेड से बदलकर टाइटन इंडस्ट्रीज लिमिटेड कर दिया।

## अमूल के एमडी आरएस सोढ़ी ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** आरएस सोढ़ी ने गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे इसके ब्रांड नेम 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। जीसीएमएमएफ के सीओओ जयन मेहता को अब यह पद सौंपा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेहता को केवल अस्थायी प्रभार दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड की सोमवार को चेयरमैन शामलभाई पटेल और वाइस चेयरमैन वालमभाई हम्बल के नेतृत्व में हुई मीटिंग में आर एस सोढ़ी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। जीसीएमएमएफ अमूल ब्रांड को ऑपरेट करने वाली मूल फर्म है। साल 2010 में अमूल की कमान आरएस सोढ़ी के हाथ में गई जो पिछले 30 सालों से अमूल के साथ जुड़े थे।

# आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए लाएगी पीएलआई योजना

**एजेंसी। हैदराबाद**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी सर्वर और आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जल्द ही लेकर आने वाली है। चंद्रशेखर ने यहां आयोजित ह्यवीएलएसआई डिजाइन सम्मेलन 2023 को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भारतीयों की विकसित बौद्धिक संपदा को अपने उत्पादों में आत्मसात करने वाले विनिमार्ताओं के लिए भी सरकार अलग से प्रोत्साहन देगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने फ्यूचर डिजाइन कार्यक्रम की घोषणा की हुई है जिसमें स्टार्टअप कंपनियों में 20 करोड़ डॉलर के निवेश का प्रावधान है। भारत में अगली पीढ़ी के एप्लिकेशन के लिए बौद्धिक संपदा (आईपी), टूल्स या उपकरणों के डिजाइन में लगी स्टार्टअप कंपनियां इससे लाभान्वित होंगी। चंद्रशेखर ने कहा,हमारा मत है कि वर्ष 2024 तक भारत सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में कदम रख चुका होगा जिससे अधिक नवाचारी पारिस्थितिकी एवं घरेलू डिजाइन को प्रोत्साहन मिलेगा। हम स्टार्टअप को वैश्विक दिग्गज कंपनियों के साथ मिलकर आईपी और उपकरणों के विकास के लिए बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों और नवोन्मेषी पारिस्थितिकी को बाजार से पूरी तरह समर्थन सुनिश्चित करने के लिए सरकार जल्द ही आईटी सर्वर और आईटी हार्डवेयर के लिए एक पीएलआई योजना लेकर आएगी। यह मोबाइल फोन क्षेत्र की पीएलआई योजना की ही तर्ज पर होगी।

**KASHYAP'S DENTAL CLINIC**

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### गुलाटी 15 जनवरी को अजमेर आयेंगे

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण स्मारक न्यास के न्यासी एवं एमडीएच मसाले समूह के चैयरमेन राजीव गुलाटी 15 जनवरी को अजमेर आएंगे। मकर संक्रांति के दिन गुलाटी न्यास की ओर से भिनाय कोठी पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और आर्यजनों को संबोधित करेंगे।

### कोहरे के कारण दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में पिछले 24 घंटे में घने कोहरे के कारण हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। पहली घटना सोमवार की शाम करीब 06:30 बजे घटी जहां एक बस कोहरे के कारण हरबर्ट पुर के पास बिजली के खंभे से टकरा गयी। दुर्घटना में 56 वर्षीय बस चालक अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि बस में सवार दो अन्य व्यक्तियों के पैर में चोटें आयी। वहीं, दूसरी घटना शाम करीब 06:00 बजे के बीच घटी, जिसमें एक वाहन बालासुंदरी मंदिर के पास कोहरे के कारण पेड़ से टकरा गयी। वाहन सवार सभी चार लोगों को सुभारती हॉस्पिटल भेजा गया, जहां दो व्यक्तियों को मृत घोषित किया गया।

### जामनगर में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**जामनगर।** गुजरात के जामनगर हवाई अड्डे पर मॉस्को से गोवा जा रहे विमान की सोमवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जामनगर हवाई अड्डा के सेफ्टी मैनेजर ने बताया कि विमान में संदिग्ध वस्तु होने की आशंका के कारण यह आपात लैंडिंग रात करीब 09:49 बजे हवाई अड्डे पर करानी पड़ी। विमान में 226 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित हवाई अड्डे पर उतार लिया गया है। विमान मॉस्को से गोवा जा रहा था और विमान में संदिग्धा वस्तु होने की सूचना मिली थी।

### हैरिस, ब्राजील में नए दूत बागले को शपथ दिलाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ब्राजील में अगले दूत के रूप में काम करने के लिए राजदूत एलिजाबेथ बागले को शपथ दिलाएंगी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा : उपराष्ट्रपति औपचारिक रूप से राजदूत एलिजाबेथ बागले को ब्राजील में राजदूत के रूप में शपथ दिलाएंगी। राजदूत बागले को उनके बेटे और बेटी के पास मौजूद एक निजी बाइबिल पर शपथ दिलाई जाएगी। राजदूत के परिवार के सदस्य इसमे शामिल होंगे।

# प्रवासी भारतीय सम्मेलन की स्मृतियां ताजा रखेगा 'नमो ग्लोबल गार्डन'

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि 'नमो ग्लोबल गार्डन' प्रवासी भारतीय सम्मेलन की स्मृतियां ताजा रखेगा। श्री चौहान ने इस गार्डन में प्रवासी भारतीयों के साथ पौधरोपण करने के बाद कहा कि इस गार्डन में लगाए गए हर एक पौधे पर क्यूआर कोड लगाया गया है। यह कोड पौधरोपण करने वाले सभी प्रवासी भारतीयों को भी दिया गया है। इसे स्कैन कर प्रवासी भारतीय अपने पौधे की निरंतर स्थिति जान पाएंगे। उन्होंने कहा :

**पुष्पिताः फलवन्तश्च तर्पयन्तीह मानवान।**
**वृक्षदं पुत्रवत् वृक्षास्तारयन्ति परत्र च॥**

पेड़-पौधे ही धरती को समृद्ध और मनुष्य के जीवन को सानंद बनाते हैं। ये गार्डन प्रवासी भारतीय सम्मेलन की स्मृतियों की सदैव याद दिलाता रहेगा। उनके द्वारा लगाए गए इन पौधों के माध्यम से वह सदैव न सिर्फ हमसे जुड़े रहेंगे, बल्कि मध्य प्रदेश की प्रगति और विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उनका नाता हमसे बना रहेगा।



## प्रवासियों को विदा करते समय मन में है तकलीफ, फिर बुलाएंगे

17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भावुक अंदाज में प्रवासी भारतीयों से कहा कि मेहमानों को विदा करते समय उनके मन में तकलीफ हो रही है और अब वे चीते दिखाने के लिए प्रवासी भारतीयों को फरवरी में फिर बुलवाएंगे। श्री चौहान ने प्रवासी भारतीयों के सम्मान एवं समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि आज दुर्लभ अवसर है। एक ही मंच पर तीन राष्ट्रों के राष्ट्रपति मौजूद हैं। मन भावविभोर है। इंदौर ने सबका ऐसा स्वागत किया जैसे कोई शादी में करता है, लेकिन जब विदाई होती है, तो मन में तकलीफ होती है। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से यहीं रुकने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 'पधारो म्हारे घर' कार्यक्रम में शामिल प्रवासी भारतीय भावविभोर थे। ऐसा लगा कि मेहमान और मेजबान दोनों परिवार जुड़ गए हैं।

## यूक्रेन को काउंटरड्रोन सिस्टम देने को संघर्षरत है अमेरिका

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका आधुनिक हवाई खतरे से निपटने के लिए यूक्रेनी सैनिकों को प्रभावी काउंटरड्रोन सिस्टम की आपूर्ति करने के लिए संघर्ष कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पश्चिमी अधिकारियों और विश्लेषकों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सोमवार को रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी रक्षा विभाग ने अगस्त में यूक्रेन को वैम्पायर काउंटरड्रोन सिस्टम की डिलीवरी का वादा किया था, लेकिन पिछले महीने केवल हथियार के लिए चार करोड़ डॉलर के अनुबंध को मंजूरी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका 2023 के मध्य तक पहले चार वैम्पायर सिस्टम नहीं दे पायेगा। इसके साथ ही वर्ष के अंत तक दस और इकाइयां आने की उम्मीद है। संघीय वित्तपोषित सेंटर फॉर नेवल एनालिसिस के एक ड्रोन विशेषज्ञ सैम बेंडेट ने कहा कि यूक्रेन को बड़े शहरों, सैन्य सुविधाओं और खतरे से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे के आसपास सैकड़ों काउंटरड्रोन सिस्टम की जरूरत है। वाशिंगटन और कीव ने मॉस्को पर यूक्रेन में ईरानी शहीद-136 ड्रोन का उपयोग करने का आरोप लगाया। मॉस्को और तेहरान ने आरोपों से इनकार किया है।

## पेरू : सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष में 17 प्रदर्शनकारियों की मौत



**एजेंसी। मेक्सिको सिटी**

पेरू के पुनो क्षेत्र में जुलियाका हवाई अड्डे पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच संघर्ष में सरकार विरोधी 17 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गयी। पेरू के प्रधानमंत्री अल्बर्टो ओटारोला ने हवाई अड्डे पर हुए हमले को सुनियोजित साजिश करार देते हुए सोमवार को अभियोजक कार्यालय से तख्तापलट की योजना बनानेवालों का पता लगाने और उन्हें दंडित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने सरकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित एक संबोधन में कहा : आज 9,000 से अधिक लोग हवाई अड्डे के पास एकत्र हुए, जिनमें से दो हजार ने पुलिस और हवाईअड्डे की इमारतों पर निर्मम हमलों में भाग लिया। हमले में कई लोगों के हताहत होने की जानकारी मिली है, जिस पर हम शोक व्यक्त करते हैं। जिन लोगों ने तख्तापलट की योजना बनायी, वे इन मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

गौरतलब है कि प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को हटाने की मांग कर रहे हैं। इसी दौरान सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने हवाई अड्डे पर हमला कर दिया, जिसके बाद सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 17 लोग मारे गये। मारे गये लोगों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। बोलुआर्टे ने सात दिसम्बर 2022 को पेरू के तत्कालीन राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को पद से हटाने के बाद उन्हें गिरफ्तार करवा लिया था। इसके बाद वह राष्ट्रपति पद पर काबिज हुईं।

# वाई-20 की तर्ज पर होगा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवा सम्मेलन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कर्नाटक के हुबली और धारावाड़ में होनेवाले 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में वाई 20 की तर्ज पर युवा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। केंद्रीय खेल और युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह घोषणा की। गौरतलब है कि भारत की मेजबानी में इस साल के अंत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के साथ-साथ युवाओं के लिए वाई 20 (यूथ-20) सम्मेलन का आयोजन होगा। इस आयोजन में युवाओं को जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम जैसे विषयों पर नीतिगत सुझाव देने का अवसर मिलेगा। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पांच-दिवसीय युवा महोत्सव में होने वाले युवा शिखर सम्मेलन में कार्य और उद्योग के भविष्य, जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा : भारत को जी-20 की मेजबानी मिलना हम सबके लिये गर्व की बात है। जी-20 के अंतर्गत यूथ 20 की बैठकें देशभर में होंगी। हमारा प्रयास होगा कि युवा महोत्सव में जो युवा आयेंगे, उन्हें यूथ 20 की जानकारी दें और जब वे अपने राज्य वापस जायें तो देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों यूथ टॉक्स का आयोजन हो।



## आतंक रोकने के लिए गांव वालों को दिए जा रहे हथियार

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू के रजौरी में अब गांव वालों को आतंकियों से खुद निपटने के लिये हथियार दिये जा रहे हैं। रजौरी के डांगरी में लोगो को 303 और एसएलआर राइफल्स बांटे जा रहे हैं। साथ मे उनको चलाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। दरअसल डांगरी वही जगह है जहां पिछले दिनों आतंकी हमले में सात लोगो की मौत हो गई थी। डांगरी के सरपंच के मुताबिक शुरूआती फेज में पूर्व सैनिकों को 10 हथियार दिए गए हैं। फिलहाल जिन्हें हथियार दिए गए हैं, वो गांव की सुरक्षा के लिये विलेज डिफेंस कमेटी में शामिल है। उधर जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मुकाबला करने के लिए देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ द्वारा ग्राम विकास समिति के तहत ग्रामीणों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। पिछले दिनों जम्मू के राजौरी में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद यह कदम उठाया गया है।

## बेंगलुरु में मेट्रो का पिलर गिरा, दो लोगों की मौत

**नागवारा (बेंगलुरू)।** बेंगलुरु के नागवारा में मेट्रो का निर्माणाधीन पिलर गिरने से मंगलवार को दो लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में एक व्युक्ति घायल भी हुआ है। पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि सुबह करीब 10 बजकर 45 पर मेट्रो का निमार्णाधीन पिलर गिर गया। इसकी चपेट में एक बाइक आ गई, जिसपर चार लोग सवार थे। बाइक पर लोहिथ उनकी पत्नीर तेजस्विनी और उनके जुड़वां बच्चे थे। हादसे में तेजस्विनी और उनके बेटे विहान की मौत हो गई। वहीं, लोहिथ इस हादसे में घायल हो गए।

## वायरल वीडियो | कपिल को भी रुला दिया पटना वाले खान सर ने

# 2.5 लाख से घटाकर 7.5 हजार रुपये कर दी फीस

**एजेंसी। मुंबई**

पटना वाले खान सर को तो आप जानते ही होंगे। अब उन्होंने दिल्ली में भी यूपीएससी की तैयारी करनेवालों के लिए अपना खुद का कोचिंग सेंटर खोल लिया है। तो, वही खान सर द कपिल शर्मा शो में गए हुए थे। जो शख्स यानी कपिल शर्मा अपनी हाजिरजवाबी और तमाम हरकतों से देश-दुनिया के दर्शकों को हंसाते हैं, वही कपिल शर्मा खान सर की एक बात से भावुक हो गए।

दरअसल, ठेठ अंदाज में पढ़ाने वाले खान सर के चाहने वालों की कोई कमी नहीं है। गरीब हो या अमीर, सभी लोग आसानी से खान सर को सुनते हैं। द कपिल शर्मा शो में देखा गया कि खान सर अपनी बात रख रहे हैं और कपिल शर्मा भावुक हो रहे हैं। कपिल शर्मा के साथ अर्चना पूरन सिंह भी भावुक हो रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि खान सर अपने छात्रों के बारे में बताते हुए नजर आते हैं। खान सर शो में बताते हैं कि यूपूएससी की फीस 2.5 लाख रुपये से घटाकर 7.5 हजार रुपये कर दिए गए हैं। ये भी कई लोगों के लिए एक सपना है। फीस भरने के लिए लोग बर्तन मांजते हैं, मजदूरी करते हैं। उनसे पैसा लेना भी गुनाह लगता है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो बहुत ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई लोगों की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। एक यूजर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, खान सर के लिए बहुत सम्मान, एक इंजीनियर के रूप में, मैं व्यक्तिगत रूप से अपने अध्ययन के समय में बहुत कुछ सीखता हूं। वहीं, इस वीडियो पर एक अन्य यूजर ने कहा- सर, आपके जैसा होना चाहता हूं। इसलिए रोज पढ़ता हूं। गरीबों को पढ़ाना चाहता हूं।

## FILMY हलचल

## सिद्धार्थ-रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू का ट्रेलर जारी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री रश्मिका मंधाना की आने वाली फिल्म मिशन मजनू का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। आरएसवीपी और गिल्टी बाय एसोसिएशन मीडिया की आनेवाली जासूसी थ्रिलर फिल्म मिशन मजनू में सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की मुख्य भूमिका है। सिद्धार्थ मल्होत्रा इस फिल्म में एक रॉ एजेंट की भूमिका निभाएंगे, जो पाकिस्तानी धरती पर भारत के गुप्त ऑपरेशन का नेतृत्व करते हैं। यह फिल्म पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे साहसी गुप्त ऑपरेशन से प्रेरित है। शांतनु बागची द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 1970 के दशक में सेट की गई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म 'मिशन मजनू' का ट्रेलर शेयर किया है।

## द कश्मीर फाइल्स ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट

**नयी दिल्ली।** 2022 की सबसे चर्चित फिल्म द कश्मीर फाइल्स ऑस्कर्स 2023 के लिए शॉर्टलिस्ट कर ली गई है। ये भारत से ऑस्कर्स में सलेक्ट हुई 5 फिल्मों में से एक है। मूवी के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर इस गुडन्यूज को शेयर किया है। ऑस्कर्स के लिए शॉर्टलिस्ट हुई द कश्मीर फाइल्स विवेक अग्निहोत्री ने मूवी द कश्मीर फाइल्स से जुड़े सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया है। इतना ही नहीं द कश्मीर फाइल्स के एक्टर्स में शामिल पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार और अनुपम खेर सभी बेस्ट एक्टर्स कैटिगरी में शॉर्टलिस्ट हुए हैं। डायरेक्टर के मुताबिक, ये बस शुरुआत है। अभी तो काफी आगे जाना है। द कश्मीर फाइल्स ने बॉक्स ऑफिस पर मचाई थी धूम फिल्म द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च 2022 को रिलीज हुई थी। ये मल्टीस्टारर मूवी थी। जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी अहम रोल में थे। विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ था।

### 14 को रिलीज होगी 'सबका बाप अंगूठा छाप'

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म सबका बाप अंगूठा छाप मकर संक्राति के अवसर पर 14 जनवरी को रिलीज होगी। निर्माता प्रदीप के शर्मा की आनेवाली फिल्म 'सबका बाप अंगूठा छाप' में दिनेश लाल यादव निरहुआ, अक्षरा सिंह और श्रुति राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर रिलीज होगी। इस फिल्म को पराग पाटिल ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को डिस्ट्रीब्यूटर रेणु विजय फिल्म्स इंटरटेनमेंट के निशांत उज्जवल रिलीज कर रहे हैं। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा. लि. और एसआरके म्यूजिक-रौशन सिंह प्रस्तुत फिल्म 'सबका बाप अंगूठा छाप' को लेकर रौशन सिंह ने बताया कि यह फिल्म उम्मीद से कहीं ज्यादा बेहतर बनी है।

## पठान का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान काफी समय से चर्चा में है। कुछ समय पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था। टीजर को फैंस ने खूब पसंद किया था। इसमें शाहरुख का एक्शन अवतार देखने को मिला था। वहीं, कुछ दिन बाद इस फिल्म का गाना बेशरम रंग रिलीज हुआ। जिसके बाद उसपर दीपिका पादुकोण की भगवा बिकिनी पर जमकर बवाल हुआ। अब शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म पठान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में शाहरुख का जोरदार एक्शन सीन देखने को मिला है। यशराज के ऑफिशियल पेज पर पठान का ट्रेलर रिलीज हुआ तो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ गईं। ट्रेलर शानदार है। इसमें शाहरुख खान को देख फैंस खुशी से झूमने लगे हैं। ट्रेलर में सिर्फ शाहरुख ही नहीं बल्कि दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम के अलावा डिंपल कपाड़िया भी नजर आ रही हैं। इस फिल्म के जरिए डिंपल ने काफी समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।

## गुरु रंधावा और शहनाज गिल का पहला म्यूजिक वीडियो 'मून राइज' रिलीज

**मुंबई।** गुरु रंधावा और शहनाज गिल का म्यूजिक वीडियो मून राइज मंगलवार को रिलीज हो गया है। गिफ्टी द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज प्रस्तुत म्यूजिक वीडियो मून राइज में नई ऑनस्क्रीन जोड़ी, गुरु रंधावा और शहनाज ने शानदार केमिस्ट्री है। इस गाने को खुद गुरु रंधावा ने लिखा और कंपोज किया हैं, जबकि म्यूजिक प्रोडक्शन संजय ने किया है। गुरु रंधावा ने कहा : मून राइज के ऑडियो वर्जन को मिली कमाल की प्रतिक्रिया के बाद मैं इस गाने के म्यूजिक वीडियो के रिलीज को लेकर बेहद खुश हूं। मुझे नहीं लगता कि इसके लिए शहनाज से बेहतर को-स्टार कोई हो सकता है क्योंकि वह एक फन लविंग पर्सन हैं जो पूरे मूड को अच्छा करती हैं। इतने सारे मजेदार और मनोरंजक पलों के साथ शूटिंग के दौरान हमने शानदार समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को म्यूजिक वीडियो देखने में उतना ही मजा आएगा जितना हमने शूटिंग को एंजॉय किया।

